फाल्गुन शुक्ल पक्ष द्वितीया
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 12 मार्च 2024
वर्ष 4, अंक 352, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

राष्ट्रपति की बेटी आसिफा बनेंगी पाकिस्तान की प्रथम महिला 16

अग्नि-5 मिसाइल का सफल परीक्षण

नई दिल्ली। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने सोमवार को देश में ही विकसित अग्नि-5 मिसाइल, मिशन दिव्यास्त्र का पहला सफल परीक्षण किया। इसके साथ ही भारत 'मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल' (एमआईआरवी) तकनीक पर आधारित मिसाइल विकसित करने वाले दुनिया के चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हो गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस उपलब्धि के लिए वैज्ञानिकों को बधाई दी है। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अग्नि-5 मिसाइल के पहले सफल परीक्षण के लिए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के वैज्ञानिकों पर गर्व है।

एमआईआरवी तकनीक क्या है?

एमआईआरवी तकनीक के तहत किसी मिसाइल में एक ही बार में कई परमाणु हथियार ले जाने की क्षमता होती है और इन हथियारों से अलग-अलग लक्ष्यों को निशाना बनाया जा सकता है। इसकी एक खासियत यह भी है कि इसे सड़क मार्ग से कहीं भी ले जाया जा सकता है। नए टेस्ट के साथ भारत मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल रीएंट्री व्हीकल (एमआईआरवी) क्षमता वाले देशों की खास सूची में आ गया है।

अग्नि-5 क्या है?

अग्नि-5 एक अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) है। इस मिसाइल की खासियत है कि यह वायुमंडल में दोबारा प्रवेश करने से पहले अंतरिक्ष में जाती है। अग्नि-5 मिसाइल बहुत उच्च स्तर की सटीकता के साथ 5,000 किलोमीटर तक लक्ष्य पर प्रहार करने में सक्षम है। इस तरह से अग्नि-5 की मारक क्षमता चीन के सबसे उत्तरी हिस्से के साथ-साथ यूरोप के कुछ क्षेत्रों सहित लगभग पूरे एशिया तक हो सकती है।

5,000 किलोमीटर तक लक्ष्य पर प्रहार करने में सक्षम है अग्नि-5 मिसाइल

24 घंटे में दें चुनावी बॉण्ड संबंधी जानकारी : शीर्ष कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- कोर्ट ने खारिज की एसबीआई की समयसीमा बढ़ाने की मांग
- निर्वाचन आयोग 15 मार्च तक जानकारी वेबसाइट पर डाले

सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को बड़ा झटका देते हुए चुनावी बॉण्ड संबंधी जानकारी का खुलासा करने के लिए समयसीमा बढ़ाने का अनुरोध करने वाली उसकी याचिका सोमवार को खारिज कर दी और उसे 12 मार्च को कामकाजी घंटे समाप्त होने तक निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉण्ड संबंधी विवरण उपलब्ध कराने का आदेश दिया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने निर्वाचन आयोग को भी एसबीआई द्वारा साझा की गई जानकारी 15 मार्च को शाम पांच बजे तक अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित करने का निर्देश दिया। इस पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी.आर. गवई, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल रहे।

पीठ ने एसबीआई को नोटिस दिया कि यदि बैंक उसके निर्देशों और समयसीमा का पालन करने में विफल रहता है तो शीर्ष अदालत अपने 15 फरवरी के फैसले की जानबूझकर अवज्ञा करने के लिए उसके खिलाफ कार्रवाई कर सकती है। पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने 15 फरवरी को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए केंद्र की चुनावी बॉण्ड योजना को रद कर दिया था और इसे असंवैधानिक करार देते हुए निर्वाचन आयोग को चंदा देने वालों, चंदे के रूप में दी गई राशि और चंदा प्राप्तकर्ताओं का 13 मार्च तक खुलासा करने का आदेश दिया था।

विपक्ष ने केंद्र सरकार को घेरा, कहा- कोर्ट के आदेश से असलियत से पर्दा हटेगा

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने चुनावी बॉन्ड्स को लेकर मोदी सरकार को घेरते हुए सोमवार को कहा कि उच्चतम न्यायालय के ताजा फैसले से भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के जरिए चुनावी बॉन्ड के रूप में मिले चंदे पर लीपा पोती करने की उसकी कोशिश पर पानी फिर गया है और भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार की असलियत जल्द ही जनता के सामने आ जाएगी। खरगे ने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड प्रकाशित करने के लिए एसबीआई द्वारा साढ़े चार महीनें माँगने के बाद साफ़ हो गया था कि मोदी सरकार अपने काले कारनामों पर पर्दा डालने की हर संभव कोशिश कर रही है। आज के माननीय सुप्रीम कोर्ट के फ़ैसले से देश को जल्द इलेक्टोरल बॉन्ड से भाजपा के चंदा देने वालों की लिस्ट पता चलेगी। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चुनावी बॉण्ड पर उच्चतम न्यायालय द्वारा एसबीआई की याचिका खारिज किए जाने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब कम से कम चुनावी बॉण्ड से जुड़े लोगों की सूची सामने आ जाएगी जिससे पता लग जाएगा कि चुनावी बॉण्ड किन-किन लोगों से सम्बन्धित है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि अब सवाल यह है कि वह सूची सार्वजनिक की जाएगी या नहीं। हम और आप जान पाएंगे या नहीं।

भोजशाला परिसर का होगा वैज्ञानिक सर्वेक्षण

इंदौर। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को धार जिले के विवादास्पद भोजशाला परिसर का छह सप्ताह के भीतर एक वैज्ञानिक सर्वेक्षण करने का सोमवार को निर्देश दिया। एएसआई के संरक्षित ऐतिहासिक भोजशाला परिसर को हिन्दू वाग्देवी (सरस्वती) का मंदिर मानते हैं, जबकि मुस्लिम समुदाय इसे कमाल मौला की मस्जिद बताता है। एएसआई के सात अप्रैल 2003 को की गई एक व्यवस्था के मुताबिक हिंदुओं को प्रत्येक मंगलवार भोजशाला में पूजा करने की अनुमति है, जबकि मुस्लिमों को हर शुक्रवार इस जगह नमाज अदा करने की इजाजत दी गई है।

एक नजर

पुलिस से मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया

दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले के सीमावर्ती इलाके में सोमवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक नक्सली को ढेर कर दिया गया। मुठभेड़ में कई नक्सलियों के घायल होने की संभावना जताई जा रही है।

कैंडी में कृत्रिम रंगों के इस्तेमाल पर रोक

बेंगलुरु। कर्नाटक सरकार ने सोमवार को राज्य में ''गोभी मंचूरियन'' और हवा मिठाई (कॉटन कैंडी) में कृत्रिम रंगों के इस्तेमाल पर रोक लगा दी। सार्वजनिक स्वास्थ्य, विशेषकर बच्चों पर कृत्रिम रंगों के प्रतिकूल प्रभाव को देखते हुए सरकार ने यह कदम उठाया है।

महुआ मोइत्रा की याचिका पर मई में सुनवाई

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि वह टीएमसी की नेता महुआ मोइत्रा की उस याचिका पर मई में सुनवाई करेगा जिसमें उन्होंने लोकसभा से अपने निष्कासन को चुनौती दी है। उनकी याचिका न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आई। मोइत्रा की ओर से पेश वकील ने कहा कि उनका इस मामले में लोकसभा महासचिव द्वारा दाखिल जवाबी हलफनामे पर प्रत्युत्तर दाखिल करने का इरादा नहीं है।

केंद्र सरकार ने सीएए-2019 लागू करने के लिए जारी की अधिसूचना

नागरिकता संशोधन अधिनियम लागू

31 दिसंबर 2014 तक भारत में आए गैर मुस्लिम शरणार्थियों को मिलेगी नागरिकता

नई दिल्ली, ब्यूरो

- अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश से आए शरणार्थी ही पा सकेंगे नागरिकता
- हिंदू, सिख, बौद्ध, पारसी, जैन और ईसाई समुदाय के प्रवासियों को मिलेगी सुविधा

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव की घोषणा से ठीक पहले केंद्र सरकार ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए)-2019 लागू करने का एलान किया है। 4 वर्ष 3 माह पूर्व इस अधिनियम को राष्ट्रपति ने मंजूरी दी थी। लेकिन देशव्यापी विरोध प्रदर्शन की वजह से इसे लागू नहीं किया गया था। अब 31 दिसंबर 2014 से पहले पाकिस्तान, बांग्लादेश एवं अफगानिस्तान से आए गैर मुस्लिमों को भारतीय नागरिकता देने का रास्ता साफ हो गया है।

गृह मंत्रालय के मुताबिक नागरिकता देने के लिए एक पोर्टल का सृजन किया गया है। उसमें आवेदन करने के बाद सरकार की एक एजेंसी आवेदन कर्ता के सारे दस्तावेजों का बारीकी से अध्ययन करने के बाद नागरिकता देने की प्रक्रिया को अंतिम रूप देगी। 6 धर्मों के व्यक्तियों को नागरिकता मिलेगी। जिसमें हिंदू, बौद्ध, सिख, जैन, पारसी एवं ईसाई शामिल है। भाजपा के चुनाव घोषणा पत्र में नागरिकता कानून में संशोधन करने का प्रस्ताव था। 2019 में सत्ता में आने के बाद भाजपा ने नागरिक संशोधन विधेयक तैयार किया और 10 एवं 11 दिसंबर को इसे लोकसभा एवं राज्यसभा से पारित करवा दिया था। अगले ही दिन राष्ट्रपति ने इसे मंजूरी दे दी थी।लेकिन दिल्ली सहित देश के कई हिस्सों में विरोध प्रदर्शन को देखते हुए सरकार ने इसे लागू नहीं किया था। अब तक इस कानून में छह बार संशोधन हो चुका है।

प्रदेश में पुलिस फोर्स की छुट्टियां रद

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने पुलिस विभाग की सभी छुट्टियां रद कर दी हैं। छुट्टी पर गए जवानों को तत्काल वापस बुलाने के निर्देश हैं। जिलों अथवा परिक्षेत्रों के पुलिस प्रमुखों के स्तर से भी सोमवार को जारी आदेश में कानून-व्यवस्था और त्योहारों का हवाला दिया गया है। सीएए को लेकर भी पुलिस शांति-व्यवस्था बनाए रखने में कोर-कसर नहीं छोड़ना चाहती।

भाजपा ने ऐतिहासिक वादा पूरा किया : भट्ट

हल्द्वानी। केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) की अधिसूचना जारी होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह का आभार जताया है। भट्ट ने कहा कि केंद्र सरकार जनता से किया हर वादा पूरा करती है। 11 मार्च को फिर एक और ऐतिहासिक वादा पूरा किया है।

मानवता को आह्लादित करने वाला निर्णय : योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम लागू करने का स्वागत करते हुए मनुष्यता को आह्लादित करने वाला निर्णय बताया है। उन्होंने एक्स पर निर्णय को ऐतिहासिक बताया है। योगी ने लिखा कि इससे पाकिस्तान, बांग्लादेश व अफगानिस्तान में मजहबी बर्बरता से पीड़ित अल्पसंख्यक समुदाय के सम्मानजनक जीवन का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

जब देश के नागरिक रोजी-रोटी के लिए बाहर जाने पर मजबूर हैं तो दूसरों के लिए नागरिकता क़ानून लाने से क्या होगा? सरकार ये बताए कि उनके 10 सालों के राज में लाखों नागरिक देश की नागरिकता छोड़कर क्यों चले गए? – **अखिलेश यादव**, सपा प्रमुख

केन्द्र सरकार द्वारा नागरिकता संशोधन कानून को ठीक चुनाव से पहले लागू करने के बजाय, इसको लेकर लोगों में जो संदेह, असमंजस व आशंकाएं हैं उन्हें पूरी तरह से दूर करने के बाद ही इसे लागू किया जाना ही बेहतर होता। – **मायावती**, बसपा सुप्रीमो

चुनाव से पहले सीएए लाना ध्रुवीकरण का प्रयास: कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने सीएए को लागू करने से जुड़े नियमों को अधिसूचित किए जाने के बाद आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव से पहले देश और खासकर पश्चिम बंगाल एवं असम में ध्रुवीकरण का प्रयास किया गया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि चुनावी बॉण्ड पर शीर्ष कोर्ट की फटकार के बाद सरकार ने 'हेडलाइन मैनेज करने' की कोशिश भी की है।

एचटी लाइन की चपेट में आई बस, 5 की मौत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गाजीपुर में बरातियों की बस हुई हादसे का शिकार, 10 गंभीर
- मुख्यमंत्री ने जताई संवेदना आर्थिक मदद देने की घोषणा

अमृत विचार : गाजीपुर में शादी समारोह में शामिल होने जा रही सवारियों से भरी एक प्राइवेट बस के अचानक हाइवोल्टेज बिजली के तार के संपर्क में आने से बड़ा हादसा हो गया। 11 हजार वोल्ट के विद्युत तार की चपेट में आई बस में धू-धू कर जल गई जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई जबकि 10 बुरी तरह झुलस गए। इसमें पांच की हालत नाजुक है। बस में उतरा करंट इतना तेज था कि लोग बचाव के लिए बाहर तक नहीं कूद पाए। बस में 38 यात्री सवार थे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लेते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये जबकि गंभीर रूप से घायलों को 50 हजार रुपये मुआवजे की घोषणा की है। घायलों के निशुल्क समुचित उपचार के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के निर्देश पर कैबिनेट मंत्री एके शर्मा और अनिल राजभर गाजीपुर पहुंचे। मऊ के रानीपुर क्षेत्र के खीरियां खाजा की रहने लड़की की शादी जनपद के मुहम्मदाबाद के महमूदपुर गांव में तय थी। सोमवार को शादी महाहर धाम के समीप भैरो मंदिर पर होनी थी। लड़की पक्ष के लोग मऊ से भैरो मंदिर पर आ रहे थे। दुल्हन को उतारने के बाद बस के अन्य रूट से जाते समय यह हादसा हुआ।

एक्सईएन सहित 3 निलंबित लाइनमैन को किया बर्खास्त

लखनऊ। उर्जा मंत्री एके शर्मा ने हादसे में कार्रवाई करते हुए पावर कारपोरेशन के एक अधिशासी अभियंता, एसडीओ और जेई को निलंबित कर दिया। साथ ही, लाइनमैन को बर्खास्त कर दिया। मौके पर पहुंचे मंत्री ने मृतकों के परिजनों और घायलों को ढांढस बंधाया और राहत दी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर मौके पर पहुंचे ऊर्जा मंत्री ने मंडलायुक्त, जिलाधिकारी व पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक को राहत कार्य तेज करने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता मनीष, एसडीओ संतोष चौधरी और जेई प्रदीप कुमार राय को लापरवाही पर निलंबन के साथ लाइनमैन नरेंद्र की सेवाएं समाप्त कर दी।

सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका

संदेशखालि : ईडी टीम पर हमले की जांच सीबीआई ही करेगी

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों की एक टीम पर पांच जनवरी को किए गए हमले की जांच सीबीआई को हस्तांतरित करने संबंधी कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। हालांकि, न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने उच्च न्यायालय के पांच मार्च के आदेश में राज्य सरकार और पुलिस के खिलाफ की गई कुछ टिप्पणी को रिकॉर्ड से हटाने का आदेश दिया।

पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू की इस दलील पर गौर किया कि यदि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को जांच हस्तांतरित करने के अंतिम आदेश को यथावत रखा जाता है, तो उन्हें टिप्पणी हटाए जाने से कोई आपत्ति नहीं है। सुनवाई के दौरान पीठ ने पश्चिम बंगाल पुलिस का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता जयदीप गुप्ता से कई सवाल किए। पीठ ने पूछा कि तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख को पांच जनवरी के हमले के बाद क्यों तुरंत गिरफ्तार नहीं किया गया और मामले की जांच में विलंब क्यों हुआ।

चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय में एक रिट याचिका दायर कर चुनाव आयोग के दो आयुक्तों की नियुक्ति दिसंबर 2023 में लागू नए कानूनी प्रावधानों के बजाय ''अनूप बरनवाल'' मामले में संविधान पीठ के निर्देशानुसार करने का निर्देश देने की गुहार लगाई गई है। कांग्रेस की जया ठाकुर की ओर से दायर याचिका में लोकसभा चुनावों के मद्देनजर दिसंबर 2023 में लागू नए कानून के प्रावधानों के अनुसार दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति नहीं करने का निर्देश केंद्र सरकार को देने की अपील की गई है।

दिल्ली से लौट रहे बरेली के कारोबारी की दुर्घटना में मौत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- बहू भी घायल, कार चला रहे बेटे को झपकी लगने से हुआ हादसा

अमृत विचार : हार्ट की सर्जरी कराकर बेटे-बहू के साथ दिल्ली से लौट रहे बरेली के बुजुर्ग कारोबारी की सड़क हादसे में मौत हो गई। बहू भी घायल हैं। घटना रविवार रात करीब 2.15 बजे मझोला थाना क्षेत्र में गुन्नौर दे माफी गांव के पास हाईवे के कट पर हुई। कारोबारी के बेटे को झपकी आने से कार अनियंत्रित होकर हाईवे से नीचे उतरकर पेड़ों से टकरा गई।

बरेली के थाना प्रेमनगर क्षेत्र के सी-38 गांधी नगर निवासी विनय अरोड़ा (67) पुत्र स्व. देवराज अरोड़ा अपने बड़े बेटे गौरव और बहू नेहा के साथ रविवार रात में दिल्ली से लौट रहे थे। कार को बेटा गौरव चला रहा था, जबकि बगल की सीट पर विनय बैठे थे। पीछे बहू नेहा व उसकी दो साल की बेटी थीं। मझोला प्रभारी थानाध्यक्ष विवेक शर्मा ने बताया कि जानकारी मिलते ही लाकड़ी चौकी इंचार्ज ओमकार सिंह मौके पर पहुंचे। परिजनों को फोन पर जानकारी देकर विनय को अस्पताल भेजा जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

राजग से 10 और सपा से तीन नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

एमएलसी चुनाव

- सभी का निर्विरोध निर्वाचन तय, 21 मार्च को होगी अधिकृत घोषणा
- सपा ने खेला पीडीए कार्ड, प्रदेश अध्यक्ष को नहीं मिली तरजीह

अमृत विचार : विधान परिषद की 13 सीटों के लिए सोमवार को राजग से 10 प्रत्याशियों ने विधान भवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में नामांकन किया। इसमें भाजपा के सात और सहयोगी दलों अपना दल (एस), रालोद और सुभासपा के एक-एक प्रत्याशी हैं। जबकि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पीडीए कार्ड खेलते हुए पूर्वमंत्री बलराम यादव (पिछड़ा), पूर्व मंत्री किरण पाल कश्यप (अति पिछड़ा) और शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली (अल्पसंख्यक) का नामांकन कराया। सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल को इस बार मौका नहीं मिल पाया। सोमवार सुबह 10 बजे भाजपा प्रत्याशी विजय बहादुर पाठक, डा. महेंद्र कुमार सिंह, अशोक कटारिया, मोहित बेनिवाल, संतोष सिंह, धर्मेंद्र सिंह व रामतीरथ सिंघल समेत सहयोगी अपना दल (एस) से आशीष पटेल, रालोद से योगेश चौधरी और सुभासपा के बिच्छेलाल राजभर भाजपा के प्रदेश मुख्यालय पहुंचे। यहां से 11 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी समेत दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर, रालोद प्रदेश अध्यक्ष रामआशीष राय आदि की उपस्थिति में सभी ने बारी-बारी से रिटर्निंग अफसर बृजभूषण दुबे के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। सोमवार को नामांकन का आखिरी दिन था। राजग 10 सीटें निर्विरोध जीतने की स्थिति में है।

अखिलेश ने ऐन मौके पर तय किए प्रत्याशी

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोमवार को सुबह से दोपहर तक विधायकों और पदाधिकारियों के साथ बैठक के बाद प्रत्याशियों के नाम तय किए। इसके बाद तीनों प्रत्याशी विधानभवन पहुंचे और समर्थकों के साथ नामांकन पत्र दाखिल गया।

तौकीर रजा के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

विधि संवाददाता, बरेली

- समन तामील न करने पर अदालत ने जताई कड़ी नाराजगी

अमृत विचार : शहर में 2010 में हुए दंगे के मुख्य अभियुक्त करार दिए गए आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के हाजिर न होने पर अदालत ने सोमवार को उसके खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी कर दिया। उसे समन न तामील करने पर भी कड़ी नाराजगी जताते हुए एसएसपी को इंस्पेक्टर प्रेमनगर के खिलाफ कार्रवाई का आदेश दिया। अब सीओ फर्स्ट को समन तामील कराने के साथ तौकीर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया गया है। अगली सुनवाई 13 मार्च को होगी। अदालत ने छह अन्य आरोपियों के खिलाफ भी गैरजमानती वारंट जारी किए हैं।

फास्ट ट्रैक कोर्ट के स्पेशल जज रवि कुमार दिवाकर ने पांच मार्च को केस की सुनवाई करते हुए तौकीर को मुख्य अभियुक्त करार देने के साथ उसे 11 मार्च को कोर्ट में हाजिर करने का आदेश दिया था। सोमवार को सुनवाई के दौरान अदालत ने तौकीर रजा के हाजिर न होने पर कड़ी नाराजगी जताई।

तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों का किया तबादला

लखनऊ। राज्य सरकार ने सोमवार को वाराणसी के पुलिस आयुक्त समेत भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के तीन वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला कर दिया। इस कड़ी में कमिश्नर वाराणसी मुथा अशोक जैन को अपर महानिदेशक (एडीजी) उप्र. पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ के पद पर स्थानांतरित किया गया है। उनके स्थान पर एडीजी एंटी टेरर स्क्वाड (एटीएस) मोहित अग्रवाल को तैनाती दी गई है। वहीं, पुलिस महानिरीक्षक (प्रोविजनिंग) पीएसी मुख्यालय, लखनऊ नीलाब्जा चौधरी को उसी पद पर एटीएस में स्थानांतरित किया गया है।

तैयारी फलों की गुणवत्ता सुधारने के साथ फ्रूट बैग तकनीक का उपयोग करेंगे बागवान

आम की सेहत सुधारकर यूपी से बढ़ाएंगे निर्यात

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- अमेरिका, जापान, दुबई व ओमान आदि से आई एक हजार टन निर्यात की मांग

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में आम की पैदावार तो अधिक है, लेकिन मौसम के विपरीत प्रभाव से गुणवत्ता खराब होती जा रही है। इस कारण दो साल से मांग के अनुसार देशों में आम का निर्यात प्रदेश नहीं कर पा रहा है। इस बार भी एक हजार टन आम के निर्यात की मांग लखनऊ के रहमान खेड़ा में मंडी परिषद के मैंगो पैक हाउस में आई है। इसकी पूर्ति करने के लिए मैंगो पैक हाउस पहले से फल पट्टी क्षेत्रों में गुणवत्ता सुधार पर काम करेगा और बागवानों को उद्यान विभाग, फल संरक्षण, कृषि रक्षा व कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के सहयोग से पैदावार, सुरक्षा और गुणवत्ता पर विशेष प्रशिक्षण देगा। साथ ही पैक हाउस बागों में फ्रूट कवर बैग तकनीक का उपयोग कराएगा। इसमें फलों को छोटी अवस्था पर बैग से कवर किया जाएगा। जो फलों को मक्खी, फंगस, कीटरोग आदि के प्रकोप से बचाएगा और खराब मौसम का असर नहीं पड़ेगा।

पैक हाउस देगा 2 रुपये में फ्रूट बैग : मैंगो पैक हाउस निर्यात के लिए बागवानों का चयन कर आम खरीदेगा। उन्हें पहले से 2 रुपये प्रति फ्रूट कवर बैग उपलब्ध कराएगा।

आज उन्नाव से होगी प्रशिक्षण की शुरुआत

पहले चरण में प्रशिक्षण के लिए लखनऊ के आसपास के जिले उन्नाव, बाराबंकी, सीतापुर, हरदोई, प्रतापगढ़ चयनित किए गए हैं। शुरुआत आज उन्नाव के हसनगंज से होगी। प्रशिक्षण में किन चीजों का इस्तेमाल कब और कैसे करना है व किन चीजों का इस्तेमाल नहीं करना है यह पूरी विधि बताई जाएगी। पैक हाउस तक सुरक्षित आम पहुंचाने की पैकिंग भी सिखाई जाएगी।

अमेरिका में पहली बार निर्यात की तैयारी

पिछले माह दुबई के गल्फ फूड एक्सपो में अमेरिका, जापान, ओमान व दुबई आदि देशों ने उत्तर प्रदेश से एक हजार टन मलिहाबादी दशहरी, लंगड़ा, चौसा आदि की मांग की है। निर्यात जून से शुरू होगा। अमेरिका में पहली बार आम वहां के मानकों पर पूरा कर भेजा जाएगा। जबकि पिछले वर्ष एक हजार टन में 50 टन आम ओमान, दुबई, रसिया व लंदन निर्यात हो पाया था। बेमौसम बारिश और आंधी से गुणवत्ता खराब हुई थी। जबकि उत्पादन अधिक हुआ था।

प्रदेश में निर्यात की दृष्टि से आम की गुणवत्ता बेहद खराब हो रही है। इस कारण देशों में मांग के अनुसार पूर्ति नहीं कर पा रहे हैं। इस बार पहले से संबंधित विभागों के सहयोग से गुणवत्ता सुधार पर काम करेंगे। किसानों को प्रशिक्षित करने के साथ बागों में फ्रूट बैग तकनीकी का उपयोग करेंगे।

– **अकरम बेग**, महाप्रबंधक, मैंगो पैक हाउस, लखनऊ

अमृत विचार
www.amritvichar.com

तुरैहा मछुआ समाज रामपुर

की ओर से

।। जय निषाद राज ।।

।। डॉ० अम्बेडकर अमर रहें ।।

कमल कुमार तुरैहा
जिलाध्यक्ष

अंगन लाल तुरैहा
पूर्व जिलाध्यक्ष

एड. राम सिंह तुरैहा
महामंत्री

मुरारी लाल तुरैहा
वरिष्ठ उपाध्यक्ष



पं० रामगोपाल तुरैहा
संरक्षक

धर्म सिंह तुरैहा
संगठन मंत्री

भूदेव सिंह तुरैहा
सचिव

एड. राजेश कुमार
विधिक सलाहकार

किशन लाल प्रधान जी
वरिष्ठ उपाध्यक्ष

गोविन्द राम पूर्व सभासद
जिला महासचिव

जबर सिंह
महामंत्री

सुभाष चन्द्र
पूर्व जिलाध्यक्ष

जिज्ञासा हॉस्पिटल

यूनिट-1 : बी-45, गांधी नगर, मुरादाबाद, फोन: 0591-2490044, 7536848000
यूनिट-2 : जिज्ञासा हॉस्पिटल, निकट मिगलानी सिनेमा, रामपुर रोड, मुरादाबाद

डॉ० सी० पी० सिंह
मैनेजिंग डायरेक्टर
(जिज्ञासा हॉस्पिटल मुरादाबाद)

डॉ० यशवीर सिंह
डायरेक्टर
(जिज्ञासा हॉस्पिटल मुरादाबाद)

महाराजा निषादराज जयंती (5 अप्रैल)
एवं डॉ0 बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जयंती (14 अप्रैल)

पुनीत कुमार
सचिव

अमृत विचार

दैनिक समाचार पत्र एक सम्पूर्ण अखबार के सफलता पूर्वक 4 वर्ष पूर्ण होने पर

हार्दिक शुभकामनाएं/बधाई

राम सरन तुरैहा
संचालन मंत्री

अरविन्द राज
मीडिया प्रभारी

मुरारी लाल तुरैहा
जिला उपाध्यक्ष

राजा राम
जिला संगठन मंत्री

बालकिशन
महामंत्री तह0 शाहबाद

सी0 पी0 सिंह
अध्यक्ष तह0 टाण्डा

बाल किशोर तुरैहा
अध्यक्ष तह0 बिलासपुर

अनिल कुमार
अध्यक्ष तह0 शाहबाद

रामकिशोर तुरैहा
अध्यक्ष तह0 मिलक

लक्ष्मन प्रसाद तुरैहा
महामंत्री मिलक

रमजान मुबारक

12 मार्च, इफ्तार
सुन्नी- 6 बजकर 25 मिनट
शिया-6 बजकर 33 मिनट

13 मार्च, सहरी
सुन्नी- 4 बजकर 55 मिनट
शिया- 4 बजकर 56 मिनट

नोट- क्षेत्रानुसार सहरी और इफ्तार के समय में परिवर्तन हो सकता है।

'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

शहर में आज

- भारतीय किसान यूनियन की पंचायत आंबेडकर पार्क में दोपहर 12:30 बजे।
- कृष्णा विहार स्थित मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ सुबह 6:15 बजे।

रमजान के चांद का हुआ दीदार, पहला रोजा आज

शहर के काजी सैयद खुशनूद मियां ने जामा मस्जिद में चांद देखकर किया ऐलान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : सोमवार शाम रमजान के चांद का दीदार हुआ तो लोगों ने एक-दूसरे को मुबारकबाद पेश की। साथ ही मस्जिदों में तरावीह शुरू हो गई। शहर के काजी सैयद खुशनूद मियां चांद देखकर रमजान के पहले रोजे का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि लोग इबादत करें और कुरान पढ़ें। रमजान की खुशियां मुबारक हों।

कहा कि माहे रमजान में कुरआन मजीद को पढ़ने 70 गुना सवाब मिलता है। तरावीह की नमाज में कुरआन सुना और सुनाया जाता है। किन्हीं कारणों से जो लोग कुरआन नहीं पढ़ सकते हैं। तरावीह के दौरान कुरआन पढ़ लेते हैं।

रमजान कभी 29 दिन का तो कभी 30 दिन का होता है। 30 दिन के रोजों के बाद ईद का त्योहार मनाया जाता है। रोजे को अरबी भाषा में सौम कहा जाता है, इसलिए इस मास को अरबी भाषा में माहे सियाम भी कहते हैं। फारसी में उपवास को रोजा कहते हैं।

भारत के मुस्लिम समुदाय पर फारसी जुबान का प्रभाव ज्यादा होने के कारण उपवास के लिए फारसी शब्द ही उपयोग किया जाता है। रमजान में की गई नेकियों का अल्लाह 70 गुना ज्यादा सवाब देता है। रमजान समाज के गरीब और जरूरतमंद बंदों के साथ हमदर्दी का महीना है। इस महीने में रोजादार को इफ्तार कराने वाले के गुनाह माफ हो जाते हैं।

मौलाना जमान बाकरी बताते हैं कि पैगम्बर मोहम्मद सहाब से आपके किसी सहाबी ने पूछा- अगर हमसे किसी के पास इतनी गुंजाइश न हो कि किसी रोजेदार का इफ्तार करा सके तो नबी ने फरमाया कि एक खजूर और पानी से ही इफ्तार करा दिया जाए।



जामा मस्जिद में चांद का दीदार करते सैयद खुशनूद मियां, मुकर्रम रजा इनायती एवं अन्य।

हर धर्म के गरीब की मदद को आगे बढ़ाएं हाथ

काजी-ए-शहर सैयद खुशनूद मियां ने कहा कि अल्लाह की राह में देने की बात आती है तो कंजूसी नहीं करनी चाहिए। अल्लाह की राह में खर्च करना अफजल है। गरीब चाहे वह अन्य धर्म के क्यों न हो, इस्लाम में उनकी मदद करने की शिक्षा दी गऊ है। दूसरों के काम आना भी एक इबादत है। रोजा हमें जब्ते नफ्स (खुद पर काबू रखने) की तरबियत देता है। हममें परहेजगारी पैदा करता है।

माहे रमजान अपने साथ बरकतें लेकर आता है। इसका पहला अशरा रहमत, दूसरा मगफरत और तीसरा अशरा दोजख से निजात का कहलता है। नबी-ए-करीम फरमाते हैं कि जब रमजान शुरू होता है तो जन्नत के दरवाजे खोल दिए जाते हैं और दोजख के दरवाजे बंद कर दिया जाता है। नमाज पढ़ने पर 70 गुना ज्यादा सवाब मिलता है। **- मौलाना मोहम्मद फैजान खां, इमाम जामा मस्जिद शहर**

रमजान में जकात, सदका, फित्रा, खैरात, गरीबों की मदद, दोस्त अहबाब में जो जरुरतमंद है, उनकी मदद करना जरूर समझा और माना जाता है। अपनी जरूरों का कम करना और दूसरों की जरूरी को पूरा करना अपने गुनाहों को कम और नेकियों को ज्यादा कर देता है। रमजान में गरीबों, मुस्तहीकों की ज्यादा से ज्यादा मदद करें अल्लाह की रहमत बरसेगी। **-मौलाना जमान बाकरी, पेश इमाम मस्जिद किला**

मस्जिदों में रौनक, लोगों ने अदा की तरावीह की नमाज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : माहे रमजान का चांद नजर आने के बाद जिले भर की मस्जिदों में रौनक रही। लोगों ने तरावीह की नमाज अदा की। शहर में अधिकतर मस्जिदों व घरों में लोगों ने तरावीह की नमाज पढ़ी। चांद रात को मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों के बाजारों में देर रात तक चहल-पहल रही। लोगों ने सहरी और इफ्तार के सामान की खरीदारी की। उलमा ने पूरा महीना इबादत में गुजारने, गुनाह से दूर रहने और जरूरतमंदों की भरपूर मदद करने की अपील की।

शहर की जामा मस्जिद के इमाम मौलाना अब्दुल वहाब उर्फ फैजान खां ने कहा कि अल्लाह रमजान में जन्नत के दरवाजे खोल देता है। जहन्नुम के सारे दरवाजे बंद कर दिए जाते हैं। इस माह में कुरआन नाजिल हुआ है। यह माह बड़ी रहमतों, बरकतों का है। इसमें की गई इबादत का सवाब अधिक होता है। इशा की नमाज के बाद लोगों ने तरावीह अदा करने के लिए मस्जिदों की ओर रुख किया। नमाज के बाद हाफिजों ने कुरआन करीम की तिलावत की। जामा मस्जिद कमेटी के सेक्रेटी मुर्करम रजा इनायती ने बताया कि शहर की जामा मस्जिद में एहतेशाम उल्लाह खां रोजाना सवा सिपारे की तिलावत करेंगे। शहर के मोहल्लों में बनी मस्जिदों में लोगों ने इबादत की। रमजान को लेकर बाजारों में दिनभर चहल-पहल रही।

रमजान का पहला अशरा रहमतों का

सैयद खुशनूद मियां ने बताया कि पैंगबर-ए- इस्लाम ने रमजान के 30 दिनों का तीन अशरे में बांट अहमियत बताई है। पहले 10 दिन का अशरा रहमतों का होता है। दूसरा अशरा गुनाहों से माफी और तीसरा जहन्नुम से निजात का हैं। कहा कि रोजा रखने का मतलब सिर्फ भूखा रहना नहीं होता है। हाथ-पैर आंख सभी का रोजा होता है। जो लोग किसी वजह से रोजा नहीं रख पाते। वे रोजेदारों का एहतराम करें।



हजरत हाफिज शाह जमालुल्लाह की दरगाह में तरावीह पढ़ते लोग। ● अमृत विचार

दरगाह में सुनाए गए कुरआन के 6 पारे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : हजरत हाफिज शाह जमालुल्लाह की दरगाह में मौलाना इमरान ने छह पारे सुनाए। सामां के फराइज हकीम नूरी और कारी फख्रे आलम ने अदा किए। पांच कब्र स्थित मस्जिद उमर में कारी सलीम अहमद ने दो पारे सुनाए और सामां के फराइज उबैदुल्लाह और रेहान साहब ने अदा किए। तरावीह सोमवार रात 8:30 बजे शुरू हुई।

शहर के मोहल्ला जमालनगर स्थित हाफिज शाह जमालुल्लाह की दरगार पर छह सिपारे सुनाए गए। हजरत की दरगाह में पांच दिन में कुरआन मजीद मुकम्मल किया जाता है। इस लिए ज्यादातर लोग तरावीह अदा करने के लिए इस दरगाह में पहुंचते हैं। इस दौरान हाफिज शाह जमालुल्लाह के सज्जादानशीं हजरत शाह फहद अहमद जमाली, शाहिद अली खां जमाली, राशिद अली खां जमाली, जफर खां जमाली, आमिर खां जमाली, अदनान अहमद खां जमाली, मोमिन मियां जमाली, अतहर जमाली समेत काफी तादाद में नमाजी मौजूद रहे।

शहर के मोहल्ला घेर तोगां स्थित शीशम वाली मस्जिद में डेढ़ सिपारा सुनाया गया। जबकि, मोहल्ला सराए गेट स्थित मुन्ने खां के आवास पर भी तरावीह हुईं।

आशा व संगिनियों को नहीं मिला मानदेय, प्रदर्शन

संवाददाता, टांडा

अमृत विचार: मानदेय नहीं मिलने से परेशान तहसील क्षेत्र की आशाओं व संगिनी ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उन्होंने विरोध प्रदर्शन कर मानदेय दिलाने की मांग की है।

क्षेत्र की आशा व संगिनी एकत्र होकर तहसील पहुंचीं। उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि उन्हें समय पर मानदेय नहीं मिल रहा है। जुलाई 2023 का मानदेय भी अभी तक नहीं मिल पाया है। राज्य सरकार द्वारा बढ़ा हुआ मानदेय भी अभी तक विभाग ने नहीं दिया है। उपजिलाधिकारी को बताया कि बहुत कम प्रोत्साहन राशि में रात दिन काम करने वाली आशा और संगिनियां मानदेय न मिलने से परेशान पर हैं।

इस संबंध में चिकित्सा अधीक्षक को अनेक बार मौखिक व लिखित रूप में बता चुकी हैं। चिकित्सा अधीक्षक पर उनके मानदेय को लेकर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। इस दौरान लीलावती, निशा, पूजा, पूनम, सीमा, अमीर जहां, आसमा, अफसरी, सलोचना, राजवती, नीतू, ममता, सुनीता, सरस्वती, आशा देवी, नीतू, शन्ति, शकुंतला, चंद्रवती, सुनीता, संतोष, निशा, शीतल, सावित्री, शाहजहां, रेशमा, शीला देवी, ममता, दीपा, भूरी, नजमा, प्रवेश देवी, रुकमन, राजबाला, नीरज, शैली, सुमन देवी, राजवाला, सोनू देवी, प्रियंका देवी, सुमन आदि मौजूद रहीं।

टांडा तहसील में प्रदर्शन करतीं आशाएं व सगिनियां। ● अमृत विचार

▸▸ तहसील में उप जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

एक नजर

पैदाइश पर नवाब जुल्फिकार अली खां को किया याद

रामपुर, अमृत विचार : अंतिम शासक नवाब रजा अली खां के पुत्र पांच बार सांसद रहे नवाब जुल्फिकार अली खां उर्फ मिक्की मियां को यौमे पैदाइश पर याद किया गया। मिक्की मियां पूर्व सांसद बेगम नूरबानो के पति और नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां के पिता थे। आज भी लोग उन्हें साफ छवि और सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल के तौर पर याद करते हैं। नवेद मियां के पीआरओ काशिफ खां ने बताया कि मिक्की मियां का जन्म 11 मार्च 1933 में हुआ था। एक सड़क दुर्घटना में 5 अप्रैल 1992 को उनकी मृत्यु हो गई थी। उनकी यौमे पैदाइश पर सोमवार को मकबरा जनाबे आलिया स्थित कब्र पर फतेहाख्वानी हुई व नूर महल में कुरानख्वानी की गई।

बालश्रम रोकथाम को चलाया अभियान

रामपुर, अमृत विचार : बालश्रम एवं बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक किया। थाना एएचटीयू व जनपदीय विशेष महिला सुरक्षा दल की संयुक्त टीम के थाना सिविल लाइन क्षेत्र के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर बालश्रम व बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नुक्कड़ सभा आयोजित कर आम जन-मानस को बालश्रम व बालभिक्षावृत्ति न कराने के लिए जागरूक किया गया। अभियान में विशेष सुरक्षा दल प्रभारी ज्योति सिंह, हेड कांस्टेबल योगेंद्रपाल सिंह, महिला कांस्टेबल पारूल चौधरी, पारुल चौहान मौजूद रहीं।

सीबीएसई 10वीं के 3566 छात्रों ने दी गणित परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : सीबीएसई 10वीं के मैथमिटक्स-स्टैंडर्ड एवं मैथमिटक्स-बेसिक विषय की परीक्षा सोमवार को 13 केंद्रों पर हुई। इसमें दोनों विषय के कुल 3584 विद्यार्थियों में से कुल 3566 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 18 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे। परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों की सीसी टीवी कैमरों से निगरानी होती रही। सभी केंद्रों के मुख्य गेट पर पुलिस पहरा भी रहा। केंद्रों पर आंतरिक सचल दल ने भी निरीक्षण किया।

10वीं के परीक्षार्थी केंद्रों पर निर्धारित समय सुबह 10 बजे पहुंच गए। जबकि केंद्रों पर परीक्षा 10 : 30 बजे शुरू हुई। मैथमिटक्स-स्टैंडर्ड विषय में 1869 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया था। इसमें 1866 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। केवल तीन परीक्षार्थी गैर-हाजिर रहे। मैथमिटक्स-बेसिक विषय में 1715 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया था। इसमें 1700 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जबकि इसमें 15 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दोनों विषय में 3584 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया था। दोनों विषय में 3566 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। दोनों विषय में 18 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। केंद्रों में परीक्षा से पूर्व परीक्षार्थियों का सघन निरीक्षण किया गया। सीबीएसई परीक्षा के सिटी कोआर्डिनेटर नीरज तिवारी ने बताया कि गणित की परीक्षा के बाद अब 10वीं के कम्प्यूटर विषय की परीक्षा ही शेष रह गई है। कम्प्यूटर और इन्फॉरमैटिक्स प्रैक्टिस विषय की परीक्षा 13 मार्च को होगी। जिन विद्यालयों में इस विषय के परीक्षार्थी हैं, वही परीक्षा देंगे।

टेलीफोन एक्सचेंज में महाशिवरात्रि के बारे में बतातीं बहन पार्वती। ● अमृत विचार

बहनों ने महाशिवरात्रि का बताया महत्व

संवाददाता, शाहबाद

अमृत विचार : नगर की एसडीएम कॉलोनी स्थित बीएसएनएल आवासीय कॉलोनी में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी पाठशाला के नेतृत्व में महाशिवरात्रि मनाई गई। जहां शिव बाबा का ध्वज फहराया गया और उसका महत्व बताया।

जनपद बरेली से आईं ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी पार्वती बहन ने प्रवचन किए। साधकों को महाशिवरात्रि का महत्व बताया। कहा कि कलयुग के अंत और सतयुग के आदि से पूर्व वर्तमान संगमयुग पर किए गए दिव्य, अलौकिक कर्मों का यादगार पर्व है। सृष्टि चक्र के अविनाशी ड्रामा के अनुसार, जब चारों ओर अधर्म, पापाचार, भ्रष्टाचार, अनाचार, कदाचार का तांडव नृत्य होने लगता है। कार्यक्रम का आयोजन बीएसएनएल के एसडीओ रवि कुमार ने कराया। इस दौरान बीके रश्मि, बीके अनुराग भाई, शाहबाद सेन्टर से प्रीती बहन, राकेश चौधरी, अमित राठौर आदि रहे।

बेटियों को हुनर मंद बनाने के लिए किया जागरूक

संवाददाता, स्वार

अमृत विचार: ब्लॉक सभागार में संस्था मेरठ सेवा समाज एवं सहयोगी संस्था मानस यूनीदास ने कार्यक्रम का आयोजन कराया। इसमें गांव से आई महिलाओं और किशोरियों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम की शुरूआत संस्था के निदेशक फादर जोमेन जोसेफ, परियोजना समन्वयक दीपक कुमार व भाजपा नेता अमृता रंधावा, डोली रंधावा, एडीओ बादाम सिंह ने की। फादर जोमेन जोसेफ ने महिलाओं व बेटियों को हुनर मंद बनाने को लेकर जागरूक किया।

किशोरियों ने सुंदर गीत प्रस्तुत किए। भूमि टू के सदस्यों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया। भाजपा नेत्री अमृता रंधावा खन्ना ने कहा कि बेटियों को शिक्षित करना व बेटियों को हुनर मंद बनना समाज की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम का संचालन नारी शक्ति शालिनी ने किया। इस दौरान ममता, दिनेश, महेश, संगीता सुषमा, सुनीता आदि मौजूद रहीं।

ब्लॉक में महिला को पौधा भेंट करतीं भाजपा नेत्री अमृता रंधावा खन्ना।

मनमानी रमजान में महंगाई से लोगों की जेब पर बढ़ा बोझ, घी, तेल सब कुछ महंगा, दुकानदार कर रहे मनमानी

मंडी से दोगुनी कीमत पर फुटकर विक्रेता बेच रहे सब्जी और फल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : रमजान के रोजे शुरु होते ही दुकानदारों ने फल और सब्जियों समेत कई अन्य चीजों के दाम बढ़ा दिए हैं। बाजार में फल, सब्जी, खाद्यान्न समेत घी, तेल सब कुछ महंगा हो गया है। नवीन मंडी से दोगुने से अधिक कीमतों पर फुटकर विक्रेता फल एवं सब्जी बेच रहे हैं। सोमवार को बाजार में लोगों ने माहे रमजान के मद्देनजर खूब खरीदारी की।

रमजान का मंगलवार को पहला रोजा होगा। यही कारण है कि हर चीज महंगी है। फल विक्रेता मोहम्मद असद का कहना है कि सेब के दाम बढ़े हैं, क्योंकि कश्मीर से माल बहुत कम आ रहा है। गर्मी बढ़ने के कारण फल खराब होने से मंडी में आवक कम है। लेकिन, केला, अंगूर, अनार, तरबूज, खजूर, संतरा महंगा है। सब्जियों में लौकी, भिंडी, कटहल, नीबू, हरी मिर्च, पालक दोगुनी और तीन गुनी कीमतों पर बेचा जा रहा है। मंडी में कीमतें कम हैं। मंडी में अच्छी प्याज 11 से 13 रुपये किलो है, जबकि, खुले बाजार में 20 से 25 रुपये किलो बेची जा रही है। 30 से 40 रुपये वाला अंगूर बाजार में 60 और 70 रुपये प्रतिकिलो बिक रहा है। 80 रुपये किलो वाला सेब 150 रुपये किलो बेच रहे हैं।

प्रशासन खुले बाजार में महंगाई पर अंकुश लगाने में सफल नहीं हो रहा है। फुटकर विक्रेताओं के जो मन में आ रहा है उसी भाव सामान बेच रहा है।

रोजे की इफ्तारी के लिए खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार

मंडी एसोसिएशन के महामंत्री की अपील

फल एवं सब्जी मंडी एसोसिएशन के महामंत्री मोहम्मद आमिर आढ़ती ने बाजार में खुदरा सब्जी फल विक्रेताओं से अपील की है। रमजान में लोगों की मजबूरी का फायदा नहीं उठाएं। रमजान में फलों और सब्जियों की मांग बढ़ जाती है इस लिए फल सब्जी को ज्यादा कीमत पर नहीं बेचें। आटे में नमक के बराबर लाभ लें, अल्लाह बरकत देगा। फल और सब्जी की दोगुनी और तीन गुनी कीमतें वसूलना अच्छा नहीं है। इससे गरीब और मध्यम वर्ग के लिए त्योहारों पर मुश्किलें हो जाएंगी।

खुले बाजार में फलों के भाव पर एक नजर

फल	भाव प्रति किलो
अंगूर	60 से 65 रुपये
सेब	110 से 150 रुपये
तरबूज	25 से 30रुपये
अनार	80 से 100 रुपये
खजूर ईरानी	80 से 100 रुपये
खजूर कीमिया	180 से 200 रुपये

बाजार में दामों पर नियंत्रण लगाने के लिए जरूरी है कि दुकानदार अपनी दुकानों पर रेट लिस्ट अवश्य लगाएं। दामों पर अंकुश लगाने के लिए टीमें लगाई जाएंगी। खुदरा बाजार में कीमतों को बढ़ने नहीं दिया जाएगा। मनमानी करने पर कार्रवाई की जाएगी। **- हेम सिंह,** एडीएम राजस्व एवं वित्त

नारी का शिक्षित होना जरूरी : इल्मा

संवाददाता, स्वार

अमृत विचार: जवाहर इंटर कॉलेज में वार्षिक कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रबंधक ने बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

नगर स्थित जवाहर इंटर कॉलेज में सोमवार को कार्यक्रम की शुरूआत नात-ए-पाक से हुई। इसमें शिक्षक फरजंद अली ने बच्चों को मेहनत और पढ़ाई करने पर जोर दिया।

छात्राओं ने बेटी पढ़ाओ और बेटी बचाओ, आसरा, इल्मा फातिमा, मीना ने कहा, अधिकारियों को ईमानदारी से अपना काम करना चाहिए। 11वीं की छात्रा इल्मा फातिमा ने कहा कि आधुनिक युग में नारी को शिक्षित होना जरूरी है जो देश को उन्नति के पथ पर ले जाएगी। अक्शा, अंजना, अलशिफा, जिया, संजना, उपासना, जैद अली, अजय ने डांस नाटक, नुक्कड़ सभाएं कीं। प्रबंधक तुफैल अहमद ने कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले बच्चों को सम्मानित किया। इस दौरान प्रधानाचार्य उदयवीर सिंह, नीलम, शबनम जहां, अदनान पाशा, गीता, आरजू, हैदर अली, शिवानी, राजेंद्र प्रसाद, राबिया, सुनीता, शहनाज आदि मौजूद रहे।

छात्रा को शील्ड देकर सम्मानित करतीं अतिथि व अन्य। ● अमृत विचार

▸▸ छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

▸▸ बेटी पढ़ाओ और बेटी बचाओ का दिया संदेश

अमृत विचार मुरादाबाद के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

THE RADIANCE SCHOOL

Classes Pre-Nursery to 9th

ADMISSION OPEN 2024 - 2025

TEACHING PHILOSOPHIES :

- Robotics, Coding and Aeromodelling Which nurtures your child's creative and technological talents
- Art Integrated Learning
- Field Visits and Educational Excursions
- Technology enabled Learning
- I-Care program to create an abuse-Free environment
- Transport Facility
- Pedagogy of Kala, Kreeda and Kitaab

Call For Registration
8630695900, 7088360008, 7088460008

5th milestone, Shahbad Road, Village Raipur, Rampur U.P. | www.theradianceschool.in

DIXIT GROUP OF COLLEGES
(Affiliated to MJPRU, Bareilly & UPBTE, AKTU Lucknow And Approved by PCI & BCI New Delhi)

Estd. 2019 Dixit College Of Pharmacy & Research
Estd. 2019 Dixit College Of Law
Estd. 2011 Dixit College Of Higher Education

Registration Open

13 YEARS OF EXCELLENCE
EMPOWERING EDUCATION SINCE 2011

COURSE OFFERED

B.A. | B.Com. | B.Com. (H) | B.Sc. | B.B.A.
M.A. | M.Com. | MSW | B.Ed (On Entrance Basis) | D.El.Ed (BTC) (On Registration Basis)
B.A. LL.B (On Entrance Basis) | LL.B | B.Pharm | D.Pharm (On Entrance Basis)

1st Private Institute with "NCC" In Rampur District

For Admission Contact :
+91-7351151333
+91-9759002176
+91-9536195362
+91-9719360492

Pt. Jageshwar Dayal Dixit
Founder

Pt. Vikas Dixit
Manager

Er. Vivek Dixit
M.D.

ADDRESS : 7 KM. RAMPUR-SHAHBAD ROAD, RAMPUR (U.P.)
Toll Free No. 1800-120-1802
Website : www.dixiteducations.org, www.dcpr.in Email : info@dixiteducations.org, info@dcpr.in Follows us

Euro Kids
Pre-School
ADMISSION OPEN
SESSION 2024-25

WE OFFER

- Well Planned Infrastructure
- 20+Fully Digital Class Rooms
- Library/Computer Lab
- Music/Dance/Meditation
- Wi-fi Enabled Campus
- Adequate Student-Teacher Ratio
- Kindergarten Activity Rooms
- Transportation Facility Available
- Big and Airy Class Rooms
- Auditorium
- Science Laboratories
- Sports Facilities
- Soft Skill Training
- Security System & CCTV Camera
- Rest Room for Medical Emergency

100% DIGITAL SCHOOL

eduvate
Innovate • Create • Educate



ANAND CONVENT SCHOOL
Inculcating ethics & values...
Play Group to VIIIth
+91-9720092555, +91-8006409779

Best Wishes on The 4th Foundation Day of Amrit Vichar

ADMISSION OPEN
FOR SESSION 2024-25

Green Fields International School

Nursery to 3rd CBSE Pattern
City Branch
Contact No.: 9639347734

Nursery to 10+2 CBSE Pattern
Main Branch
Contact No.: 9458602085

City Branch: Shaukat Ali Road, Near Axis Bank, Rampur
Main Branch: 6th Mile Stone, Chikna Milak, Rampur, Shahbad Road, Rampur- 244901

एक नजर

शाहबाद के युवक की दिल्ली में हादसे में मौत

शाहबाद, अमृत विचार : गांव मधुकर निवासी युवक की दिल्ली में हुए हादसे में मौत हो गई। युवक टेंट लगाता था। टेंट लगाते वक्त ही उसके साथ हादसा हो गया। सूचना पर रोते बिलखते परिजन दिल्ली के लिए रवाना हो गए। ढकिया चौकी क्षेत्र के गांव मधुकर निवासी रामस्वरूप का बेटा जितेंद्र (23) दिल्ली में मजदूरी करता था। परिजनों के अनुसार वह वहां टेंट कारोबारी के यहां काम करता था। रविवार रात को वह एक समारोह में टेंट लगाने गया था वहां ऊंचाई से गिरकर जख्मी हो गया। उसे दिल्ली में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सुबह परिजन दिल्ली रवाना हो गए।

वृद्धा की मौत के मामले में चालक पर खिलाफ रिपोर्ट

शाहबाद, अमृत विचार : नगर के मोहल्ला मंगोली निवासी अशोक कुमार के अनुसार चार मार्च की शाम करीब सात बजे उसकी मां मोहनिया अपने छोटे बेटे लक्ष्मण के घर से सड़क पार करके बड़े बेटे कांता के घर आ रही थीं। इस दौरान बिलारी की दिशा से आ रही कार ने उसकी मां को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। चिकित्सकों ने उन्हें प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने अशोक की तहरीर पर कार के अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

हादसों में किशोर समेत तीन लोग हुए घायल

शाहबाद, अमृत विचार : जनपद बरेली के आंवला निवासी विवेक कुमार सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। वहीं, पटवाई थाना क्षेत्र के गांव बुढ़पुर निवासी आकाश भी सड़क हादसे का शिकार हो गए। मोहल्ला फर्राशान निवासी रहमान के 12 वर्षीय बेटे को खेल खेल में बच्चों ने ईंट मार दी। जिससे वह जख्मी हो गया। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने तीनों का प्राथमिक उपचार किया। विवेक और आकाश की हालत नाजुक होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

टीम ने बंदर पकड़े

मिलक, अमृत विचार : नगर में उत्पात मचा रहे बंदरों को पकड़ने के लिए टीम ने अभियान चलाया। पालिका अध्यक्ष दीक्षा गंगवार ने बताया कि उनके पालिका क्षेत्र में काफी उत्पाती बंदर हैं जिनसे लोग परेशान हैं। उन्होंने बंदर पकड़ने वाली टीम को नियुक्त कर दिया है।

डेढ़ लाख लोगों को आठ घंटे नहीं मिली बिजली

सुबह 10 से शाम छह बजे तक हुई लाइनों की मरम्मत, पांच बिजलीघरों को दिया शटडाउन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : शहर की डेढ़ लाख की आबादी ने सोमवार को आठ घंटे तक का बिजली संकट झेला। बिजली नहीं आने से लोगों के घरों के इन्वर्टर भी जवाब दे गए। कार्यों को पूरा करने के लिए जनरेटरों की व्यवस्था कराई। शाम छह बजे के बाद आपूर्ति सुचारू की गई।

शहर में इन दिनों जर्जर लाइनों, बिजली के खंभों को बदलने का कार्य किया जा रहा है। इसमें 98 करोड़ रुपये की लागत आ रही है और यह कार्य मार्च के अंतिम दिनों तक कराया जाएगा। इस चलते सोमवार को 132 पनवड़िया बिजलीघर से पांच बिजलीघरों से सप्लाई का शटडाउन दिलाया गया। कार्य सुबह 10 बजे से शाम छह बजे तक हुआ। आठ घंटे तक बिजली नहीं आने डेढ़ लाख लोग परेशान हुए। घरों में लगी पानी की टंकियां भी खाली हो गईं। लोगों ने पड़ोसियों के यहां से पानी भरकर कार्य निपटाए। विद्युत निगम के अधिकारी आपूर्ति जल्द ही सुचारू कराने का आश्वासन देते रहे। लेकिन कार्य पूरा होने के बाद बाधित आपूर्ति को छह बजे सुचारू कराया गया।

फुटपाथ पर पड़े बिजली के तार। ● अमृत विचार

इधर, रजा बिजलीघर भी काफी जर्जर हो चुका है, बरसात में लिंटर से फीडरों के पैनल पर बारिश के बूंदें टपकती हैं। जिससे पैनलों में खराबी आ जाती है। इस कारण बिजली कई-कई घंटो तक के लिए गुल हो जाती है। बिजलीघर के जिम्मेदारों ने कुछ दिन पहले ही लिंटर की मरम्मत कराई है। इसमें सिर्फ रंगाई-पुताई का कार्य कराए जाने के लिए बिजलीघर के सारे फीडरों को बंद कराया गया। यहां से बिजलीघर हजरतपुर, नालापार, जेल रोड, सैती, बेरियान, तोपखाना वाल्मीकि बस्ती क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप रही। इसके अलावा पहाड़ी गेट बिजलीघर की 33केवीए की लाइन को सही कराए जाने के लिए आपूर्ति बाधित रही। बिजली नहीं आने पर उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

> कार्यदायी शहर में पुराने केबल, खंभों को बदलवा रही है। कार्य पूरा होने के बाद शहरवासियों को आपूर्ति और बेहतर मिल सकेगी।
> – **इमरान खां**, एक्सईएन प्रथम, नवाबगेट डिवीजन

इन क्षेत्र में नहीं मिली बिजली आपूर्ति

सिविल लाइंस, जिला पंचायत रोड, रेलवे स्टेशन, मालगोदाम, बीपी कालोनी, रामनाथ कालोनी,आवास विकास कालोनी, नूरमहल, बरेली गेट, शाहबाद गेट, मोहल्ला मैगजीन, मोहल्ला खटकान, ईदगाह गेट, माला रोड, बढ़इयों वाली मस्जिद, थाना कुंडा, हाथीखाना, बाजार नसरुल्लाह खां, पीर की पैंठ, तालाब मुल्ला एरम, चाह खजान खां, पक्का बाग, पुराना गंज, घेर तोगां, बिलासपुर गेट, बमनपुरी स्टेडियम, शुतरखाना, ठोठर, लाल कबर, मोहल्ला कलकत्ता, नालापार क्षेत्र में आपूर्ति ठप रही।

नोडल अधिकारी ने देखी व्यवस्थाएं

रामपुर, अमृत विचार : फरवरी में विद्युत निगम की ओर से चलाए गए अनुरक्षण सप्ताह की हकीकत जानने को यूपीपीसीएल की ओर से प्रत्येक जनपद में नोडल अधिकारी को नामित किया गया है। इसके तहत नोडल अधिकारी ने शहर के चार बिजलीघरों का निरीक्षण किया। विद्युत निगम के जनसंपर्क अभियान में मीटर रीडरों द्वारा समय से उपभोक्ताओं को बिल पहुंचाना। उनका उपभोक्ताओं के प्रति रवैया कैसा है। इन सभी बिंदुओं की जांच होने से विद्युत निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों में खलबली मची रही। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड के तहत अनुरक्षण सप्ताह के नोडल अधिकारी अजय कुमार सिन्हा सोमवार को यहां पहुंचे। नोडल अधिकारी पनवड़िया, पहाड़ी गेट, नवाबगेट और डूंगरपुर बिजलीघर पहुंचे। जहां उन्होंने संविदा कर्मी, एसएसओ, लाइनमैन, पेट्रोलमैन से तकनीकी ज्ञान की जानकारी ली।

गैर इरादतन हत्या में दो भाइयों को हुई 10-10 वर्ष की सजा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : ग्रामीण की गैर इरादतन हत्या करने के मामले में एडीजे द्वितीय की कोर्ट ने दो सगे भाइयों को 10 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक पर 11-11 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

मिलक थाना क्षेत्र के गांव खाता नगरिया निवासी आकिब के अनुसार, 18 जून 2020 को उसके पिता जाकिर अपने घर के सामने पेड़ के नीचे बैठे थे। तभी वहां भूरा और उसका भाई महफूज आ गए। पेड़ के नीचे बैठने को लेकर जाकिर से कहासुनी करने लगे। विरोध करने पर भूरा और महफूज ने जाकिर को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया था। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई थी।

मृतक के बेटे की तहरीर के आधार पर दोनों के खिलाफ मामला दर्ज हो किया था। इस मामले में पुलिस ने चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। इस मामले की सुनवाई एडीजे द्वितीय की कोर्ट में हुई।

कोर्ट ने साक्ष्यों व बयानों के आधार पर सोमवार को दोनों भाइयों को 10-10 वर्ष की सजा सुनाई है। एडीजीसी प्रमोद सागर ने बताया कि दोनों पर 11-11 हजार का जुर्माना भी लगाया है।

डूंगरपुर के एक मामले में दोनों पक्षों की बहस पूरी

रामपुर,अमृत विचार : डूंगरपुर के एक मामले में सोमवार को एमपी-एमएलए सेशन कार्ट में दो पक्षों की बहस पूरी हो गई है। अब इस मामले में 21 मार्च को फैसला आ सकता है। डूंगरपुर के पास बने मकानों को गिरवाकर सपा शासनकाल में आसरा आवास बनवाए गए थे। भाजपा सरकार आने पर मकानों पर बुलडोजर चलवाने के मामले में सपा नेता आजम खां सहित काफी लोगों पर मुकदमे दर्ज हुए थे। इनकी सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में हुई। दोनों पक्षों की बहस पूरी हो गई है।

सीएए लागू होने पर जिले में पुलिस तैनात

रामपुर, अमृत विचार : नागरिकता संशोधन अधिनियम लागू होने पर जिले में अलर्ट जारी कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने शहर भर में फोर्स के साथ पैदल गश्त की। थाना प्रभारी भी अपने-अपने क्षेत्र में गश्त करते रहे।

सोमवार शाम नागरिकता संशोधन अधिनियम की अधिसूचना जारी की गई। अधिवक्ता हेमंत कुमार जोशी ने बताया कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को आसान भाषा में समझें तो इस कानून के तहत भारत के तीन मुस्लिम पड़ोसी देश पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से आए गैर मुस्लिम प्रवासी को भारत की नागरिकता देने के नियम को आसान बनाया गया है। बताया कि भारतीय नागरिक संहिता 1955 आज का कानून नहीं है। इसमें अब तक लगभग छह बार संशोधन हो चुके हैं। केंद्र सरकार ने 2019 में इसमें संशोधन किया है।

सुरक्षा को लेकर पैदल मार्च निकालते सीआरपीएफ के जवान।

पुलिस और सीआरपीएफ जवानों ने लोगों को दिया सुरक्षा का भरोसा

संवाददाता, मसवासी

अमृत विचार : देश में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के नियम लागू होने व त्योहारों को लेकर थाना प्रभारी संदीप त्यागी ने पुलिस बल और सीआरपीएफ जवानों के साथ पैदल मार्च निकाला।

अधिकारियों ने लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। सुरक्षा का भरोसा दिया। त्योहारों को शांति पूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क है।

सोमवार को थाना प्रभारी ने पुलिस बल व सीआरपीएफ जवानों के साथ नगर सहित नरपतनगर, बिजारखाता, मसवासी सहित ग्रामीण क्षेत्रों में पैदल मार्च निकाला। कहा कि शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान मसवासी चौकी प्रभारी रोहित कुमार भी शामिल रहे।

रुपये हड़पने में युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

केमरी, अमृत विचार : पुलिस ने एक व्यक्ति पर जालसाजी और आपराधिक धमकी देने के मामले में रिपोर्ट दर्ज की है। मोहल्ला माजुल्लानगर निवासी सिराज अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 30 दिसंबर 2022 को इस्तकार खान निवासी गांव चठिया जगन्नाथ थाना भोजीपुरा जिला बरेली से एक गाड़ी 520000 रुपये में खरीदी थी। जिस वक्त गाड़ी खरीदी थी, गाड़ी एक्सीडेंट थी और फाइनेंस पर थी। इसमें दोनों पक्षों में यह तय हुआ था कि फाइनेंस कंपनी से क्लेम की जो रकम इस्तकार के खाते में आएगी, वह सिराज अहमद की होगी। अगस्त 2023 में इस्तकार के खाते में फाइनेंस के 58000 रुपये आए। पीड़ित ने अपनी रकम मांगी तो उसने गाली गलौज और जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष सत्येंद्र यादव ने बताया कि मामला पंजीकृत कर लिया है।

बलिदान की भावना जागृत करता है रेंजर्स

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मदर टेरेसा रेंजर्स शिविर की शुरूआत हुई। पांच दिवसीय इस शिविर में होने वाली गतिविधियों की जानकारी दी गई। प्राचार्य डॉ. अतुल शर्मा कहा कि यह शिविर उनके कॅरियर के लिए महत्वपूर्ण हैं।

रेंजर्स प्रशिक्षिका नरवंत कौर, जिला संगठन कमिश्नर गाइड ने कहा कि देश की सेवा का जज्बा रेंजर्स में होना चाहिए। व्यक्तित्व निर्माण के लिए नियम, त्याग एवं सेवा की भावना को अपने जीवन में स्थान दें। प्राचार्य ने कहा प्रशिक्षणार्थी शिविर में सीखे गए हुनर और ज्ञान का सदुपयोग समाज सेवा के लिए कर देश व समाज की उन्नति में भागीदार बन सकते हैं। रेंजर्स छात्राओं में त्याग एवं बलिदान की भावना को जागृत करता है। शिविर का आयोजन एवं संचालन महाविद्यालय की रेंजर्स प्रभारी डॉ. मनोरमा चौहान व सदस्य डॉ. अंकिता, डॉ. सुनीता, डॉ. प्रीति लता, डॉ. मोहम्मद कासिम, डॉ. प्रतिभा यादव, डॉ. प्रीतिबाला शर्मा, डॉ. गोविन्द शरण गुप्ता, डॉ. योगेश चन्द्र ने किया।

कॉलेज सभागार में मौजूद प्राध्यापक एवं छात्राएं। ● अमृत विचार

प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षक द्वारा ध्वजारोहण प्रक्रिया, प्रार्थना, झंडा गीत, नियम, प्रतिज्ञा, टोली विधि तथा यूनिफॉर्म के विषय के साथ-साथ रेंजर्स को गतिविधियों की जानकारी दी। इस दौरान डॉ. अनीता देवी, डॉ. आलोक गुप्ता, डॉ. रजिया परवीन, डॉ. निशात बानो, डॉ. सबीहा परवीन, डॉ. अनीता रानी कन्नौजिया, डॉ. नरेंद्र सिंह, डॉ.शत्रुजीत सिंह, डॉ. नागेन्द्र पाल, डॉ.कुणाल दीक्षित, डॉ. टिकेन्द्र सिंह, डॉ. यामिनी सिंह व डॉ. जया कुमारी आदि मौजूद रहीं।

कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते पातालेश्वर शिवालय सेवा ट्रस्ट भमरौआ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

मंदिर की भूमि को लेकर किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : भमरौआ महादेव मंदिर को ऐतिहासिक राष्ट्रीय पर्यटन स्थल विकसित कराने के उद्देश्य से पातालेश्वर शिवालय सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। भमरौआ मंदिर में 40 बीघा भूमि शामिल कराने की मांग उठाई। इस दौरान ट्रस्ट के सदस्यों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन भी किया।

भमरौआ मंदिर कमेटी के प्रमुख सेवादार संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि पौराणिक काल महाभारत के समय से भमरौआ महादेव मंदिर का इतिहास रहा है। भमरौआ महादेव मंदिर से संबंधित 40 बीघा भूमि मंदिर में शामिल की जानी चाहिए। मंदिर भूमि से अवैध अतिक्रमण ध्वस्त न होने से शिव भक्तों में आक्रोश है। इस दौरान सेवादार संजय गुप्ता, संजय पाल, सत्य प्रकाश, चमन अरोरा, कपिल पाल, सरदार मंजीत सिंह सिंपल, हरिओम सैनी, विष्णु हरी गुप्ता, गेदन लाल सैनी, भजन लाल प्रजापति, विजय अग्रवाल आदि रहे।

सिलईबड़ा प्रकरण को लेकर भीम आर्मी का धरना

रामपुर, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में दलितों पर हो रहे अत्याचार को लेकर भीम आर्मी के पदाधिकारियों ने धरना दिया। धरने को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राजेश खन्ना ने कहा कि पिछड़े अल्पसंख्यक और लोगों पर लगातार अत्याचार हो रहे हैं।

तहसील मिलक के गांव सिलईबड़ा में प्रकरण को लेकर तीन दिन से अनिश्चितकालीन धरना दिया जा रहा है। जिसमें उनकी मांग है कि मृतक सुमेश के परिजनों को एक करोड़ रुपये और घायलों का पचास लाख रुपये का मुआवजा दिलाया जाए। धरनास्थल पर पहुंचे सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में भीम प्रिय गौतम, सुरेश कुमार, सुरेंद्र कुमार, प्रमोद कुमार, जसवंत सिंह, संजू, छोटेलाल, राम बहादुर, शांति सरन, जसराज सिंह सागर शामिल रहे।

शिक्षकों ने किया विरोध प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह के नेतृत्व में शिक्षक बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सौंपा। इससे पहले डिजिटाइजेशन के विरोध में प्रदर्शन किया।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि पूर्व में भी प्रेरणा एप के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थिति का आदेश जारी किया गया था, तब तत्कालीन बेसिक शिक्षा मंत्री के साथ बैठक कर दीक्षा एप की कमियों को उजागर किया गया था। अब बिना सिम डाटा आदि संसाधन उपलब्ध कराए बिना डिजिटल उपस्थित के आदेश दिए जा रहे हैं। प्रदेश जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ बिना संसाधन उपलब्ध कराए डिजिटाइजेशन का विरोध करता है। मांग है कि सभी विद्यालयों को लैपटॉप सिम डाटा आदि संसाधन उपलब्ध कराए जाएं। पुरानी पेंशन बहाल की जाए। डिजिटाइजेशन का आदेश वापस नहीं लिया जाता है।

बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करते शिक्षक। ● अमृत विचार

ज्ञापन देने वालों में जिला महामंत्री अंजुम स्नेही सक्सेना, दिगपाल सिंह गंगवार, होरीलाल राजपूत, चिंतामणि गंगवार, जयप्रकाश सिंह,अरविंद कुमार गंगवार,जगदीश पटेल, उमेश चंद्र, तरुण कुमार, रविंद्र कुमार, विनोद कुमार, रामदेव,उजमा, फारूक,प्रीति कुमारी,जयप्रकाश सिंह, ऐबरन कुमार, बृजेश कुमार, गौतम वीर सिंह, सुनील कुमार, रवि कुमार, नफासत अली, रीता कुमारी,मुस्तफा अली, इफ्तेखार अली, गजेंद्र पाल सिंह, जितेंद्र कुमार, कमलेश,संजय वीर, प्रवेश कुमार, याकूब अली रहे।

शिक्षकों ने प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा पत्र

रामपुर, अमृत विचार : एससी एसटी बेसिक टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से सोमवार को जिलाधिकारी के नहीं मिलने पर समस्याओं से संबंधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। जिसमे जिलाध्यक्ष जिला अध्यक्ष राम बहादुर गौतम ने बताया कि पदोन्नति में आरक्षण का शासनादेश अविलम्ब जारी किया जाए, बैकलॉग पूरा किया जाए।अनुदेशको का मानदेय बढ़ाया जाए। उन्हें स्थायी किया जाए। पुरानी पेंशन बहाल की जाए और आरक्षण पूरा किया जाए। ज्ञापन देने वालों में सुनील कुमार, मुकेश कुमार, चमन सिंह गौतम, डॉ राजेश कुमार,अशोक बाबू ,अशोक कुमार, प्रेमचंद,संरक्षक वीर सिंह, कोषाध्यक्ष रमेश पाल सिंह, जिला ऑडिटर जंग बहादुर, संगठन मंत्री दिनेश कुमार सागर,जबर सिंह, आसाराम सागर,मुकेश आदि रहे।

कारोबार | दो दुकानों में सिमट गया मशहूर रामपुरी चाकू का कारोबार, 5000 कारीगर से घटकर रह गए सिर्फ 12, कारीगरों ने अपनाए दूसरे काम-धंधे

अपराध में प्रयोग हुआ रामपुरी चाकू तो कानून से धार हुई धार कुंद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : 100 साल पहले स्थापित रामपुरी चाकू उद्योग यहां के नवाब की देन बताया जाता है। लेकिन चाकू की धार में तेजी 60-70 दशक की फिल्मों से आई। अभिनेता राजकुमार का डायलॉग, यह संवाद जानी, यह रामपुरी है, बच्चों के खेलने की चीज नहीं खूब चर्चित हुआ था।

हिंदी फीचर फिल्म वक्त के इस संवाद से रामपुरी चाकू की पहचान शहर की सीमा पार कर गई। इसकी शोहरत ने चाकू को अपराधियों के हाथों में पहुंचा दिया। हथियार का सहारा लेकर जब अपराध बढ़ा तो कानून से इसकी धार कुंद हो गई। एक दौर में चाकू का कारोबार में लगभग 5000 कारीगर मौजूद थे। आज यह कारोबार करीब 12 कारीगर और दो दुकान में सिमट गया है। हालांकि प्रशासन ने चाकू चौराहा की स्थापना कर उद्योग को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया है। चाकू क् कारोबारी शहजाद आलम बताते हैं कि नवाब हामिद अली खां के आदेश पर उस्ताद बेचा ने 100 साल पहले रामपुरी चाकू बनाया था। 60 और 70 के दशक की फिल्मों में खलनायक के हाथों में दिखने वाले चाकू को शोहरत मिली। इसके बाद गलत आदमी इसका इस्तेमाल कर जुर्म करने लगे। इसके चलते शासन ने 4.5 इंच ब्लेड की लंबाई से अधिक लंबे चाकू बनाने पर प्रतिबंध लगा दिया। तभी से चाकू उद्योग में गिरावट आनी शुरू हो गई। इसके कारखाने नाला बाग, पुराना गंज, घेर बेचा खां, कटरा, रोडवेज, स्टेशन समेत अन्य मोहल्लों में हुआ करते थे। चाकू के बाजार में 100 दुकानें थीं। लेकिन अब घटकर कुल दो दुकानें रह गई हैं। दुदर्शा को देखते हुए कारीगर अगली पीढ़ी को इसका हुनर देना नहीं चाहते।

चाकू की दुकान। ● अमृत विचार

कारीगरों ने दिल्ली-मुंबई में जाकर दूसरे धंधे अपना लिए। आज उद्योग अपने वजूद को कायम रखने के लिए जद्दोजहद कर रहा है। हालांकि रामपुर में जिलाधिकारी रहते आन्जनेय कुमार सिंह ने चाकू उद्योग को बढ़ावा देने के लिए प्रयास किए थे।

विगत वर्ष मंडलायुक्त व जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड ने चाकू को गौरव वापस दिलाने का प्रयास किया है। इसके लिए नैनीताल रोड पर 20 फीट का चाकू बनाकर चौराहे को चाकू चौराहा का नाम दिया है।

किररीदार और बटनदार चाकू हैं दूर-दूर तक प्रसिद्ध

चाकू किररीदार और बटनदार दो मॉडल में मशहूर हैं। किररीदार चाकू बनाने वाले कारीगर खत्म हो गए हैं। बटन से खुलने वाले फोल्डिंग चाकू की कीमत 300 से 5000 हजार रुपये तक है। चाकू मूठ, फलक और बटन तीन हिस्सों में होता है। चाकू ब्लेड की लंबाई 9 से 12 इंच तक होती है। चाकू बटन दाबने पर झटके से खुलता है।



> रामपुरी चाकू को सबसे पहले बनवाने का श्रेय रामपुर नवाब को है। शासन के प्रतिबंध लगाने के बाद से उद्योग चौपट होता गया। पहले देश भर में चाकू की आपूर्ति होती थी। तब 5000 कारीगर चाकू बनाते थे। लेकिन आज कारीगर ढूंढ़े नहीं मिलते। कारीगरों को अपना धंधा बदलने पर मजबूर कर दिया। 15 साल से इस उद्योग में ज्यादा गिरावट आई है। – **कर्नल खुशनूद मियां, मोहल्ला शाहबाद गेट**

> दादा के जमाने से 90 साल पुरानी दुकान है। चाकू बनाने में पीतल, लोहा, स्टील धातु का इस्तेमाल होता है। अब कानूनन छह इंच से कम के चाकू रखने की इजाजत है। इसे पूरे प्रदेश में बेचने का लाइसेंस मिलना चाहिए। जबसे चाकू चौराहा का मंडलायुक्त ने उद्घाटन किया, तबसे चाकू उद्योग को कुछ राहत मिली है।
> –**शाहवेज मियां, दुकानदार, मोहल्ला नसरुल्ला खां**

> रामपुर नवाब ने उस्ताद बेचा को चाकू बनाने का आदेश दिया था। फिल्मों ने रामपुरी चाकू को प्रसिद्धि दिलाई। फिल्मों से मुत्तासिर होकर गलत लोगों ने इसका इस्तेमाल शुरू कर दिया। जुर्म बढ़े तो शासन ने 90 दशक के बाद चाकू बेचने में कुछ नियम रख दिए। इससे बिक्री में बहुत फर्क आया।
> –**शहजाद आलम, दुकानदार, मोहल्ला नसरुल्ला खां**

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोपी युवक गिरफ्तार

संवाददाता, मसवासी

अमृत विचार : शादी का झांसा देकर बीते पांच वर्षों से युवती की अस्मत से खिलवाड़ करने वाले आरोपी युवक, उसकी मां व एक साथी के खिलाफ संबंधित मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर चालान किया है।

उपनगर क्षेत्र निवासी युवती ने पुलिस अधीक्षक को दी तहरीर में बताया की उसका चौकी क्षेत्र के गांव जमना जमनी चौहद्दा निवासी लखवीर सिंह के साथ पांच वर्षों से प्रेम संबंध है। लखवीर सिंह पांच वर्षों से लगातार उसको शादी का झांसा देकर शारिरिक संबंध बनाता रहा। शादी का आश्वासन देता रहा। इस बीच युवती कई बार गर्भवती हुई तो उसने युवक से शादी करने के लिए कहा। लखवीर सिंह ने कुछ समय बाद शादी करने के लिए कहा और दवा खिलाकर उसका गर्भपात करा दिया। जनवरी 2024 में भी लखवीर सिंह ने उसकी इच्छा के विरुद्ध उसके साथ दुष्कर्म किया। जब युवती ने शादी की जिद की तो परिवार वाले नहीं मान रहे कह कर टाल दिया। सात फरवरी को युवती उसके घर शादी करने की बात करने गई तो उसके घर में उसकी मां मंजू पत्नी रंजीत सिंह व उसका दोस्त परमीत निवासी चौहद्दा ने युवती के साथ अभद्र व्यवहार किया। जान से मारने की धमकी देकर घर से भगा दिया।

पीड़ित युवती ने पुलिस अधीक्षक से मदद की गुहार लगाई। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर महिला थाने में आरोपी युवक लखवीर सिंह, मां मंजू व दोस्त परमीत के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

एक नजर

नगर में सफाई व्यवस्था रखें दुरुस्त : वसीम

शाहबाद, अमृत विचार : आगामी त्योहारों को लेकर चेयरमैन के प्रतिनधि व सपा नेता वसीम खां ने नगर के सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। कई जगह सफाई न होने पर उनके तेवर तल्ख हो गए। उन्होंने सफाईकर्मियों को तलब कर लिया और नगर में सफाई को लेकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि मंगलवार को रमजान के रोजे शुरू हो गए हैं। आगामी दिनों में होली का त्योहार भी है। इसलिए स्वच्छ व स्वस्थ नगर पंचायत की दिशा में काम करने की व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए। कर्मचारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करते हुए कहा कि नगर में सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखें। अगर कहीं गंदगी दिखाई दी तो संबंधित सफाई नायक व कर्मचारी कार्रवाई को तैयार रहें।

दो पासपोर्ट मामले में सुनवाई टली

रामपुर, अमृत विचार : सपा नेता आजम खां के बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्ला के दो पासपोर्ट मामले में सोमवार को कोर्ट में गवाह नहीं आने के कारण सुनवाई टल गई। अब इस मामले में 15 मार्च को सुनवाई होगी। भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने 30 जुलाई वर्ष 2019 को सिविल लाइंस कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें भाजपा विधायक ने अब्दुल्ला पर अलग-अलग जन्मतिथि से दो पासपोर्ट बनवाने का आरोप लगाया था। आरोप है कि एक पासपोर्ट में जन्मतिथि एक जनवरी 1993 है, जबकि दूसरे पासपोर्ट में जन्मतिथि 30 सितंबर 1990 दर्ज है। पुलिस ने जांच के बाद अब्दुल्ला के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिए थे। इसकी सुनवाई एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट (मजिस्ट्रेट ट्रायल) में हो रही है। बचाव पक्ष की ओर से गवाही चल रही है। सोमवार को गवाह नहीं आने के कारण सुनवाई टल गई। जबकि एक गवाह को डिस्चार्ज कर दिया गया।

जिले के सभी ब्लॉकों में सुना प्रधानमंत्री का संबोधन

रामपुर, अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नारी विकसित भारत कार्यक्रम के अंतर्गत, विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभी विकास खंडों में ब्लॉक प्रमुख और अन्य पदाधिकारी ने प्रधानमंत्री का लाइव संबोधन सुना। नमो ड्रोन दीदी अभियान के तहत एक हजार आधुनिक ड्रोन महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों को सौंपने का अवसर मिला है। देश में 1 करोड़ से ज्यादा बहनें पिछले दिनों अलग अलग योजनाओं और प्रयासों के कारण लखपति दीदी बन चुकी हैं।

रेवती नदी को पुनर्जीवित करने के प्रयास तेज

तीन ग्राम पंचायत क्षेत्र में नदी के किनारे हुए कब्जा हटवाए गए, सौंदर्यीकरण हुआ शुरू

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : चमरौआ ब्लॉक क्षेत्र में बहने वाली रेवती नदी के दोनों किनारों पर लोगों ने कब्जा कर लिए। विलुप्त नदी को भूगर्भ वैज्ञानिकों ने कुछ समय पहले ही खोजा है। अब इस नदी को पुनर्जीवित करने की कवायद तेज हुई है। तीन ग्राम पंचायतों में नदी की भूमि से कब्जा हटाकर सौंदर्यीकरण किया जा रहा है।

रेवती नदी की महत्ता को देखते हुए शासन ने इसके जीर्णोद्धार का उद्घाटन इस जनवरी में किया था। छह ग्राम पंचायतों में बहने वाली नदी के रकबे को तीन ग्राम पंचायत से खाली करा लिया गया है। अभी भी तीन ग्राम पंचायतों में कब्जा हटना बाकी है। इसके लिए प्रशासन सख्त रवैया अपनाए हुए है। विकासखंड चमरौआ में मनरेगा के तहत रेवती नदी का जीर्णोद्धार हो रहा है। नदी की लंबाई लगभग 12.6 किमी है। लेकिन लोगों ने नदी के दोनों किनारों पर अतिक्रमण कर लिया। कुछ लोगों ने नदी को पाटकर निर्माण तो कुछ ने नदी के किनारे को अपने खेत में मिला लिया।

रेवती नदी के किनारे निर्माण का निरीक्षण करते एई जितेंद्र कुमार सैनी।

नदी में गांव का कचरा डालकर प्रदूषित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इससे नदी का वास्तविक स्वरूप बिगड़ गया था। नदी को पुनर्जीवित करने में कब्जाधारक भी बाधक बन रहे थे। इसके चलते प्रशासन ने सख्त रवैया अपनाते हुए कब्जाधारकों को समय अवधि की चेतावनी देते हुए कब्जा हटाने का निर्देश दिया। इस क्रम में प्रशासन ने ब्लॉक चमरौआ की तीन ग्राम पंचायत पंजाब नगर, चिकना व लदौड़ा से नदी को कब्जामुक्त करा लिया गया है। यह देखकर किसानों के चेहरे खिल गए हैं। ग्रामीणों के अनुसार, अब नदी उनके खेत, पशु-पक्षी और घरेलू उपयोग के लिए संजीवनी का काम करेगी। रेवती नदी पर अभी भी तीन ग्राम पंचायत में लोगों का कब्जा कायम है। इसमें बकैनिया, नईमगंज और बढ़पुरा शर्की ग्राम पंचायत शामिल है। प्रशासन इनसे भी किनारों को कब्जा मुक्त करा रहा है। मनरेगा के तहत जीर्णोद्धार के लिए नदी में दो-तीन मीटर गहरी खुदाई की जा रही है। नदी के आसपास क्षेत्र को लुभावना व आकर्षक बनाने के लिए किनारों पर पौधरोपण भी किया गया है। नगर विधायक आकाश सक्सेना ने 14 जनवरी, वर्ष 2024 में नदी के जीर्णोद्धार योजना का उद्घाटन किया था। ब्लॉक चमरौआ का भू-गर्भ जल स्तर वर्ष 2022 में डार्क जोन से बाहर आया है।

1940 तक बहती थी नदी

रेवती नदी जिले रामपुर में वर्ष 1940 तक बहती थी। लेकिन जल-भूमि दोहन के कारण विलुप्त हो गई। कुछ समय पूर्व आर्ट ऑफ लिविंग आश्रम के भू-गर्भ वैज्ञानिकों ने इसको खोजा। रेवती नदी चमरौआ ब्लॉक के ग्राम पंजाबनगर से कोसी नदी से निकलकर करीब साढ़े बारह किमी बहने के बाद ग्राम बहपुरा में फिर से कोसी नदी में मिल जाती है। अब शासन-प्रशासन इसे जीवनदान देने के लिए कमर कसकर जुट गया है।

> नहर में सिंचाई के लिए पानी छोड़ा जाता है। जबकि नदी में पानी स्वाभाविक रूप से आता है। यह बरसात में नदी का रूप धारण कर लेती है। इसके दोनों साइड पर ग्रामीणों ने कब्जा कर लिया था। जिलाधिकारी के आदेश पर एसडीएम सदर मोनिका सिंह ने तीन ग्राम पंचायत में नदी के किनारे को कब्जाधारकों से खाली करा लिया है। शेष तीन ग्राम पंचायत से भी शीघ्र ही कब्जा हटवा दिया जाएगा।
>
> – **जितेंद्र कुमार सैनी**, सहायक अभियंता लघु सिंचाई विभाग

निपुण विद्यालय के विद्यार्थी सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : बीआरसी शंकरपुर में सोमवार को बेसिक शिक्षा की ओर से प्री प्राइमरी शिक्षा के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय आज हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम हुआ। इसमें आगनबांड़ी केंद्रों पर पंजीकृत छात्र-छात्राओं और निपुण विद्यालयों के बच्चों, अभिभावकों, अध्यापकों को बीईओ राजेंद्र सिंह बोरा सम्मानित किया।

खजुरिया के प्राथमिक विद्यालय, हरियाल, भंडपुरा, कोयला, वाजिदपुर, कोयला प्रथम, मोहनपुर, सनैया जट, पाठुरखेड़ा, नवादा, इंद्रा, लालपुर पट्टी खुर्द, नारायणपुर, रतनपुरा, नया गांव के अभिभावकों को सम्मानित किया गया। मझरा रायपुर, मझरा पट्टी कल्याणपुर, नसरत नगर, मझरा मंढोली, बजीर नगर, रामनगर, मझरा गौहरपुर, मिलक निब्बी सिंह, मिश्री नगर, तराना द्वितीय,

छात्र-छात्राओं के साथ मौजूद खंड शिक्षाधिकारी राजेंद्र सिंह बोरा और शिक्षक।

▸▸ आज हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का हुआ आयोजन

कंपोजिट तराना, अफजलपुर पट्टी, मोमिनपुर, बांस नगली, इन्छि की मड़ैया के निपुण कक्षाओं के एक-एक छात्र-छात्राओं और उनके कक्षाध्यापकों, अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया।

मडैया कली, मिलक तहव्वुर अली, किसरोल, अहमद नगर तराना, नौगवां, मडैया उदयराज, दलपुरा, मिश्री नगर, ककरौआ, पत्थर खेड़ा, कोयला, चिकटी राम नगर, रसूलपुर, हाजी नगर के आंगनबाड़ी के एक-एक छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया। इस मौके पर पूजा सक्सेना, रोहन सिंह, मनोज कुमार, विनोद सिंह, सौरभ शर्मा, एकता गुप्ता, विश्वास देओल व अजुम स्नेही सक्सेना मौजूद रहे।

जिले में भू-गर्भ जल स्तर बढ़ाने को दो चेक डैम तैयार

संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : लघु सिंचाई विभाग के तहत दो चेक डैम बनकर तैयार हो गए हैं। दो किमी के आसपास में बसे सैकड़ों किसानों को इसका लाभ मिलेगा। साथ ही जल स्तर बढ़ने से उनके मवेशियों को पानी गर्मियों में भी मिलता रहेगा।

आमतौर पर गर्मी में नदी-नाले, पोखर-तालाब सूख जाते हैं। जमीन में पानी का स्तर काफी नीचे चला जाता है। सिंचाई में दिक्कत आती है। गांव में पानी का मुख्य स्रोत हैंडपंप होता है। पशु-पक्षी पेयजल के लिए परेशान रहते हैं। इस हालात से निपटने के लिए लघु सिंचाई विभाग के अंतर्गत चेक डैम का निर्माण कराया जा रहा है। विभाग जिले में अब तक 23 लघु बांध का निर्माण कर चुका है। इसी क्रम में अब ब्लॉक बिलासपुर एवं स्वार में एक-एक लघु बांध बनकर तैयार हो गया है। दो किमी क्षेत्रफल में बसे सैकड़ों किसानों के खेतों को सिंचाई के लिए दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। इसके अतिरिक्त गर्मी में पशु-पक्षियों को पीने के लिए जल सहजता से उपलब्ध होगा। इससे भूगर्भ जल का स्तर बढ़ेगा। सहायक अभियंता लघु सिंचाई विभाग जितेंद्र कुमार सैनी ने बताया कि शासन ने लघु सिंचाई विभाग के तहत सार्वजनिक जल संचयन संरचनाओं का जीर्णोद्धार एवं छोटी-छोटी नदी, नाला एवं पहाड़ी क्षेत्रों के जल संग्रहण क्षेत्रों में चेक डैम निर्माण के क्रियान्वयन पर कार्य योजना बनाई है। विभाग ने इस वर्ष ब्लॉक बिलासुपर व स्वार में दो बांध बनवाए हैं। जबकि पहले 23 चेक डैम बना चुका है। इसका निर्माण बरसाती नदी-नाले का पानी रोककर किया जाता है।

हवन में आहुतियां देते लोग। ● अमृत विचार

शिव मंदिर में प्रतिमा स्थापित होने पर हुआ यज्ञ, आहुति दी

संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : शिव मंदिर में प्रतिमा स्थापित होने पर सोमवार को वार्षिक प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया गया। किला कैंप शिव मंदिर परिसर व धर्मशाला में भंडारा हुआ। जन कल्याण के लिए सामूहिक शिव पूजा पाठ किया गया।

पंडित प्रेम शंकर शर्मा ने जगत कल्याण के लिए यज्ञ अनुष्ठान किया। भजन कीर्तन करते हुए यज्ञ में आहुतियां दीं। पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा ने सभी किला कैंप निवासियों को साथ लेकर प्रार्थना की और आरती की। इसके बाद प्रसाद ग्रहण किया। पंडित ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने से धन, लाभ, धर्म व यश प्रतिष्ठा की प्राप्ति होती है।

गोफा इलेवन ने स्ट्राइकर क्लब को दी शिकस्त

रामपुर, अमृत विचार: ज्वाला क्लब के मैदान पर चल रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को पहला सेमीफाइनल गोफा इलेवन और स्ट्राइकर क्लब मुरादाबाद के बीच खेला गया।

गोफा इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। गोफा इलेवन ने 147 रन बनाए। हेमराज ने 47 रन और सुमित ने 24 रनों का योगदान दिया। स्ट्राइकर क्लब के गेंदबाज पंकज और सोनू ने दो-दो विकेट लिए। 148 रन के लक्ष्य का पीछे करते हुए स्ट्राइकर क्लब मुरादाबाद की पूरी टीम 115 रन पर ढेर हो गई। गोफा इलेवन ने 32 रनों से जीत दर्ज की। स्ट्राइकर क्लब के बल्लेबाज विक्की ने 28 रन और अभय ने 23 रन का योगदान दिया। गोफा इलेवन के गेंदबाज केपी ने पांच विकेट और आसिफ ने एक विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच केपी रहे।

विकास में महिलाओं का सहयोग जरूरी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : राहे मुर्तजा स्थित एक होटल में सोमवार को एलएनएस (लायंस) क्लब ऑफ रामपुर ग्रेटर का इंस्टॉलेशन एवं इंडक्शन कार्यक्रम हुआ। इसमें डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रश्चिम गुप्ता ने कहा कि क्लब की मेंबरशिप ग्रोथ होनी चाहिए। लीडरशिप के लिए नए सदस्यों को आगे बढ़ाना चाहिए। डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट ट्रेजर लीना तोमर ने कहा कि महिलाओं को भी सामाजिक विकास एवं कार्य के लिए समय निकालना चाहिए। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही।

विशिष्ट अतिथि गुंजन सक्सेना ने कहा कि सरकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचनी चाहिए। कार्यक्रम में वीरांगना मांगलिक एवं मधु गुप्ता ने स्वागत गान गाया। सचिव रेनू सक्सेना ने क्लब के सेवा कार्य एवं त्योहारों पर आयोजित कार्यक्रमों की रिपोर्ट सदन के समक्ष प्रस्तुत की। महिला सशक्तीकरण पर अपने क्लब की सदस्य गीता अग्रवाल को सदस्य स्थायी लोक अदालत मनोनीत होने पर, गुंजन सक्सेना को सामाजिक एवं राजनीतिकक्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

लायंस क्लब के कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

▸▸ एलएनएस (लायंस) क्लब ऑफ रामपुर ग्रेटर का इंस्टॉलेशन एवं इंडक्शन कार्यक्रम हुआ

इस दौरान डॉ. विनीता सिंह व कल्पना चतुर्वेदी ने लघु नाटिका प्रस्तुत की।बबीता गुप्ता ने भजन गाया गया। इस दौरान क्लब की अध्यक्ष आशा भांडा, सुषमा अग्रवाल, गीता अग्रवाल, यश बाला, संजू जैन, रजनी सिंघल, मधु नंदा, रमा अग्रवाल, साधना गुप्ता आदि मौजूद रहीं।

तैयारी रमजान, होली को ध्यान में रखते हुए तीन टीमों का किया गठन

सफाई व पथ प्रकाश के लिए तैयार किया खाका

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : रमजान, होली को ध्यान में रखते हुए पालिका प्रशासन सक्रिय हो गया है। इसके लिए प्रशासन की ओर से खाका तैयार कर तीन टीमों का गठन किया गया है। इसमें खाद्य एवं सफाई निरीक्षक समेत 43 वार्डों के सुपरवाइजर शामिल हैं। अस्थायी, स्थायी और ठेका सफाई कर्मियों को तैनात किया गया है। अधिशासी अधिकारी दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते में सफाई का विशेष ध्यान रखें। मस्जिदों व मंदिरों के पास चूना डलवाया जाए।

नगर पालिका अध्यक्ष सना खानम ने रमजान, होली को लेकर अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक की। इसमें पालिकाध्यक्ष कहा कि ओवरहेड टैंक के लिए स्थापित जनरेटरों को सही कराया जाए। इन्हें चलवाने के लिए डीजल मंगवाया जाए। ताकि रोजेदारों को शुद्ध पानी मिल सके। कहा कि शहर मस्जिदों तक पहुंचने वाले मार्गों पर स्ट्रीट लाइटें लगवाई जाएं। जहां सड़कों में गड्ढे है ,उन्हें तुंरत ठीक कराया जाए। शहर की सभी मस्जिदों के आसपास लाइटें ठीक कराई जाएं, सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए। कहा कि रमजान में रात 3 बजे से सुबह 6 बजे तक, शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक पेयजल आपूर्ति चालू कराई जाए। बैठक में खाद्य एवं सफाई निरीक्षक डॉ. अविनाश कुमार, द्वारिका प्रसाद और देवेंद्र गौतम को हिदायत दी कि शहर के जिन नालों की साफ सफाई नहीं हुई, उनकी जेसीबी की सहायता से सफाई कराई जाए। कहा कि इसमें किसी भी प्रकार कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पालिकाध्यक्ष , ईओ ने सभी कर्मचारियों को निर्देश दिया कि रमजान, होली को ध्यान में रखते रोस्टर के अनुसार कराए गए कार्यों की रिपोर्ट कार्यालय में देनी होगी। कहा कि खाद्य एवं सफाई निरीक्षक, सुपरवाइजर और सफाई कर्मियों को वार्ड की जिम्मेदारी सौंपी है इसमें प्रतिदिन दो शिफ्टों में कार्य कराया जाए। कहा कि शहर का जायजा लेने के लिए पालिकाध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी निकलेंगे। इसीलिए जिसकी भी डयूटी जहां लगाई जाए वह उसे बखूबी निभाए।

कर्मचारियों के साथ बैठक में मौजूद पालिकाध्यक्ष सना खानम।

छात्रावास ने सनवे की टीम को हराकर जीती प्रतियोगिता

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

अमृत विचार : शहीद-ए-आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम में सोमवार को जनपदीय सीनियर पुरूष वर्ग की हॉकी प्रतियोगिता हुई। इसमें आठ टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच हॉकी छात्रावास और सनवे ए टीम के बीच हुआ। छात्रावास की टीम ने सनवे ए टीम को 3-1 गोल से हराकर प्रतियोगिता जीत ली।

शहीद-ए-आजम स्टेडियम में सोमवार को जनपदीय सीनियर पुरूष वर्ग की हॉकी प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता की शुरूआत अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी आरएस रावत और पूर्व कमाडेंट आई ए खान ने की। पहला हॉकी मैच बाकर इंटर कालेज और चैपियन क्लब के बीच गया। बाकर इंटर कालेज 1-0 से विजयी रहा। दूसरा हॉकी मैच सनवे बी और हॉकी छात्रावास के मध्य खेला गया।जिसमे हॉकी छात्रावास ने सनवे बी टीम को 4-1 से हराया। तीसरा मैच अरबन स्कूल और फिजीकल कालेज के बीच खेला गया। जिसमे अरबन स्कूल की टीम ने 2-1 से विजयी रही। चौथा मैच सनवे ए टीम और चित्रा क्लब के बीच खेला गया। सनवे ए की टीम ने चित्रा क्लब को 1-0 से हराया। पहला सेमीफाइनल मैच सनवे ए और अरबन स्कूल के बीच खेला गया। सनवे ए ने अरबन स्कूल को 2-1 से हराया।प्रतियोगिता का दूसरा मैच सेमी फाइनल राजकीय बाकर इंटर कॉलेज और हॉकी छात्रावास के बीच खेला गया। जिसमें हॉकी छात्रावास ने 2-0 से राजकीय बाकर इंटर कॉलेज को हराया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच हॉकी छात्रावास और सनवे ए टीम के बीच हुआ।

सार-संक्षेप

रमजान में पालिका की ओर से रहेगी उचित व्यवस्था

टांडा, अमृत विचार : नगर में रमजान माह और होली के मद्देनजर पालिकाध्यक्ष साहिबा सरफराज ने नगर में सफाई, पेयजल आपूर्ति और पथ प्रकाश की उचित व्यवस्था कराने के निर्देश कर्मियों को दिए हैं। पालिका अध्यक्ष के पति हाजी सरफराज आलम ने भी कर्मियों को हिदायत दी। कहा कि रमजान और होली के मद्देनजर वे स्वयं नियमित रूप से नगर का भ्रमण करेंगे। नगर वासियों को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो, सभी कर्मी इस बात का ध्यान रखें। नगर में साफ सफाई, पेयजल आपूर्ति और पथ प्रकाश व्यवस्था का उचित प्रबंध करें। भ्रमण के दौरान कोई लापरवाही सामने आती है तो संबंधित के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

छात्र-छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

रामपुर, अमृत विचार : सैदनगर ब्लॉक क्षेत्र के घाटमपुर स्थित कंपोजिट स्कूल के छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली गांव हजरतपुर में स्थित कंपोजिट विद्यालय घाटमपुर से शुरू हुई। बाबे-इल्म चौक, रजा इंटर कॉलेज, बापू मॉल, तोपखाना रोड से होती हुई रामपुर गार्डन व प्रानपुर रोड होती हुई विद्यालय में संपन्न हुई। रैली के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया। इस दौरान मुजाहिद खान, चिरंजीव गुड्डू, नसरीन बी, संगीता यादव, अमरपाल यादव, शाजिया बी, शहनाज फातिमा आदि शामिल रहे।

बैठक मेंमौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

शपथ ग्रहण समारोह पर चर्चा

रामपुर, अमृत विचार : राष्ट्रीय जागरूक हिंदू महासंघ की बैठक सोमवार को प्रदेश उपाध्यक्ष कंचन सक्सेना के आवास पर हुई। इसमें महासंघ के पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण समारोह पर चर्चा हुई। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष ममता सोनी, जिला महासंघ की अध्यक्ष कमल चावला, संगीता अग्रवाल, जिला महामंत्री वीरांगना मांगलिक, नगर अध्यक्ष दीपा गुप्ता, सुशीला सिंह, लता गुप्ता, सुजाता शर्मा, खुशी वर्मा, पूजा जैन, अंशुल कुमार, राजेश कुमार, सुधीर सक्सेना व अन्नु कपूर आदि मौजूद थे।

व्यापारी का दुघर्टना बीमा 25 लाख कराएं : बनवारी

रामपुर, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में व्यापारियों को दुर्घटना बीमा और पेंशन का उपहार देने वाली भारतीय जनता पार्टी को भारी बहुमत से विजयी बनाएं। भारतवर्ष के सात करोड़ खुदरा व्यापारी, उनके कर्मचारी और उनके परिजनों को मिला कुल 70 करोड़ लोगों का जीवन बर्बाद करने का काम कुछ लोग कर रहे हैं। इससे देश की अर्थव्यवस्था पर आने वाले समय में घातक प्रभाव पड़ेगा। केवल कुछ घरानों को खुश करने के लिए 70 करोड़ लोगों के जीवन को बर्बाद नहीं किया जा सकता। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल बैठक रोशन बाग स्थित कार्यालय पर हुई। इसमें प्रांतीय अध्यक्ष बनवार लाल कंछल का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि व्यापारी करदाता और कामदाता है। व्यापारी का दुघर्टना बीमा 25 लाख रुपये का किया जाए। उतर प्रदेश के व्यापार को बचाने के लिए मंडी शुल्क की दर एक प्रतिशत की जाए। इस मौके पर महामंत्री कपिल आर्य, जिलाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, युवा जिलाध्यक्ष विपुल गुप्ता, राजीव आर्य, सुनील कौशिक, मनोज रस्तोगी नवीन भाटिया मौजूद रहे।

किसानों ने एसपी को किया सम्मानित

रामपुर, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन भानू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी, राष्ट्रीय कानूनी सलाहकार श्यामलाल एडवोकेट के नेतृत्व में पदाधिकारी पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी को सम्मानित किया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि जब से नए पुलिस अधीक्षक आए हैं, कानून व्यवस्था पहले से बेहतर है। चौक-चौराहों पर पुलिस मुस्तैद रहती है। पुलिस अधीक्षक ने भारतीय किसान यूनियन भानू के पदाधिकारी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर रईस अहमद, मुराद खान,शफीक अहमद, आरिफ अली, महबूब अली, मोहम्मद शफीक, फरहत खान, सैयद जमाल, आरिफ मियां, शाहनवाज खान, शराफत खान, गुड्डू नेता आदि शामिल रहे।

आईबीए के समझौते से बैंककर्मियों में खुशी

रामपुर, अमृत विचार : इंडियन बैंक एसोसिएशन के समझौते से स्टेट बैंक कर्मियों में खुशी है। बैंककर्मियों को आधे दिन की कैजुअल छुट्टी मिलेगी। 58 साल से अधिक आयु वाले स्टाफ की पत्नी की बीमारी पर मेडिकल प्रमाण पत्र देना होगा। स्टेट बैंक स्टाफ एसोसिएशन बरेली परिक्षेत्र के सहायक महामंत्री कामरेड नवींद्र कुमार ने बैठक में बताया कि सभी अधिकारी, कर्मचारियों की छुट्टी का नकदीकरण 240 दिन से बढ़कर 255 दिन तक वैद्य है। बताया कि संगठन की नीतियों की मेहनत रंग लाई है। इस वेतन से प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी को लगभग पांच से 50 हजार तक अधिक वेतन मिलेगा। संगठन के नेताओं की मेहनत से सहमति पर हस्ताक्षर हुए हैं। नेशनल कन्फेडरेशन ऑफ बैंक इम्लाइज के रामपुर यूनिट के जिला अध्यक्ष विमल कूपर ने बैंककर्मी को वेतन वृद्धि पर हुए समझौते पर बधाई दी। बैठक में अरविंद कुमार क्षेत्रीय सचिव, धनराज,ओमप्रकाश यादव जोनल सचिव, ओमशंकर, अजय सिंह शामिल रहे।

कार्यक्रम में मीनाक्षी आर्या को सम्मानित करते योगासन के पदाधिकारी।

योगासन में अच्छे निर्णय देने के लिए मीनाक्षी सम्मानित

रामपुर, अमृत विचार : गुरुकुल चोटीपुरा अमरोहा में चल रही अस्मिता खेलो इंडिया राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता की योगासन महिला लीग में रामपुर की मीनाक्षी रानी आर्या को सम्मानित किया गया। अस्मिता खेलो इंडिया राष्टीय योगासन महिला लीग का आयोजन श्रीमद दयानन्द कन्या गुरुकुल चोटीपुरा अमरोहा में हुआ। इसकी शुरूआत आठ मार्च को हुई थी। 10 मार्च को समापन हुआ। इस लीग प्रतियोगिता में मीनाक्षी रानी आर्या ने टेक्निकल ऑफिशियल के पद पर निर्णायक के रूप में भूमिका निभाई। कार्यक्रम के समापन में 10 मार्च को मीनाक्षी आर्या को अच्छे निर्णय और अच्छे कार्य के लिए योगासन भारत के कोषाध्यक्ष रचित कौशिक, संयुक्त सचिव व अस्मिता वोमेंस लीग की कॉर्डिनेटर डॉ. आरती पाल, डॉ. सीवी जयंती ने सम्मानित किया।

विकास के लिए 13 करोड़ 23 लाख रुपये के प्रस्ताव पास

केमरी, अमृत विचार : नगर पंचायत के सभागार में सोमवार को पालिका बोर्ड की बैठक हुई। पालिका अध्यक्ष रफत जहां ने प्रस्तावित बजट पेश किया। चर्चा के बाद सभासदों ने इसे पारित कर दिया। बैठक में 13 करोड़ 23 लाख रुपये के प्रस्ताव दिए गए। पिछली बैठक की समीक्षा भी की गई। सभासदों द्वारा उठाए गए अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की गई। चेयरमैन प्रतिनिधि अंसार अहमद ने कहा कि लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए नगर पंचायत प्रयासरत है। इसमें प्रकाश व्यवस्था, जलनिकासी, जल आपूर्ति, सफाई व्यवस्था, सड़क निर्माण आदि कार्य प्रगतिशील हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 100 से अधिक स्थानों पर सड़क और नालियों के निर्माण कराए गए। अधिशासी अधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि पारित प्रस्तावों को प्राथमिकता के आधार पर सही रूप देने का कार्य किया जाएगा। नगर का सुंदरीकरण नगरवासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कराया जाएगा। इस दौरान मौके पर सभासद शकील अंसारी, मोहम्मद शारिक, परवेज नियाज अहमद, मोहम्मद वकील अहमद, मोहम्मद फैजान, रफीक राजा, वसीर अहमद, अब्दुल अयूब,लेखा लिपिक विनीत कुमार,संजय सक्सेना आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

एक नजर

पाइप लाइन में लीकेज से क्षेत्रवासी परेशान

मुरादाबाद, अमृत विचार : दीनदयाल नगर के साईं मंदिर रोड पर पानी की पाइपलाइन लीकेज होने से कॉलोनी के लोग लो प्रेशर की समस्या से जूझ रहे हैं। लगातार शिकायत करने के बाद भी नगर निगम के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिससे हजारों लीटर पानी हर रोज बर्बाद हो रहा है। साईं मंदिर रोड प्रथमा बैंक के पास सीवर लाइन खोदाई के दौरान पानी की पाइपलाइन फट गई थी। जलकल विभाग के कर्मचारियों ने फाल्ट ठीक किया था। कुछ दिन बाद पानी का लीकेज भी शुरू हो गया। कालोनी के अतुल मेहरोत्रा, संजय अरोड़ा, मीनाक्षी गुप्ता, अमरीश कुमार वर्मा, राजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अभी तक समाधान नहीं हुआ है। वहीं क्षेत्रीय पार्षद सुरेंद्र विश्नोई ने बताया कि जल्द ही लीकेज को ठीक कराया जाएगा।

अवैध वाहनों के संचालन पर लगाई जाए रोक

मुरादाबाद, अमृत विचार : सिटी ऑटो रिक्शा वेलफेयर एसोसिएशन ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर महानगर में अवैध वाहनों के संचालन पर रोक लगाने की मांग की है। जिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में कहा कि महानगर में वैध सवारी वाहन 1700 ऑटो रिक्शा और ई-बसें ही हैं। 14 वर्षों से कोई नगर केंद्र के ऑटो रिक्शा के परमिट जारी नहीं किए गए हैं। हजारों ई-रिक्शा और बड़ी संख्या में ई-ऑटो रिक्शा विक्रय किए गए हैं तथा अवैध रूप से महानगर के मुख्य मार्गों पर संचालित किए जा रहे हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में अध्यक्ष किशन लाल सिंह, कपिल त्यागी, विजय सिह, रितेश, बलवंत सिंह, मोहित शर्मा, चंद्रपाल सिंह शामिल रहे।

सर्किल रेट से चार गुना अधिक रेट दिलाने की मांग

मुरादाबाद, अमृत विचार : सोमवार को किसान एमडीए कार्यालय पहुंचे और सचिव से मुलाकात कर सर्किल रेट से चार गुना अधिक दाम दिलाए जाने की मांग की। मिनी बाईपास पर लाकड़ी फाजलपुर-मैनाठेर-चक फैजुल्लापुर में मुरादाबाद विकास प्राधिकरण 130 हेक्टेयर की आवासीय सह औद्योगिक टाउनशिप विकसित कर रहा है। एमडीए जमीन अधिग्रहण की कार्रवाई शुरू करता इससे पहले विरोध के स्वर भी मुखर होने लगे हैं। किसान संजीव कुमार ने एमडीए कार्यालय पहुंचकर अपनी आपत्ति दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि सर्किल रेट से चार गुना अधिक दाम मिलने पर ही भूमि दी जाएगी। इस दौरान बिजेंद्र सिंह, अमरपाल सिंह चौहान, नीरज चौहान, सोमपाल सिंह, मलखान सिंह, हरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

प्रधानाध्यापक नीलम भुईयार को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

नीलम को मिला नेशनल वूमेंस एक्सीलेंस अवार्ड

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूल की प्रधानाध्यापक नीलम भुईयार को नेशनल वूमेंस एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया।

दिल्ली के न्यू महाराष्ट्र सदन में आयोजित इंटरनेशनल महिला सम्मान समारोह में नीलम भुईयार को यह सम्मान मिला है। उत्तर प्रदेश से महानगर की नीलम भुईयार ने प्रतिभाग किया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री माइनॉरिटी कमीशन ऑफ इंडिया रिंचन लांबा, केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले, डॉ. जरी दरबारी, टीएसी मेंबर मिनिस्ट्री ऑफ रेलवे डॉ. आदित्य, एक्ट्रेस एंड मॉडल नूपुर मेहता आदि शामिल रहे।

कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक, प्रभारी अधिकारियों को जारी किए व्यापक निर्देश

लोकसभा चुनाव के लिए बूथों पर पूरे करें सभी प्रबंध

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा को लेकर बैठक हुई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्वाचन आयोग से जारी निर्देश के अनुरुप बूथों पर सभी प्रबंध सुनिश्चित कराने के लिए कहा।

जिलाधिकारी ने राज्य प्रतिशत से कम वोटिंग प्रतिशत वाले बूथों पर निष्पक्ष, सक्रिय पृष्ठ प्रहरियों को लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन कार्यों से संबंधित नोडल/प्रभारी अधिकारी, सहायक प्रभारी अधिकारियों को तैयारियों को समय से पूरा कराने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने चुनाव में लगे सभी अधिकारियों से निर्भीक होकर निष्पक्ष मतदान कराने के लिए निर्देश दिया। उन्होंने मतदान स्थलों की वल्नरेबिलटी एकल खिड़की एवं सि-विजिल, स्टेशनरी किट, मत पत्र की तैयारी, प्रिंटिंग, मतपत्रों का वितरण, एफएसटी, एसएसटी आदि टीमों की तैनाती सहित अन्य चुनाव संबंधी विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि आयोग के निर्देश के अनुसार दिव्यांग मतदाताओं के लिए सभी प्रकार की व्यवस्थाएं पूरी करने का निर्देश दिया। कहा कि मतदान केंद्रों पर सभी सुविधाएं जरूर होनी चाहिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चन्द्र, अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यम मिश्र, अपर जिलाधिकारी अपर जिलाधिकारी न्यायिक शशि भूषण, पीडी सतीश प्रसाद मिश्र के अलावा नोडल/प्रभारी अधिकारी/ सहायक प्रभारी और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक में उपस्थित अधिकारी। ● अमृत विचार

गोआश्रय स्थलों पर करें पशुओं के लिए चारे का प्रबंध

मुरादाबाद, अमृत विचार : जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में गो संरक्षण के संबंध में जनपद स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इसमें जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में विचरण कर रहे निराश्रित/बेसहारा गोवंशों को तत्काल सुरक्षित करने के लिए जिलाधिकारी ने कहा। उन्होंने गोआश्रय स्थलों में सुरक्षित गोवंशों को पर्याप्त मात्रा में हरे चारे, भूसा व पानी की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने नोडल अधिकारियों को प्रधानों के साथ समन्वय बनाकर ठीक से कार्य करने के लिए कहा। नोडल अधिकारियों से गोआश्रय स्थलों से संबद्ध ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों की भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए उनसे संवाद बनाने के लिए कहा। पशु चिकित्साधिकारियों को गो आश्रय स्थलों में भरण-पोषण के संबंध में सही रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुनील धनवंता, पीडी सतीश प्रसाद मिश्र, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अनिल कंसल, डीडीओ जीबी पाठक, उपजिलाधिकारी सदर, उपजिलाधिकारी बिलारी, उपजिलाधिकारी कांठ के अलावा सभी खण्ड विकास अधिकारी, पशु चिकित्साधिकारी आदि मौजूद रहे।

चांद दिखते ही अल्लाह की बारगाह में झुके सिर

महानगर और देहात क्षेत्र की मस्जिदों व अन्य स्थानों पर पढ़ी गई तरावीह, तड़के उठकर रखा रोजा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : सोमवार शाम मुकद्दस रमजान के चांद का दीदार हो गया। चांद के दीदार के साथ ही लोगों ने अल्लाह से पूरे माह के रोजे रखने और मुल्क की तरक्की के लिए दुआएं मांगी और तरावीह की नमाज अदा की। जिसके बाद तड़के चार बजे के बाद घरों में सहरी खाई गई और रोजा रखा गया।

सोमवार सुबह से ही मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में रमजान की रौनक दिखने लगी थी। शाम को तरावीह की नमाज अदा करने के लिए लोग सफेद लिबास में तैयार रहे। शाम होते ही सड़कों पर सन्नाटा हो गया था। मगरिब की नमाज के बाद रमजान का चांद नजर आया तो लोगों ने तरावीह की नमाज के लिए शाम को दुकानें जल्द बंद कर दी। शहर के तहसील स्कूल, मोहल्ला अंडे वालान, चौकी हसन खां, इंदिरा चौक, मोहल्ला बारादरी, झब्बू का नाला, दीवान का बाजार, करूला, मियां कालोनी, पीर का बाजार व चक्कर की मिलक क्षेत्र में रमजान के विशेष पकवान जैसे खजला, फैनी, डबल रोटी की खूब खरीदारी हुई। मगरिब की नमाज के बाद मस्जिद और घरों की छतों पर लोगों ने चांद का दीदार किया। चांद देखने के बाद लोगों ने दुआ मांगी। इशा की नमाज के बाद मस्जिदों में तरावीह की नमाज का एहतमाम हुआ। जिसके बाद मुस्लिम इलाकों में देर रात खरीदारी होती रही। तड़के चार बजे से ही घरों में सहरी की तैयारी हुई। पांच बजकर 01 मिनट पर सहरी का वक्त खत्म हुआ तो रोजेदारों ने दुआ पढ़कर पहला रोजा रखा और फर्ज की नमाज अदा की।

रमजान उल मुबारक का चांद दिखने के बाद मस्जिद में दुआ करते नमाजी। ● अमृत विचार

पीली कोठी स्थित मस्जिद में तरावीह की नमाज अदा करते लोग। ● अमृत विचार

> मुकद्दस रमजान इबादत का महीना है। इस महीने में अल्लाह को राजी करने के लिए ज्यादा से ज्यादा इबादत करें। पड़ोसियों की भी खैरियत पूछते रहें। जरूरतमंद की मदद करें।
> **-सैय्यद मासूम अली आजाद, शहर इमाम**

> रमजान के मुबारक महीने में अल्लाह एक नेकी के बदले 70 नेकियां अता करता है। इसलिए ज्यादा से ज्यादा इबादत करें और जो भी जरूरतमंद दिखे उसकी मदद जरूर करें। **-मुफ्ती सैय्यद फहद अली, नायब शहर इमाम**

रमजान में व्यवस्थाएं दुरुस्त करने को सौंपा ज्ञापन

मुरादाबाद, अमृत विचार : ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तिहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सोमवार को अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रीति सिंह के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में कहा गया कि मंगलवार से रमजान का महीना शुरू होने जा रहा है। इस महीने में पथ प्रकाश और साफ-सफाई की व्यवस्थाएं दुरुस्त कराई जाए। इसके अलावा आगामी दिनों में होली और ईद-उल-फितर का त्योहार मनाया जाएगा। जिसको लेकर सुरक्षा व्यवस्था की जाए। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष मोहिद फरगानी, महानगर अध्यक्ष वकी रशीद एडवोकेट, जकी राइनी, आमिल एडवोकेट, एहतेशाम मंसूरी, फहीम बेग, अरशद सैफी, फिरोज इंजीनियर और शराफत हुसैन समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पाकबड़ा में फ्लैग मार्च करते आरएएफ के जवान। ● अमृत विचार

क्षेत्र में पुलिस ने आरएएफ के साथ किया फ्लैग मार्च

संवाददाता, पाकबड़ा

▸▸ एएसपी बोले- त्योहार पर गड़बड़ी करने वालों से सख्ती से पेश आएं

अमृत विचार : आगामी त्योहारों एवं लोकसभा चुनाव को देखते हुए। पुलिस ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। पुलिस ने फोर्स के साथ फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च में एएसपी भी मौजूद रहे।

सोमवार को एएसपी अमरिंदर सिंह ने थाना प्रभारी राजीव कुमार शर्मा एवं आरएएफ के जवानों के साथ कस्बे में फ्लैग मार्च निकाला। कस्बे के कैलसा रोड, दिल्ली रोड, बड़ा मंदिर, शनिवार का बाजार आदि मोहल्लों के साथ थाना क्षेत्र के गांव समाथल, हाशमपुर, रतनपुर कलां आदि गांवों में जाकर फ्लैग मार्च किया और सभी मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। कस्बा एवं गांव में हिस्ट्रीशीटरों के घरों पर भी पुलिस पहुंची। एएसपी ने कहा कि त्योहार एवं चुनाव के समय में अगर कोई भी गड़बड़ी पाई गई तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कस्बा एवं गांव में आम जनता से कहा कि अगर किसी पर जरा भी शक हो तो तुरंत पुलिस को बताएं। कोई भी अगर माहौल बिगाड़ने की कोशिश करेगा। पुलिस उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

हद है लापरवाही की...: रामपुर रोड पर नियमों को ताक पर रखकर जुगाड़ वाहन पर कुछ इस तरह सामान लेकर जाता चालक।

मेढ़ के विवाद में चले लाठी-डंडे, चार घायल

मैनाठेर, अमृत विचार: थाना क्षेत्र के ग्राम रसुलपुर हमीर में खेत की मेढ़ को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों में लाठी-डंडे चलने से चार लोग घायल हो गए।

मैनाठैर थाना क्षेत्र के ग्राम रसुलपुर हमीर में सोमवार को खेत की मेढ़ काटने को लेकर दो पक्षो के बीच कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। दोनों पक्षो में मारपीट में जमकर लाठी डंडे चले। एक पक्ष के राविल ने बताया गया कि पड़ोसी बाबू ने उनकी खेत की मेढ़ काट ली। जब इस बात का विरोध किया तो वह लोग गाली गलौज करने लगे। जिसके बाद दोनों पक्षो में मारपीट होने लगी। मारपीट की इस घटना में राविल, मोहम्मद गाफिर, साबिर, जुल्फिकार निवासी ग्राम रसूलपुर हमीर आदि घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए कुंदरकी सीएचसी भेज दिया। जहां से दो घायलों को मुरादाबाद रेफर कर दिया।

किसानों ने मंडलायुक्त को ज्ञापन सौंपा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : अखिल भारतीय किसान सभा के नेतृत्व में सोमवार को किसानों ने प्रदर्शन कर मंडलायुक्त को तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने गांगनवाली मैनाठेर में मुरादाबाद विकास प्राधिकरण (एमडीए) द्वारा कराए जा रहे कार्य का विरोध किया।

जिलाध्यक्ष कासिम अली ने ज्ञापन में बताया कि गांव गांगनवाली मैनाठेर को 1994-95 में नगर निगम में शामिल किया गया। उसके बाद से इस क्षेत्र में तेजी से बढ़ती आबादी के कारण खेती की जमीन का बहुत बड़ा हिस्सा आबादी में चला गया है। बाकी में गांव की लगभग 95 प्रतिशत आबादी खेती-बड़ी करके अपना गुजर बसर कर रही है। एमडीए द्वारा नई टाउनशिप बसाने के लिए वार्ड संख्या 11 गांगनवाली मैनाठेर की खेती की जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा है। उन्होंने मांग करते हुए कहा है कि खसरा नंबर 1004 में आने वाली जमीन का अधिग्रहण न किया जाए, अधिग्रहित की जाने वाली जमीन का मुआवजा प्रति मीटर सर्किल रेट का 5 गुना बढ़ाकर भुगतान किया जाए और 1994-95 में लाकड़ी फाजलपुर मिनी बाईपास निर्माण के लिए अधिग्रहित जमीन का भी वर्तमान सर्किल रेट का 5 गुना बढ़ा कर मुआवजा राशि का भुगतान किया जाए। इस दौरान नाजिम पाशा, मुस्तलीव अली, हाजी उवैस, मो. आसिम, मुन्ने अली, आसिम अली, बाबू, मैराज, नन्हें, तुल्लन, दानिश, फिरासत, मुकीम, शमशाद मौजूद रहे।

मंडलायुक्त कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते अखिल भारतीय किसान सभा के कार्यकर्ता।

▸▸ गागन वाली मैनाठेर में एमडीए के कार्यों का विरोध किया

साक्षात्कार देने पहुंचे सिर्फ दो चिकित्सक

मुरादाबाद, अमृत विचार: अर्बन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों के लिए चिकित्सकों की भर्ती करने को आनन-फानन में कराए वॉक इन इंटरव्यू में सिर्फ दो एमबीबीएस डिग्रीधारक पहुंचे।

जल्द ही चुनाव आचार संहिता लागू हो जाने के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग में वॉक इन इंटरव्यू कराया गया। शहरी क्षेत्र के हेल्थ एंड वेलनेस केंद्रों को चलाने के लिए चिकित्सकों की बेहद कमी से गुजर रहे स्वास्थ्य विभाग ने चुनाव आचार संहिता लागू होने की आहट देख एमबीबीएस डिग्रीधारकों का वॉक इन इंटरव्यू कराया। सोमवार को विकास भवन सभागार में हुए इंटरव्यू में एमबीबीएस डिग्रीधारक सिर्फ दो अभ्यर्थी ही पहुंचे। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि दोनों अभ्यर्थियों के योग्यता के पैमाने पर फिट बैठने के चलते उन्हें नियुक्ति के लिए चयनित किया गया है।

राहत मुरादाबाद बस अड्डे से मिलेंगी वातानुकूलित बसें, यात्रियों को होगी आसानी

हवाई अड्डे तक अब ई-बसों से कर सकेंगे सफर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : मूंढापांडे में हवाई अड्डे का वर्चुअल लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रविवार को किया गया। महानगरवासियों को हवाई अड्डे पर आने-जाने में कोई दिक्कत न हो, इसके लिए इसके लिए मुरादाबाद बस अड्डे से हवाई अड्डे तक इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जाएगा। जल्द ही टोल की सहमति को लेकर ई-बस डिपो अधिकारी टोल प्लाजा से संबंधित अधिकारी के साथ बैठक करेंगे। माना जा रहा है कि जल्द ही इलेक्ट्रिक बस का संचालन शुरू किया जाएगा।

अभी फिलहाल ई-बसों का संचालन दलपतपुर तक किया जा रहा है, लेकिन हवाई अड्डे तक जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए इलेक्ट्रिक बस का रूट बढ़ाया जाएगा। इलेक्ट्रिक एसी बसों को पहले से तय चार रूट के अलावा दलपतपुर से हवाई अड्डे तक करने की तैयारी चल रही है। ई-बस डिपो प्रभारी बाबर ने बताया कि एयरपोर्ट तक बस संचालन करने पर बीच में टोल प्लाजा पड़ेगा। जिसको लेकर टोल प्लाजा से संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक होगी। टोल की सहमति बनते ही बस का संचालन एयरपोर्ट तक शुरू कर दिया जाएगा। ई-बस के संचालन होने पर एयरपोर्ट जाने वालों को काफी सुविधा मिलेगी। लोग ऑटो के किराए में वातानुकूलित बस में सफर कर एयरपोर्ट जा सकेंगे।

एक साल में 10 लाख यात्रियों को सफर कराएगा मुरादाबाद का हवाई अड्डा, निर्यातकों को राहत

मुरादाबाद, अमृत विचार : हवाई अड्डे के वर्तमान स्वरूप में 100 यात्री प्रतिदिन और सालाना एक लाख यात्रियों को सेवा देने को तैयार है। भविष्य में इसे दो चरणों में विकसित किया जाएगा। एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारियों की माने तो पहले चरण में प्रतिदिन 500 यात्रियों और साल में 10 लाख यात्रियों को यात्रा करवाई जाएगी। जबकि दूसरे चरण में 25 लाख यात्रियों की सालाना क्षमता विकसित की जाएगी। पहले चरण के लिए 10 हजार वर्गमीटर का टर्मिनल भवन विस्तारित करके एटीएस टॉवर, अग्निशमन स्टेशन, कार पार्किंग समेत संबद्ध सिटी साइड अवसंरचना की योजना है। वर्तमान में टर्मिनल भवन 1250 वर्ग मीटर का है और हवाई अड्डे 157 .65 एकड़ में फैला है। जिसमें व्यस्तम समय में प्रतिदिन 100 और साल में एक लाख यात्रियों को सेवा मिलेगी। पहले चरण के विस्तार के बाद नए टर्मिनल भवन में व्यस्तम समय में रोज 500 और साल में 10 लाख यात्रियों को यात्रा संभव होगी। कोड सी प्रकार के विमानों के संचालन के लिए रनवे को 2112 मीटर बाई 30 मीटर से बढ़ाकर 3200 बाई 45 मीटर तक बढ़ाया जाएगा। दो लिंक टैक्सी वे और 4-ए 321 प्रकार के विमानों की पार्किंग के लिए उपयुक्त एप्रेन और ग्राउंड सपोर्ट उपकरणों का क्षेत्र का निर्माण भी प्रस्तावित है। वहीं दूसरे चरण में इसे और व्यापक विस्तार करते हुए 20 हजार वर्ग मीटर का नया टर्मिनल भवन बनाया जाएगा। जो व्यस्तम समय में प्रतिदिन 1600 यात्रियों और साल में 25 लाख यात्रियों को सेवा प्रदान करने में सक्षम होगा।

गोशालाओं में नहीं पहुंची चारा काटने की मशीन

मुरादाबाद, अमृत विचार : प्रदेश सरकार के गोवंशों को संरक्षण देकर उनके पालन पोषण की मंशा को विभागीय अधिकारी पलीता लगाने में लगे हैं। जनपद में जिला ग्राम्य विकास अभिकरण द्वारा बनाई गोशालाओं में अभी तक जिम्मेदार चारा काटने की मशीन ही नहीं लगा पाए।

सरकार की मंशा के अनुरूप जिले में 16 गोशालाओं का निर्माण तो कराया गया लेकिन, इन गोशालाओं में अब तक गोवंशों के लिए चारा काटने वाली मशीन नहीं पहुंच पाईं। जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के परियोजना निदेशक ने गोशालाओं की देखभाल के लिए आसपास की 10-10 ग्राम पंचायतों के प्रधानों को गोशाला में चारे का प्रबंध करने की जिम्मेदारी सौंपी थी। गांवों में श्रेणी 5 और 6 की जमीन पर उगने वाला चारा तो पहुंच रहा है लेकिन, पशुपालन विभाग अभी चारा काटने की मशीनों की व्यवस्था नहीं कर पाया। इससे चारे की समस्या हो रही है।

लोनिवि ने शुरू किया कांठ रोड पर पुलिया का निर्माण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ चार महीने पहले शुरू हुआ था निर्माण, राहगीर हो रहे परेशान

अमृत विचार : महीनों से रुका कांठ रोड की पुलिया का निर्माण कार्य मंगलवार को शुरू होना था। मगर लोक निर्माण विभाग की ओर से सोमवार को ही कार्य शुरू करा दिया गया। विभाग के अधिकारियों के अनुसार पहले मधुबनी के नजदीक की पुलिया का निर्माण कार्य शुरू किया गया है। दो दिन बाद किले के पास अधूरी पड़ी पुलिया का कार्य इस सप्ताह में पूरा कर दिया जाएगा।

स्टेट हाईवे कांठ रोड पर बारिश के भरने वाले पानी की निकासी को लेकर नगर निगम ने इस कार्य को स्मार्ट सिटी परियोजना में शामिल किया था। जिसमें लोक निर्माण विभाग को पुलिया निर्माण का कार्य सौंपा था। चार महीने पहले पुलिया का निर्माण कार्य शुरू किया गया था। लेकिन दो महीने बाद ही निर्माण कांवड़ यात्रा को लेकर बंद कर दिया गया था। महाशिवरात्रि के बाद लोक निर्माण विभाग ने सोमवार को मधुबनी के पास अधूरी पड़ी पुलिया का निर्माण कार्य शुरू कर दिया। अधिशासी अभियंता नावेद खान ने बताया कि किले के पास बन रही पुलिया का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। मधुबनी के पास बनाई जा रही पुलिया का निर्माण अभी बाकी है इसलिए पहले उसका निर्माण कार्य पूरा कराया जा रहा है। मार्च के आखिर तक सड़क की दूसरी ओर की पुलिया का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

यात्रियों की सुविधा को होली पर स्पेशल ट्रेनों का संचालन

मुरादाबाद, अमृत विचार : आगामी पर्व होली को लेकर रेलयात्रियों को किसी तरह की दिक्कत नहीं हो, इसको लेकर रेलवे छह जोड़ी स्पेशल ट्रेन चलाने जा रहा है। जानकारी के मुताबिक चंडीगढ़-गोरखपुर एक्सप्रेस (04518/04517) दो दिन चलाई जाएगी। 21 व 28 मार्च को यह ट्रेन चंडीगढ़ से चलकर मुरादाबाद होते हुए गोरखपुर जाएगी। इसी तरह आनंद विहार- जयनगर स्पेशल (04060/04059) 22 मार्च व 29 मार्च को चलेगी। आनंद विहार-सहरसा स्पेशल (01664/01663) 25 मार्च को चलेगी।

REQUIRED TEACHERS
The Parv's Academy
(An English Medium Academy)
Need Teachers for Nur. to 12th- All Subject
Salary- 5000/- to 15000/-
Add- Village & Post :- Fatehpur Bishnoi,- 244001 (MBD)
Contact No.- 9917980436, 7500109306
Walk in Interview from 12/03/2024
Whatsapp your Resume or mail on theparvsacademy@gmail.com

एक नजर

गुंडा अधिनियम का वारंटी सहित दो गिरफ्तार तमंचा बरामद

संभल, अमृत विचार : कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव मुबारकपुर निवासी दूल्हे हसन सोमवार को हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव बारीपुर भमरौआ मार्ग पर दरगाह के पास रास्ते पर खड़ा हुआ था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दूल्हे हासन से पूछताछ की। तलाशी में तमंचा बरामद होने पर पुलिस ने दूल्हे हसन को गिरफ्तार कर लिया। वहीं सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला चौधरी सराय निवासी गुंडा अधिनियम के तहत वारंटी कासिम को पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

अंडरपास के लिए किसानों का धरना जारी

संभल अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन असली के बैनर तले किसानों का धरना 49वें दिन भी जारी रहा। किसानों ने गांव हिसामपुर व भटोला के बीच अंडरपास बनवाने की मांग उठाई। भाकियू असली जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव ने कहा कि मंगलवार को धरनास्थल पर बैठक होगी। जिसमें आंदोलन के लिए कठोर रणनीति पर विचार विमर्श किया जाएगा। यूपीडा के अधिकारी पक्के मार्ग पर अंडरपास नहीं बना रहे हैं। जिसे लेकर किसान धरना स्थल पर बैठे हुए हैं। इस दौरान राजपाल सिंह यादव, राहिद, दिनेश सिरोही, गनपत, सुरेश, प्रकाश, रामकिशन, पातीराम आदि रहे।

स्मृति द्वार एवं मार्गों के नाम रखे जाने की मांग

संभल, अमृत विचार : व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान संभल के पदाधिकारियों ने जिला चेयरमैन गौरी शंकर चौधरी के नेतृत्व में नगर पालिका चेयरमैन के पति चौधरी मुशीर खां को पत्र सौंपा। जिसमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प्रेमपाल रस्तोगी, सांसद डॉ.शफीकुर्रहमान बर्क, पूर्व विधायक सत्यप्रकाश गुप्ता, भूतपूर्व विधायक नवाब महमूद हसन, भूतपूर्व चेयरमैन चौधरी मुशर्रफ अली खां, समाजसेवी वैद्य सत्यप्रकाश रस्तोगी, हकीम रईस अहमद, पूर्व शहर इमाम सूफी मौलाना खुर्शीद मियां हुसैन वारसी के सम्मान में स्मृति द्वार एवं मार्गों के नाम रखे जाने की मांग उठाई। इस दौरान मोहम्मद कासिम, जसपाल सिंह, फरजंद अली वारसी आदि रहे।

पशुओं की अवैध दवा फैक्ट्री का भंडाफोड़

संचालक हिरासत में, बबराला में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने की छापेमारी

कार्यालय संवाददाता,संभल/बबराला

अमृत विचार : जनपद संभल के बबराला में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों ने एक मकान पर छापेमारी करके बिना लाइसेंस संचालित पशुओं की दवा बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। यहां से बड़ी मात्रा में पशुओं की दवा और फूड सप्लीमेंट बरामद किए। औषधि निरीक्षक ने नमूने भर कर दवा और मैन्युफैक्चरिंग के सभी सामान को सील कर दिया गया। अवैध रूप से बोतल बंद पानी की फैक्ट्री संचालित होने का भी खेल खुला। फैक्ट्री संचालक को हिरासत में लेकर रिपोर्ट दर्ज कराने की तैयारी शुरू कर दी गई।

बबराला कस्बे में अवैध रूप से चल रहे बोतल बंद पानी के कारोबार का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो प्रशासन भी सक्रिय हो गया। औषधि निरीक्षक जैनेंद्र कुमार और खाद्य सुरक्षा अधिकारी कुलदीप तिवारी ने पुलिस टीम के साथ मुहल्ला लेखपाल कॉलोनी स्थित शंकर ज्ञान धर्मशाला वाली गली में डॉ. राजेश कुमार के मकान में अवैध रूप से संचालित दवा दवा फैक्ट्री पर छापा मारा। यह फैक्ट्री दिनेश कुमार द्वारा संचालित की जा रही थी। नीचे दवा और पानी की फैक्ट्री संचालित थी जबकि ऊपर खुद दिनेश परिवार के साथ रहते हैं। टीम ने ऊपरी मंजिल पर भी एक कमरे में ताला तोड़ कर तलाशी ली तो वहां भी दवाओं का जखीरा मिला। औषधि निरीक्षक जैनेंद्र कुमार ने बताया कि दिनेश फैक्ट्री संचालन से जुड़े कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। कुछ माह पूर्व से फैक्ट्री शुरू होने की बात सामने आई। फैक्ट्री में पशुओं की दवाओं के साथ ही मैन्युफैक्चरिंग का सामान, लेवल, कार्टन, खाली शीशी आदि बिखरा हुआ मिला। काफी मात्रा में पशुओं की विभिन्न बीमारियों की तैयार दवा व फूड सप्लीमेंट बरामद हुआ। बरामद दवाओं पर गुरूमेट एनीमल हैल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड के रैपर लगे हैं। उन्होंने बताया कि दवा व अन्य सामान की कीमत का आंकलन किया जा रहा है।

बबराला में अवैध दवा फैक्ट्री पर कार्रवाई करती टीम। ● अमृत विचार

फैक्ट्री से बरामद दवाइयां।

बरामद दवाओं की आंकी जा रही कीमत,दर्ज होगी रिपोर्ट

बबराला,अमृत विचार : दवाओं को सील कर रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है। वहीं खाद्य सुरक्षा अधिकारी कुलदीप तिवारी ने बताया कि पानी के अवैध कारोबार की पुष्टि परिसर में लगे कामर्शियल आरओ सिस्टम से हो रही है। अलबत्ता, बोतल बंद पानी का स्टाक अथवा रैपर बोतल आदि सामान मौके पर नहीं मिला है। विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

पिंजरे के पास तक नहीं पहुंचा जंगली जानवर

संभल/सिरसी, अमृत विचार: हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में जंगली जानवर को पकड़ने के लिए पिंजरे के अंदर बकरे को बंद किया गया है। जंगली जानवर पिंजरे के पास पहुंचना तो दूर जंगल में लगे सीसीटीवी कैमरों में भी कैद नहीं हुआ है।

थाना क्षेत्र के गांव तिमनपुर के जंगल में शनिवार को जंगली जानवर को पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम ने जंगल में लगे पिंजरे में बकरे को बंद किया था, लेकिन तीन गुजरने के बाद भी जंगली जानवर पिंजरे में बंद बकरे के पास पहुंचना तो दूर आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरों में भी कैद नहीं हुआ है। न ही वन विभाग की टीम को जंगली जानवर के पंजों के निशान मिले हैं। मंगलवार को पंजों के निशान मिलने पर वन विभाग की ओर से पिंजरा व सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। वन विभाग की टीम भी हर दिन गांव पहुंचकर जंगली जानवर को पकड़ने के लिए खेतों में तलाश कर रही है। सप्ताह भर बीतने के बाद वन विभाग की टीम को न तो जंगली जानवर दिखाई दिया और ना ही खेतों में जंगली जानवर के पंजों के निशान मिले हैं।

पेयजल योजना के लिए पूजन में कराते चेयरमैन हर्ष वर्धन। ● अमृत विचार

15 करोड़ की पेयजल योजना की भूमि पूजन से शुरुआत

संवाददाता, बबराला

अमृत विचार: नगरवासियों की पेयजल समस्या का निदान अब अमृत 2.0 योजना से होगा। नगर के सभी 12 वार्डों में लंबे समय से बरकरार पेयजल संकट का समाधान के लिए वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और टंकियों के निर्माण का काम शुरू हो गया है। 15 करोड़ रुपये से अधिक लागत से योजना को धरातल पर उतारने की तैयारी है। सोमवार को भूमि पूजन के साथ इसकी औपचारिक शुरुआत की गई।

लंबे समय से पेयजल समस्या को देखते हुए जल निगम ने नगर को अटल मिशन फार रिजुवनेशन एण्ड अर्बन ट्रांसफार्मेशन (अमृत 2.0) योजना में शामिल करने का प्रस्ताव शासन को भेजा था। चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय की पहल पर मंजूरी मिल गई। कार्यदायी संस्था की ओर से सोमवार को नगर पंचायत के अस्थाई गो आश्रय स्थल परिसर में एक हजार किलो लीटर क्षमता वाले ओवरहेड टैंक के लिए पाइप लाइन का भूमि पूजन किया। इस मौके पर चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय, आरएसएस विभाग संपर्क प्रमुख अरुण कांत, डॉ. कैलाश वार्ष्णेय, पंकज मामा, विजेंद्र पाठक रामअवतार सभासद, येनेंद्र शर्मा, डॉ प्रदीप आदि मौजूद रहे। अधिशासी अधिकारी अमरेश तिवारी ने बताया कि अमृत 2.0 का काम पूरा होने के साथ ही नगर क्षेत्र में पेयजल समस्या का समाधान हो जाएगा। नगर में जरूरत के अनुरूप उच्च भंडारण क्षमता के ओवरहेड टैंक और पाइप लाइन का जाल भी बिछाया जाएगा।

संभल में एडीएम कार्यालय परिसर में धरना देते किसान। ● अमृत विचार

किसानों की समस्याएं उठाईं

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार: भारतीय किसान यूनियन (शंकर) के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एडीएम कार्यालय परिसर में धरना दिया और किसानों की समस्याएं उठाईं। कहा गया कि किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है।

भाकियू शंकर के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। जिसमें छुट्टा गोवंश पशुओं को संरक्षित कराने, हर घर जल योजना के तहत गांवों में खोदी गईं सड़कों एवं खड़ंजे की मरम्मत कराने, बढ़े गन्ना मूल्य पर पुनर्विचार करने, पात्रों के राशन कार्ड बनवाने, किसानों को कर्ज मुक्त किए जाने, किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट तीन लाख से बढ़ाकर 10 लाख किए जाने समेत 13 मांगें उठाईं। इस दौरान चौधरी कामेंद्र सिंह, मिंकू चौधरी, महीपाल सिंह, विनोद शर्मा, होमपाल सिंह, कल्लू यादव, सुरेंद्र भाटी, सेवक सैनी आदि रहे।

बीएसए कार्यालय पर प्रदर्शन कर नारेबाजी

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार: उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ से जुड़े शिक्षकों ने बीएसए कार्यालय पर प्रदर्शन कर नारेबाजी की। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन बीएसए को सौपा। शिक्षकों को संसाधन न देने के बावजूद ने डिजिटाइजेशन किए जाने का विरोध किया। शिक्षकों की समस्याओं का समाधान किए जाने की मांग उठाई।

जिलाध्यक्ष अमीर जहां तुर्की के नेतृत्व में शिक्षक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन बीएसए चंद्रशेखर को सौंप कर कहा कि महानिदेशक ने अपने आदेश में बेसिक शिक्षकों को अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर से प्रेरणा ऐप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। यह आदेश किसी भी प्रकार से उचित व व्यवहारिक नहीं हैं। जिला महामंत्री नीरज कुमार गुप्ता ने कहा कि प्रदेश के सभी विद्यालयों को टेबलेट व मोबाइल विभागीय आईडी से सिम इन्टरनेट उपलब्ध कराया जायें। जब तक संसाधन उपलब्ध नहीं होते हैं तब तक आदेश पर रोक लगाई जाए। जिला कोषाध्यक्ष सुखवीर सिंह ने कहा कि शिक्षक परेशान एवं बाध्य होकर आन्दोलन के लिए मजबूर हुआ है। इस दौरान अभिषेक बंसल,अविनाश कुमार,अतुल शर्मा,सुमित गुप्ता, हरिओम, प्रतिमा गुप्ता, वन्दना वार्ष्णेय,अरमान खान,शिल्पी गुप्ता,दिलीप किशोर,सुधीर कुमार मान,रतनिका गोयल, हफीज,पंकज सक्सेना,धर्मवीर,राजेन्द्र कुमार आदि शिक्षक मौजूद रहे।

बीएसए चंद्रशेखर को को ज्ञापन देते शिक्षक। ● अमृत विचार

- **शिक्षकों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सौंपा**
- **बिना संसाधन के डिजिटाइजेशन किए जाने का शिक्षकों ने किया विरोध**

सार संक्षेप

विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में लिया हिस्सा

संभल अमृत विचार : विकासखंड संभल के परिषदीय विद्यालयों के कक्षा 6 से 8 तक के छात्र छात्राओं की ब्लॉक स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता अबतही इंटरनेशनल स्कूल मखदूमपुर में हुई। जिसमें 300 बच्चों ने हिस्सा लिया। बताया गया कि प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 100 छात्र छात्राओं को जनपद के पास किसी विशिष्ट स्थान का भ्रमण कराया जाएगा। टॉप 10 बच्चों द्वारा जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में विज्ञान पर आधारित मॉडल बनाकर प्रतिभाग किया जाएगा। खंड शिक्षा अधिकारी बबीता सिंह ने स्कूल के प्रबंधक, प्रधानाचार्य और स्टाफ को धन्यवाद दिया। इस दौरान ओमप्रकाश, देवेंद्र पाल सिंह, आदिल बेग, सचिन कुमार, कमल सिंह, फरमान हुसैन, निहारिका पांडे, अमित, संजीव, अकरम, यासमीन, विक्की, शिल्पी गुप्ता, शमशुल आरेफीन, सुरेंद्र, राजपाल सिंह आदि शिक्षक रहे।

कन्या का विवाह कराते संगठन के लोग। ● अमृत विचार

गोवर्धन सेवा समिति ने कराया कन्या का विवाह

बहजोई, अमृत विचार : श्री श्री गोवर्धन सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित विवाह समारोह में निर्धन कन्या कुमकुम कश्यप व राहुल कश्यप का विवाह कराया। दूल्हा जैसे ही बरात लेकर पहुंचा तो समिति के व्यक्ति ने बरात का स्वागत फूल वर्षा कर किया। इसके बाद दूल्हा दुल्हन ने एक दूसरे को वरमाला पहनाई और साथ-साथ रहने का संकल्प लिया। वहीं आचार्य ने रीति रिवाज के अनुसार फेरे कराये। दूल्हा दुल्हन ने सात फेरे लेते हुए साथ-साथ रहने का वचन लिया। इसके बाद पदाधिकारी ने नव विवाहित जोड़े को उपहार भेंट कर आशीर्वाद दिया। इस दौरान अध्यक्ष आशुतोष वार्ष्णेय, अतुल कुमार सर्राफ, सुशील कुमार, तनुज वार्ष्णेय, विपिन कुमार सर्राफ, विनोद कुमार, लबेन्द्र रस्तोगी, डॉ दिलीप वार्ष्णेय, डॉ नितिन गुप्ता, यश कठेरिया आशीष कुमार आदि ने सहयोग किया।

मरम्मत के 20 दिन बाद गड्ढों में बदलने लगी सड़क

संभल/सिरसी, अमृत विचार : सिरसी रेलवे क्रॉसिंग पर लाखों रुपये खर्च होने के बीस दिन बाद ही संभल मुरादाबाद मार्ग फिर से बजरी उखड़ना शुरू हो गई। जिससे मार्ग पर फिर से गड्ढे बनने लगे हैं। मार्ग पर जगह जगह गड्ढे होने की वजह से जाम लगा रहता था। हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में सिरसी रेलवे क्रॉसिंग पर कई माह से संभल मुरादाबाद मार्ग पर कई जगह गहरे गहरे गड्ढे बन गए थे। जिससे आए दिन वाहन गड्ढों में फंसकर खराब हो जाते थे और सड़क पर जाम लग जाता था। लाखों रुपये खर्च कर बीस फरवरी को गड्ढे भरवाकर मार्ग 21 फरवरी को यातायात के लिए खोल दिया गया था। बीस दिन के बाद ही सिरसी रेलवे क्रॉसिंग पर जगह जगह सड़क उखड़कर फिर से गड्ढों में बदलने लगी है।

देश में हर महिला आज सुरक्षित महसूस कर रही

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

अमृत विचार : विकासखंड असमोली क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय असमोली में गैर सरकारी प्रोजेक्ट रश्मि के अंतर्गत स्थापित स्मार्ट क्लास का उद्घाटन राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की बेटी मुख्य अतिथि अनार बेन पटेल और जिलाधिकारी मनीष बंसल ने संयुक्त रूप से किया। अनार बेन पटेल ने कहा कि देश में हर महिला आज सुरक्षित महसूस कर रही है। बहनों की सुरक्षा भाइयों के हाथों में है।

कंपोजिट विद्यालय असमोली में मुख्य अतिथि अनार बेन पटेल और जिलाधिकारी ने बच्चों से स्मार्ट क्लास का फीता काटकर उद्घाटन करने के बाद दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की। अनार बेन पटेल ने प्रोजेक्ट रश्मि के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि सेवा की शुरुआत हमेशा घर से होती है। गुजरात में जब बहू घर आती है तो घर में बहू को बैठाते नहीं है। कहा जाता है उसके पास पैसा अधिक है तो सेवा करो। पैसा कम है तो मेहनत करो। ऐसे लोग बहुत कम हैं जो केवल अपने परिवार का नहीं सोचते। परिवार से आगे समाज है, समाज से आगे देश है और देश से आगे दुनिया है। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने प्रोजेक्ट रश्मि के प्रयास की सराहना करते हुए कहा मुझे उम्मीद है कि कंपोजिट विद्यालयों में स्मार्ट क्लास लगने से बच्चों को डिजिटल नॉलेज प्राप्त होगी। इस बीच छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस दौरान एसडीएम संभल विनय कुमार मिश्र, डीपीआरओ, बीएसए, बीईओ संभल, बीईओ असमोली, सीडीपीओ, एआरपी, विद्यालय स्टाफ और प्रधान मौजूद रहे।

बच्चों से फीता कटवाकर स्मार्ट क्लास का उद्घाटन कराते डीएम व अन्य।

- **राज्यपाल की बेटी अनार बेन पटेल ने स्कूल में स्मार्ट क्लास का उद्घाटन कर रखे विचार**

कार का शीशा तोड़ 50 हजार की नकदी चुराई

संभल/सरायतरीन, अमृत विचार: हयातनगर थाना से चंद कदमों की दूरी पर संभल बहजोई मार्ग के किनारे खड़ी कार का शीशा तोड़कर चोरों ने बैग में रखी 50 हजार रुपये की नकदी चुरा ली। पुलिस ने आसपास में सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली है।

शाहजहांपुर जिले के थाना सिंधौली क्षेत्र के गांव मियांपुर निवासी प्रेमपाल सोमवार को नदीम खां व दो अन्य लोगों के साथ कार से कोयला तौलने की मशीन खरीदने हयातनगर आया था। प्रेमपाल संभल बहजोई मार्ग पर थाने से थोड़ी दूर पेट्रोल पंप के पास कार खड़ी करने के बाद वर्क शॉप में मशीन देखने चला गया। प्रेमपाल ने बताया कि छह या सात मिनट के बाद वापस आए तो कार का शीशा टूटा हुआ था और कार के अंदर बैग में रखे 50,000 रुपये गायब थे। खाली बैग व लैपटॉप कार में ही रखे थे। पुलिस मौके पर पहुंची और चोरों को पकड़ने के लिए सर्च अभियान चलाया।

जिला अस्पताल में रक्तदान करते फरजंद अली वारसी। ● अमृत विचार

जिला अस्पताल में ब्लड बैंक का संचालन होते ही किया रक्तदान

कार्यालय संवाददाता,संभल

अमृत विचार: जिला संयुक्त चिकित्सालय में ब्लड बैंक स्थापना के लिए दस साल से लगातार मांग उठाई जा रही थी। कई संगठनों ने इसके लिए लंबा संघर्ष किया। सोमवार को ब्लड बैंक का संचालन शुरु हुआ तो सामाजिक कार्यकर्ता फरजंद वारसी ने ने रक्तदान दिया।

फरज़न्द अली वारसी व अन्य सामाजिक संगठन दस साल से ब्लड के संचालन की मांग कर रहे थे। फरजंद अली वारसी ने कहा कि सरकारी ब्लड बैंक का संचालन शुरु हो जाने से लोगों को राहत मिलेगी।

छात्र-छात्राओं को मतदान की शपथ दिलाते प्राचार्य डॉ. योगेंद्र सिंह।

निर्भीक होकर मतदान करने की ली शपथ

संभल, अमृत विचार : एमजीएम कॉलेज में शासन के निर्देश पर मतदाता जागरूकता अभियान की शुरूआत की गई। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. योगेंद्र सिंह ने छात्र छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। जागरूकता अभियान के प्रभारी डॉ. फहीम अहमद ने कहा कि हमें अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। कॉलेज में अभियान मार्च और अप्रैल में चलाया जाएगा। जागरूकता के कई कार्यक्रम होंगे। इस दौरान डॉ. मोहम्मद नदीम, डॉ. विजयलक्ष्मी शर्मा, डॉ. अनुभा गुप्ता, अनुज गुप्ता, सोनू आदि रहे।

लखनऊ से चोरी डीसीएम बरामद,एक गिरफ्तार

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली पुलिस ने लखनऊ से एक सप्ताह पहले चोरी हुई डीसीएम को बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर पुलिस को आरोपी के पास से चाकू भी मिला। जबकि डीसीएम चोरी करने का दूसरा आरोपी पुलिस को चकमा देकर भागने में कामयाब हो गया। कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला कोट गर्वी निवासी आदिल व मुहल्ला चमन सराय निवासी सलीम ने दो मार्च को लखनऊ के मुहल्ला शिवाजीपुरम कालोनी आलमनगर मार्ग निवासी रौनक अली की डीसीएम चोरी की थी। तलाश करने के पता भी पता नहीं चला तो रौनक अली ने लखनऊ के थाना पारा में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। डीसीएम को ढूंढते हुए सलमान रविवार को ट्रांसपोर्टनगर पहुंचा और यहां खड़ी डीसीएम को पहचानकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने डीसीएम कब्जे में लेकर आदिल व सलीम की तलाश की। कोतवाल पवन कुमार ने बताया कि सोमवार को सलीम व आदिल के ट्रांसपोर्ट नगर में दून पब्लिक स्कूल की ओर जाने वाले रास्ते पर खड़े होने की सूचना पुलिस को मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने आदिल को गिरफ्तार कर लिया। जबकि सलीम पुलिस को चकमा देकर भागने में कामयाब हो गया।

विकास कार्य नगर पालिका बोर्ड की बैठक में सड़कों के निर्माण, पेयजल व्यवस्था समेत कई प्रस्तावों को मिली मंजूरी

बोर्ड की बैठक में करोड़ों के विकास कार्यों को मिली स्वीकृति, सभासदों ने उठाए मुद्दे

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : नगर पालिका परिषद बोर्ड की बैठक में नगर में विकास कार्यों को लेकर चर्चा हुई। पेयजल व्यवस्था, सड़कों के निर्माण, गृहकर के लिए पुनरीक्षण आदि को लेकर करोड़ों रुपये के प्रस्तावों को बोर्ड ने मंजूरी दी। सभासदों ने भी कई मुद्दे उठाते हुए अपनी बात रखी। बैठक में वित्तीय वर्ष में प्रस्तावित आय 68 करोड़ 71 लाख रुपये, प्रस्तावित व्यय 85 करोड़ 49 लाख 50 हजार रुपये और 20 करोड़ 54 लाख 4 हजार 363 रुपये प्रस्तावित अवशेष का प्रस्ताव मंजूर किया गया।

नगर पालिका सभागार में पालिकाध्यक्ष आसिया मुशीर की अध्यक्षता में बैठक शुरू हुई। एकाउंटेंट इरशाद हुसैन ने एजेंडा पढ़ना शुरू किया। एकाउंटेंट ने कहा कि 23 प्रस्ताव बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत हैं। अगर किसी प्रस्ताव पर चर्चा करनी है तो कर सकते हैं। सभासद शौकीन ने कहा कि हरेक प्रस्ताव पढ़ा जाए तभी तो चर्चा होगी। जिसके बाद लॉग बुक, पुस्तिका और स्टेशनरी खरीद के प्रस्तावों को मंजूरी मिली। लाइनमैनों को रखे जाने, जलकल विभाग द्वारा प्रत्याशा में कराए विभिन्न कार्यों के लिए 65 लाख 69 हजार 762 रुपये का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ। कई कार्यों को कराने के लिए 5 करोड़ 3 लाख 44 हजार 455 रुपये का प्रस्ताव रखा गया। यह प्रस्ताव जलकल व्यवस्था को मजबूती देने वाला रहा। इस बीच सभासद शौकीन ने महिला सभासदों के क्षेत्रों का भी ध्यान रखने की बात कही। वित्तीय वर्ष में 10 कम्प्यूटर आपरेटरों को आउटसोर्सिंग से रखने और 37 लाख 72 हजार 200 रुपये व्यय का प्रस्ताव बोर्ड ने मंजूर किया। 47 निर्माण कार्यों की निविदा कुटेशन स्वीकृति की प्रत्याशा में रखी गई जिस पर 2 करोड़ 23 लाख 6 हजार 350 रुपये व्यय होने, सड़क निर्माण कार्यों में 22 करोड़ 26 लाख 96 हजार रुपये के प्रस्ताव को भी स्वीकृत किया गया। कहा गया कि सड़कों का निर्माण होने से नगरवासियों को सहूलियत मिलेगी। हर तरफ सड़कों का जाल नजर आएगा। स्वास्थ्य विभाग में सामग्री खरीदने के प्रस्ताव पर सभासद शौकीन ने मुद्दा उठाया। कहा कि पूर्व में सफाई निरीक्षक को जो लेटर पैड दिया था उसका क्या हुआ। जवाब से संतुष्ट नहीं हुए तो रिकार्ड दिए जाने की बात कही गई। कहा गया कि चेयरमैन और सभासद के लिखे पैड के आधार पर ही वार्ड में सामान दिया जाए। अंत में वर्ष 2024-25 का मूल बजट पालिका की प्रथम 10 महीने की आय व व्यय के अनुसार प्रस्तुत किया गया तो सभासदों ने कहा कि यह प्रस्ताव एक साल का होना चाहिए। कहा गया कि आगे से इसका ध्यान रखा जाएगा। बैठक में अधिशासी अधिकारी आनंद कुमार कटारिया, सभासद और कर्मचारी मौजूद रहे।

संभल नगर पालिका बोर्ड की बैठक में बोलतीं पालिका अध्यक्ष आसिया मुशीर।

सभासदों ने मार्ग का नाम रखने की उठाई मांग

संभल, अमृत विचार : सभासदों ने संयुक्त रूप से पालिकाध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें होली चौक चौराहा निकट जामा मस्जिद से पीएनबी बैंक तिराहा तक सड़क का नाम पंडित चंद्रशेखर शर्मा गुरु जी मार्ग रखे जाने की मांग उठाई। साथ ही, सरथल चौकी के निकट चौराहा का नाम गुरू चौक रखे जाने की मांग की। ज्ञापन पर सभासद गगन वार्ष्णेय, मंजू, राहेमीन, अनिल कुमार, वेदप्रकाश, मरियम, हाजी पप्पू, मोहम्मद रिहान, राजेंद्र कुमार, मोहम्मद शौकीन, शशि रानी, चंचल आदि के हस्ताक्षर रहे।

नये भवनों पर गृहकर के लिए होगा पुनरीक्षण

संभल, अमृत विचार : पालिका बोर्ड ने नये भवनों पर गृहकर लगाने एवं पुराने भवनों का गृहकर पुनरीक्षण करने का प्रस्ताव स्वीकृत किया। हालांकि सभासदों ने गरीब लोगों के घरों का गृहकर ज्यादा होने और पूर्व में बढ़े गृहकर की जांच कराने की बात रखी। नगर पालिका मैदान में पार्किंग शुल्क के 2 लाख 90 हजार रुपये का प्रस्ताव मंजूर हुआ। चौधरी सराय कैंटीन का ठेका 2 लाख 80 हजार रुपये, नेजा मेले को लेकर 15 लाख 10 हजार रुपये, रिकार्ड कार्यालय में कर निर्धारण फार्म के लिए 1 लाख 25 हजार रुपये के प्रस्तावों को भी बोर्ड ने स्वीकृति प्रदान की।

एक नजर

शराब पीने को पैसे देने से मना करने पर पीटा

चन्दौसी, अमृत विचार : गांव करेली निवासी फिरोज पुत्र सईद अहमद को दी तहरीर में बताया कि रविवार की दोपहर करीब दो बजे वह घर से खेत पर जा रहा था। तब ही जुगनू निवासी मोहल्ला चुन्नी चन्दौसी उसे रास्ते में मिला और उससे शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगा। उसने पैसे देने से मना किया तो गाली-गलौच करते हुए उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जुगनू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

महिला से मारपीट पर दो भाइयों पर रिपोर्ट दर्ज

चन्दौसी, अमृत विचार : महिला ने दूसरे समुदाय के दो युवकों के विरुद्ध अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव मई निवासी महिला रामकली पत्नी स्व. जग्गी ने कोतवाली में तहरीर दी है। महिला का कहना है कि शनिवार की सुबह 11 बजे महिला रामकली खेत पर गाय को चारा खिलाने गई थी। तभी गाय की रस्सी खुल गई। जिससे गाय खेत से निकलकर शाने आलम व शायवे आलम निवासी मई के उपले तोड़ दिए। इस को लेकर महिला के साथ गाली-गलौज व मारपीट की। आरोप है कि महिला के सिर में ईट मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

मारपीट के मामले में चार के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

चन्दौसी, अमृत विचार : मारपीट के मामले में बनियाठेर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव नगला खाकम निवासी नरभान सिंह पुत्र विजय पाल सिंह आठ मार्च को गांव के कल्लू सिंह व बिजेंद्र के साथ शिवरात्रि का मेला देखने चूरखेड़ा की मढ़ी खेतापुर थाना बहजोई गया था। शाम पांच बजे जब तीनों वापस घर लौट रहे थे, तो गांव के पास चार युवकों ने लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। जिसमें आरोपियों ने तीनों को मारपीट कर घायल कर दिया। कुछ लोगों के आने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने टिंकू, बंटी, बुद्धसैन, मुन्ना निवासीगण खेतापुर थाना बहजोई के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

हाल ही में ब्लड बैंक का मिला लाइसेंस, उद्घाटन मौके पर रहे डीएम और सीएमओ भी

राज्यमंत्री ने अस्पताल में किया ब्लड बैंक का उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार: जिला अस्पताल में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री गुलाब देवी ने फीता काटकर ब्लड बैंक का उदघाटन किया। राज्यमंत्री ने ब्लड बैंक में सुविधाओं की जानकारी हासिल की। बताया गया कि ब्लड बैंक आरंभ होने से जिले के लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी।

शासन से हाल ही में जिला अस्पताल के ब्लड बैंक को लाइसेंस मिला है। जिसके बाद सोमवार को ब्लड बैंक उद्घाटन का कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री गुलाब देवी ने फीता काटकर ब्लड बैंक का उद्घाटन किया। राज्यमंत्री को बताया गया कि ब्लड बैंक जिले के लिए बड़ी उपलब्धि है। गर्भवती महिलाओं और हादसे के गंभीर घायलों को ब्लड मिलने से सहूलियत मिलेगी। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि जिला संयुक्त चिकित्सालय में ब्लड बैंक का संचालन होने से पूरे जनपद के लोगों को लाभ मिलेगा। इस दौरान भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू, भाजपा नेता डॉ.अरविंद गुप्ता, संजय सांख्यधर,विनय गुप्ता,कपिल सिंघल,सीएमओ डॉ.तरन्नुम रजा, एसीएमओ डॉ.पंकज विश्नोई, सीएमएस डॉ.अनूप कुमार अग्रवाल, डॉ.जया कौशल, डीपीएम एनएचएम संजीव कुमार राठौर, देवेश दीक्षित आदि मौजूद रहे।

जिला अस्पताल में ब्लड बैंक उद्घाटन के अवसर पर राज्य मंत्री गुलाब देवी, डीएम मनीष बंसल व सीएमओ डॉ .तरन्नुम रजा।

मारपीट के बाद गले से सोने की चेन खींच कर आरोपी हुआ फरार

चन्दौसी, अमृत विचार: गाली-गलौज का विरोध करने पर घर के दरवाजे पर खड़े युवक को मारपीट कर गले से सोने के चेन छीन ली। घटना के बाद दो आरोपी फरार हो गए। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई और आरोपियों के घर दबिश दी।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सेमर टोला निवासी बुद्ध प्रकाश सागर पुत्र स्व. जीराज सिंह ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा है कि रविवार की शाम सात बजे नशे की हालत में मोहल्ले के दो युवक उसके दरवाजे पर पहुंचे। दरवाजे पर बंध रहे पालतू कुत्ते के भौंकने पर गाली-गलौज करने लगे। जब उनका पुत्र हिमांशु दरवाजे पर पहुंचा और गाली-गलौज का विरोध किया तो दोनों ने हिमांशु से मारपीट शुरू कर दी। तभी एक आरोपी ने युवक के गले से सोने के चेन खींच ली और फरार हो गए।

सीएए लागू होते पुलिस अलर्ट, अर्द्धसैनिक बल तैनात

जनपद में भ्रमण पर निकले एसपी, अधिकारियों ने भी शुरू की निगरानी, हर गतिविधि पर नजर

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : देश में सीएए लागू होने पर संभल जिले में कड़ी सतर्कता बरती जा रही है। किसी भी तरह के हंगामे और बवाल की आशंका को लेकर पुलिस अलर्ट है। इतना ही नहीं, अर्द्धसैनिक बल के जवानों को विभिन्न स्थानों पर तैनात कर दिया गया। हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है।

जनपद में सोमवार को शाम होने पर पुलिस हरकत में आ गई। पुलिस के साथ ही अर्द्धसैनिक बल के जवान मुस्तैदी दिख रहे हैं। यह सतर्कता देश में सीएए लागू हो जाने के बाद देखी गई। किसी भी तरह के हंगामे और बवाल की आशंका में पुलिस एवं अर्द्धसैनिक बल के जवान मोर्चा संभाले हैं। संभल शहर में शंकर इंटर कॉलेज चौराहा, एजेंटी तिराहा, आर्य समाज रोड के अलावा विभिन्न प्वाइंटों पर अर्द्धसैनिक बल के जवानों एवं पुलिस की मुस्तैदी दिखाई दी। एसपी कुलदीप सिंह गुनावत भी भारी पुलिस बल के साथ जिले के भ्रमण पर निकले। एसपी ने सुरक्षा एवं सतर्कता को लेकर अधीनस्थों को निर्देश दिए। संभल में शंकर इंटर कॉलेज चौराहा पर सीओ अनुज कुमार चौधरी, एसडीएम विनय कुमार मिश्रा की मौजूदगी के साथ ही विभिन्न थानों के प्रभारी भी मौजूद रहकर हालात पर निगाह बनाए रहे। संभल शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी सीएए लागू होने के बाद कड़ी सतर्कता बरती जाने लगी। देर रात तक शहर, कस्बा व ग्रामीण क्षेत्र में हर गतिविधि पर पुलिस की नजर रही।

शंकर चौराहा पर अर्द्धसैनिक बल के साथ मुस्तैद सीओ अनुज कुमार चौधरी।

बवाल करने वालों की निगरानी शुरू

संभल, अमृत विचार : जनपद संभल में पुलिस ने उन लोगों की कड़ी निगरानी शुरू कर दी है, जो पूर्व में सीएए को लेकर हुए बवाल में शामिल हुए थे। कहा गया कि अगर इस बार लोगों ने बवाल किया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सीएए लागू होने के बाद सोमवार को शाम से पुलिस ने उन लोगों पर फोकस लिया जो पहले बवाल करने में शामिल थे। इन लोगों की कड़ी निगरानी करते हुए हर गतिविधि पर नजर रखी जाने लगी।

सीएए का नोटिफिकेशन जारी होने पर सतर्क हुई पुलिस

चन्दौसी, अमृत विचार : केंद्र सरकार द्वारा सोमवार की शाम नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) का नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया। जिससे शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया। शाम को भारी पुलिस बल ने अधिकारियों के साथ मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में पैदल मार्च कर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। सोमवार की शाम छह बजे जैसे ही केंद्र सरकार ने नोटिफिकेशन जारी किया। पुलिस तत्काल हरकत में आ गई। सीओ डॉ. प्रदीप कुमार सिंह व प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह ने भारी पुलिस बल व अर्द्धसैनिक बल के साथ मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र जारई गेट, लक्ष्मण गंज, नखासा, सीकरी गेट आदि क्षेत्र में पैदल मार्च किया। साथ ही लोगों ने शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील की। इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में पुलिस तैनात कर दी गई।

गुन्नौर में अलर्ट मोड पर दिखी पुलिस

गुन्नौर अमृत विचार : देश में सीएए लागू होने के बाद पुलिस अलर्ट मोड पर दिखी। कस्बा गुन्नौर, सैंजना मुस्लिम आदि इलाकों पुलिस चौकसी बढ़ा दी गई। जगह-जगह पुलिस की मुस्तैदी दिखाई दी। पुलिस ने सतर्कता अपनाते हुए हर गतिविधि पर नजर रखी।

▸▸ शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी कड़ी सतर्कता बरती जा रही

मदरसे में हुई बैठक में मौजूद उलेमा। ● अमृत विचार

उलमा का ऐलान, पहला रोजा आज

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार: मरकजी मदरसा अहले सुन्नत अजमल उल उलूम में मरकजी रुयते हिलाल कमेटी की बैठक शहर मुफ्ती कारी अलाउद्दीन अजमली की सदारत में हुई। जिसमें शहर के उलमा, दानिश्वर, विद्वानों ने हिस्सा लिया।

बैठक में कहा गया कि लोगों ने चांद देखा। इसलिए यह ऐलान किया गया कि 12 मार्च को पहला रोजा है। बैठक में कारी तंजीम अशरफ अजमली, मुफ्ती आसिफ मिस्बाही, मुफ्ती आलम नूरी, मुफ्ती अहमद रजा, इमामे ईदगाह मौलाना जहीरुल इस्लाम, मौलाना नफीस अख्तर अशरफी, मुफ्ती महबूब मरकजी, मौलाना जियाउल मुस्तफा, ख्वाजा कलीम अशरफ, मौलाना शमशाद मिस्बाही, मौलाना गुल अजमली, कारी वसी अशरफ, कारी साजिद, कारी सरताज, कारी शाहिद, हाजी जफीर अहमद, फरीद अहमद एडवोकेट, सय्यद अब्दुल कदीर, मुश्फिक एडवोकेट, अकरम एडवोकेट, परवेज उल्लाह, डॉ. रजी अनवर, शफीक बरकाती, मास्टर इस्माईल, तकी अशरफ़ एडवोकेट मौजूद रहे।

रमजान के पवित्र महीने में भाईचारा कायम कर नेक काम करें मुस्लिम

चन्दौसी, अमृत विचार: मुस्लिम समाज में सोमवार को चांद दिखने के बाद मंगलवार से रमजान का पवित्र महीना शुरू हो गया है। चांद दिखने के बाद समाज के लोग तैयारियों में जुट गए और बाजारों में भीड़ देखने को मिली। इस दौरान आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया।

शहर काजी मरगूब नौशाही ने बताया कि चांद का दीदार हो गया है। पहला रोजा 12 मार्च दिन मंगलवार को रखा जाएगा। रमजान के पूरे महीने की विशेष नमाज तरावीह पहले रोजे की पूर्व संध्या (यानी चांद रात की ईशा की नमाज)से शुरू होगी। हर साल की तरह इस साल भी दिलशाद मैरिज होम सीकरी गेट मे तरावीह सात दिन में मुकम्मल की जायेगी। जिसमें हाफिज सुहैल तिलावत करेंगे और शहर काजी मरगूब समात करेंगे।

चांद दिखाई दिया, पहला रोजा आज

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

अमृत विचार: आसमान में चांद दिखाई देने पर मुस्लिम समुदाय के लोगों में खुशियों का माहौल है। लोगों ने एक-दूसरे को चांद दिखाई देने की मुबारकबाद दी। पहला रोजा मंगलवार को है। लोगों ने खरीदारी भी शुरू कर दी।

शाम होते ही लोग घरों की छतों और अन्य स्थानों से आसमान की तरफ देखने लगे। जैसे ही आसमान में चांद नजर आया तो लोगों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। लोगों ने एक-दूसरे को रमजान का चांद दिखाई देने की मुबारकबाद दी। वहीं लोगों ने मंगलवार को पहला रोजा होने को लेकर बाजारों में पहुंचकर खाद्य पदार्थों की खरीदारी की। संभल समेत दूसरे शहर कस्बा और ग्रामीण क्षेत्रों में रात तक लोग खरीदारी करते नजर आए। ईशा की नमाज के बाद तरावीह की नमाज अदा की गई।

संभल में चांद देखने के बाद खुश मुस्लिम समुदाय के लोग। ● अमृत विचार

रमजान महीने में एक नेकी पर मिलता है 70 गुना सवाब

संभल/ओबरी अमृत विचार : गांव ओबरी के मौलाना निजामुद्दीन ने कहा कि इबादत के पाक महीने रमजान मुबारक में अल्लाह के जो बंदे खुशी-खुशी रोजा रखते हैं। पांचों वक्त की नमाज के साथ ही तरावीह की नमाज पढ़ते हैं और अल्लाह की इबादत करते हैं। अल्लाह ऐसे लोगों को खुद नेकिया अता फरमाएगा। रमजान में एक नेकी करने पर 70 गुना सवाब मिलता है। उन्होंने कहा कि लोग रोजा इफ्तार करने से पहले आसपास और मुल्क में अमन चैन के साथ ही अपने लोगों के लिए दुआ करें।

▸▸ जिले में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सोमवार को देर रात तक की खरीदारी

तैयारी संजीवनी वाटिका में हुआ भाजपा कार्यकर्ता मिलन समारोह

लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपाइयों ने किया मंथन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: बहजोई रोड स्थित संजीवनी वाटिका में सोमवार को भाजपा कार्यकर्ता मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर मंथन किया गया। इस दौरान विभिन्न राजनीतक दलों से करीब 450 पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब गुलाब देवी ने कहा कि आज भाजपा एक पार्टी ही नहीं बल्कि करोड़ों भारतीयों का परिवार है। भाजपा अपने परिवार का ध्यान केंद्र सरकार द्वारा लाभकारी एवं जनकल्याणकारी योजनाये देकर कर रही है। जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा वह पार्टी है जिसका बूथ अध्यक्ष भी राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है। अन्य पार्टियों की तरह नहीं जो सिर्फ परिवारवाद में ही विश्वास करती है।

कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी पवन गुप्ता पूर्व अध्यक्ष गन्ना विकास परिषद के नेतृत्व में लगभग 200 लोगों ने भाजपा सदस्यता ली। हितेश कुमार ग्राम प्रधान, सूर्यजीत सिंह, गोपेश आदि के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं बसपा छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। धर्मपाल सिंह यादव सादात वाड़ी के नेतृत्व में 50 लोगों ने, बसपा नेता साबिर हुसैन मलिक के नेतृत्व में 55 लोगों ने, बहजोई नगर के पूर्व सभासद अनिल शर्मा, नीरज कुमार, वर्तमान सभासद व्यापारी नेता अनुज, सभासद इरफान, बबलू, प्रवीण शर्मा आदि मंडल के पदाधिकारियों ने, छाबड़ा क्षेत्र के ग्राम प्रधान उल्फत सिंह, लव कुमार यादव आदि ने, अकबरपुर चितौरी से रेनू के नेतृत्व में लगभग 20 महिलाओं ने, सराय सिकंदर के ग्राम प्रधान चंद्र प्रकाश और रामपाल सिंह के नेतृत्व में 20 लोगों ने और साबिर खान के नेतृत्व में 50 लोगों ने और धर्मेंद्र कुमार उर्फ बॉबी जाटव ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी राकेश चौहान, चंद्रपाल सिंह पप्पू चौधरी, राजेश सिंघल, परमेश्वर लाल सैनी जी ने संबोधित किया। संचालन मनोज कठेरिया व विनोद कुमार बिन्नी ने संयुक्त रुप से किया।

इस अवसर पर धर्मेंद्र मिश्रा, पंकज गुप्ता, भुवनेश राघव, सुभाष भटनागर, विनोद कुमार बिन्नी, अरविंद गुप्ता, राजेंद्र सिंह यादव एडवोकेट, सतीश अरोड़ा, आकाश अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, अभिनव शर्मा, डॉ. टीएस पाल, राखी सिरोही, क्रांति कुमार, शुभम अग्रवाल, राजू ठाकुर, निशांत शर्मा, अनुभव श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

चन्दौसी में भाजपा की बैठक में मंचासीन पदाधिकारी। ● अमृत विचार

चन्दौसी में आराध्या वूमेन एण्ड चाइल्ड वेलफेयर द्वारा सम्मानित महिलाएं।

महिलाओं को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: आराध्या वूमेन एंड चाइल्ड वेलफेयर एसोसिएशन ने अनुष्क सेलिब्रेशन हॉल में मातृशक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं को सम्मानित किया गया। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय, डॉ. मोनिका राजवंशी, बाल विकास परियोजना अधिकारी रचना यादव, मीनू आहूजा, योग शिक्षिका रूपाली, शिक्षिका संगीता सिंह, कोरियोग्राफर तुलसी अरोड़ा आदि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सचिव डॉ. दुर्गा टंडन ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के माध्यम से ही समाज का समग्र रूप से विकास होगा। अध्यक्ष पूनम अरोड़ा ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के आत्म बल को बढ़ाना है। कार्यक्रम में बृजबाला वार्ष्णेय, हरप्रीत कौर, बेबी मखीजा, शीतल सूरी, प्रियंका वासन, मंजू गुप्ता, रेखा रस्तोगी, संगीता शर्मा, प्रियंका सिंह, आशा गोस्वामी, आरती शर्मा, आदि रहीं।

▸▸ महिला सशक्तिकरण से ही समाज का समग्र रूप से विकास

सार संक्षेप

कुष्ठ आश्रम में घरेलू सामान बांटती वूमेन शिखर की सदस्य। ● अमृत विचार

कुष्ठ रोगियों को बांटा जरुरत का सामान

चन्दौसी, अमृत विचार : जायंट्स ग्रुप वूमेन शिखर द्वारा कुष्ठ आश्रम पहुंच कर सेवा कार्य किया। कुष्ठ रोगियों के लिए जरुरत का सामान बांटा गया। जिसमें आटा, दाल, चीनी, चावल, चाय पत्ती, नहाने का साबुन, कपड़े धोने का साबुन, कपड़े आदि दिए गए। ग्रुप की अध्यक्ष शालिनी शर्मा ने बताया कि हमें समय-समय पर गोसेवा, पौधरोपण, अस्पताल में भर्ती मरीजों की सेवा करनी चाहिए। इस क्रम में ग्रुप के अन्य सदस्यों ने भी अपनी सुविधानुसार मदद की और कुछ नगद धनराशि और भोजन भी दिया। इस अवसर पर शीनू शर्मा, शोभा शर्मा, सीमा अग्रवाल, अर्चना शर्मा, शिखा शर्मा मौजूद रहीं।

ट्रॉफी जीत कर लौटीं छात्राओं का उत्साहवर्धन करतीं प्राचार्या अलका रानी।

रेंजर्स समागम से लौटीं छात्राओं को किया सम्मानित

चन्दौसी, अमृत विचार : बरेली कॉलेज में आयोजित अंतर्महाविद्यालय स्तरीय रेंजर्स समागम समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें एनकेबीएमजी कॉलेज की रेंजर्स की दोनों इकाइयों की प्रभारी डॉ. मनीषा अग्रवाल व डॉ. इमराना के निर्देशन में 13 रेंजर्स की एक टीम मीनू भारती जिला संगठन आयुक्त गाइड के संरक्षण में भेजी गई थी। जिसमें किम्स गेम में छात्रा नीलम गिरी व कोमल, लक्ष्मी, ज्योति, मुस्कान ने समूह नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा ईशा रस्तोगी, कोमल, समीक्षा, मुस्कान, प्रतिज्ञा उपाध्याय ने नाटक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सोमवार को टीम के वापस आने पर प्राचार्या प्रोफेसर अलका रानी अग्रवाल ने सभी रेंजर्स का उत्साहवर्धन करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रमाण पत्र व ट्राफी देकर सम्मानित किया।

कॉलेज में पोस्टर देखतीं एसडीएम नीतू रानी। ● अमृत विचार

मतदान दिवस को उत्सव के रुप में मनाएं : एसडीएम

चन्दौसी, अमृत विचार : एनकेबीएमजी कॉलेज में सोमवार को मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और पोस्टर बना कर मतदान के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी नीतू रानी व प्राचार्या प्रोफेसर अलका रानी अग्रवाल ने संयुक्त रुप से प्रतियोगिता का निरीक्षण किया। एसडीएम ने कहा कि मतदान दिवस को अवकाश के रूप में नहीं बल्कि उत्सव के रुप में मनाएं। छात्राएं अपने परिवारजनों व पास पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करें। उन्होंने छात्राओं को वोट बनवाने के विभिन्न तरीकों के बारे में बताया। प्राचार्या ने कहा कि जिन छात्राओं की आयु 18 वर्ष से अधिक है वे शीघ्र अपना पंजीकरण् कराएं तथा जिन छात्राओं का वोट बन गया है वह अपने साथियों को वोट बनवाने के लिए प्रोत्साहित करें। पोस्टर प्रतियोगिता में छात्रा फाहनूर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि छात्रा नीलम कुमारी द्वितीय तथा स्वाति व श्रृष्टि माथुर तृतीय स्थान पर रहीं। कहकशां को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम का संयोजन स्वीप प्रभारी डॉ. रीता ने किया। इस अवसर पर मतदाता जागरुकता समिति की सदस्य अमनदीप कौर, डॉ. शीतल यादव, आंचल, फरहीन का सहयोग रहा। डॉ. बबीता, डॉ. शीतल गहलोत, विभा सिंह समेत छात्राएं उपस्थित रहीं।

स्कूटी हटाने को लेकर मारपीट में पांच पर रिपोर्ट दर्ज

चन्दौसी, अमृत विचार : कोतवाली पुलिस ने पांच दिन बाद मारपीट की घटना में दो महिला सहित पांच लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सात मार्च की शाम शक्ति नगर में स्कूटी हटाने को लेकर मारपीट हुई थी। जिसमें पिता-पुत्र घायल हुए थे। शक्ति नगर निवासी महिला चम्पा देवी पत्नी महेश चंद्र यादव ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा है कि सात मार्च की शाम 4.45 बजे वह अपने पुत्र मुकेश कुमार के साथ गाजियाबाद जाने के लिए निकली। वह अपनी कार में सवार हुई तो कार के पीछे दीपक की स्कूटी खड़ी थी, जिसे हटाने के लिए कहा तो दीपक का बड़ा पुत्र गाली-गलौज करने लगा। जब महिला ने विरोध किया तो दीपक व उसके पुत्र ने मारपीट शुरू कर दी। महिला को बचाने आए पति महेश चंद्र व पुत्र मुकेश कुमार को धारदार हथियार व लाठी-डंडों से पीटा। महिला की तहरीर पर पुलिस ने दीपक, उसके बड़े पुत्र समेत गुंजन, नीलम, पंकज के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

अवैध शस्त्र रखने के दोषी को तीन दिन की सजा

चन्दौसी, अमृत विचार : संभल पुलिस की पैरवी से न्यायालय सीजेएम(जेडी)/एफटीसी जनपद बदायूं द्वारा अवैध शस्त्र के आरोपी सुरेश पुत्र नत्थू निवासी मोहल्ला टंकी कस्बा बबराला थाना गुन्नौर जिला संभल को जेल में बिताई गई अवधि तीन दिवस के कारावास व एक हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। मामला वर्ष 2010 का है। थाना गुन्नौर पुलिस ने मुकदमा धारा 25 आयुध अधिनियम के तहत सुरेश के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया था।।

एनडीपीएस एक्ट के आरोपी को साढ़े तीन वर्ष की सजा

चन्दौसी, अमृत विचार : न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट संभल स्थित चन्दौसी ने एनडीपीएस एक्ट के एक आरोपी को तीन वर्ष छह माह के कठोर कारावास व 15 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। थाना कुढ़फतेहगढ़ में एनडीपीएस एक्ट के तहत अनुज शर्मा पुत्र रामपाल शर्मा निवासी गांव रीठ थाना कुढ़फतेहगढ़ के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। सोमवार को न्यायालय ने आरोपी अनुज शर्मा को दोषी करार देते हुए तीन वर्ष छह माह के कठोर कारावास व 15 हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। सजा दिलाए जाने में एडीजीसी प्रेमप्रकाश मौर्य का योगदान रहा है।

अवैध शस्त्र के आरोपी को छह दिवस की सजा

चन्दौसी, अमृत विचार : न्यायालय जेएम संभल द्वारा धारा 25 आर्म्स एक्ट थाना हजरतनगर गढ़ी जनपद संभल में आरोपी नौसिंह पुत्र जौहरी निवासी बरखेड़ा थाना हजरतनगर गढ़ी को धारा 25 आर्म्स एक्ट में दोषी करार देते हुए जेल में बिताई गई अवधि छह दिवस के कारावास व एक हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है।

13 मार्च को होगी जामा मस्जिद मामले की सुनवाई

बदायूं, अमृत विचार : अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश पटेल ने जामा मस्जिद की जगह नीलकंठ महादेव मंदिर होने का दावा किया था। मामला कोर्ट में विचाराधीन है। जिसकी सुनवाई 11 मार्च निर्धारित थी। अब कोर्ट ने 13 मार्च की तिथि नीयत की है। कोर्ट पोषणीयता या सर्वे कमीशन के मामले में सुनवाई करेगा। प्रदेश अध्यक्ष ने सिविल जज सीनियर डिविजन की कोर्ट में याचिका दायर की थी। इसमें उन्होंने नीलकंठ महादेव मंदिर की जगह जामा मस्जिद होने का दावा किया। प्रदेश अध्यक्ष के अधिवक्ताओं ने सर्वे कमीशन का और इंतजामिया कमेटी के अधिवक्ताओं ने पोषणीयता को लेकर सुनवाई का प्रार्थना पत्र दिया था जिसकी पुरानी तारीख 11 मार्च निर्धारित थी। अब 13 को मामले में सुनवाई होगी।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

न कुलं वृत्तहीनस्य प्रमाणमिति में मतिः।
अन्तेष्वपि हि जातानां वृतमेव विशिष्यते॥

ऊंचे या नीचे कुल से मनुष्य की पहचान नहीं हो सकती। मनुष्य की पहचान उसके सदाचार से होती है, भले ही वह नीचे कुल में ही क्यों न पैदा हुआ हो।

संपादकीय

चीन की परेशानी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अरुणाचल दौरे को लेकर चीन की आपत्ति उसकी चिंता को दर्शाती है। सोमवार को एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा कि जंगनान (अरुणाचल प्रदेश) क्षेत्र चीनी क्षेत्र है। चीन ने भारत द्वारा अवैध रूप से स्थापित अरुणाचल प्रदेश को कभी मान्यता नहीं दी और वह इसका दृढ़ता से विरोध करता है। हमारी गंभीर चिंताओं के बावजूद, एक भारतीय नेता विवादित क्षेत्र में गए। उन्होंने कहा कि भारत और चीन के बीच लंबे समय से चल रहे सीमा विवाद पर तनाव बढ़ना तय है। उम्मीद है कि भारतीय पक्ष सीमा क्षेत्र पर समस्याएं पैदा नहीं करेगा। दरअसल चीन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया अरुणाचल प्रदेश यात्रा से गहराई से परेशान है। सीमा पर स्थिति स्थिर लेकिन संवेदनशील है। प्रधानमंत्री ने बीते शनिवार को अरुणाचल प्रदेश का दौरा कर हजारों करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में 13,000 फुट की ऊंचाई पर स्थित सेला सुरंग राष्ट्र को समर्पित की। यह सुरंग सामरिक महत्व रखने वाले तवांग तक हर मौसम में सड़क संपर्क मुहैया करेगी और इससे सीमांत क्षेत्र में सैनिकों की सुगमता से आवाजाही सुनिश्चित होने की भी उम्मीद है। तवांग तिब्बती बौद्ध का एक प्रमुख केंद्र है। अरुणाचल के ऊपरी हिस्से में ऐसी कई जनजातियां हैं जिनका तिब्बत की जनता से सांस्कृतिक रिश्ता रहा है। मोनपा कबीला तिब्बती बौद्ध धर्म की मान्यताओं पर चलता है। विशेषज्ञों के मुताबिक, चीन को डर है कि इन नस्लीय कबीलों की अरुणाचल में मौजूदगी तिब्बत की आजादी के आंदोलन को तेज कर सकती है और चीन के लिए ये सबसे बड़ा खतरा बन सकती है। तवांग पर चीन की रुचि की एक वजह सामरिक है। ये जगह भारत के उत्तर पूर्वी क्षेत्र में प्रवेश का रास्ता है। तिब्बत-ब्रह्मपुत्र वैली कॉरिडोर में ये एक महत्वपूर्ण बिंदु है।

चीन अपने रुख को जाहिर करने के लिए भारतीय नेताओं के अरुणाचल प्रदेश दौरे पर हमेशा आपत्ति जताता रहा है। भारत ने चीन से निपटने के लिए दोतरफा नीति अपनाई है। इस नीति के तहत एक ओर भारत चीन के साथ आर्थिक संबंधों को बनाए रखने और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर कूटनीतिक सहयोग को बढ़ाने के लिए ब्रिक्स, एससीओ तथा रूस-भारत-चीन त्रिपक्षीय जैसे मंचों से लगातार जुड़ा हुआ है। इसके अलावा भारत ने अपनी सैन्य और निवारक क्षमताओं को बढ़ाने के प्रयासों को नीति के दूसरे पक्ष के रूप में कायम रखा है। वैसे भी चीन अरुणाचल प्रदेश पर अक्सर गलत बयानी करता रहा है। वह अरुणाचल प्रदेश को दक्षिणी तिब्बत का हिस्सा बताता है। इसका भारत ने हमेशा कठोरता से विरोध दर्ज कराया है।

समस्त विकृतियों का कारण तत्वः अहंकार और ममता

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

जनता का इतिहास केवल द्वंद्व का ही नहीं समायोजन, समन्वय और सामंजस्य का भी है। समायोजन, समन्वय और सामंजस्य न होता तो भारत को राष्ट्र कैसे कहा जाता? राष्ट्र का तात्पर्य है भारत की शत-सहस्र मानव जातियों की एकता।

आप वैज्ञानिक समाजवाद की बात करते हैं या व्यक्तिवाद और पूंजीवाद या बाजारवाद की, आप लोकतंत्र की बात करते हैं या तानाशाही की, आप भ्रष्टाचार की बात करते हैं या आतंकवाद की। यह निश्चित ही है कि उन समस्त विकृतियों का कारण तत्व मनुष्य का अपना ही अहंकार है, ममता है जिसके कारण समाज में अन्याय और अत्याचार, विषमता और भेदभाव होता है। संतों ने ऋषियों ने, कवियों ने, मनीषियों और चिंतकों ने अहंकार और ममता के खोल से बाहर आकर इस कारण तत्व को पहचाना था।

बहुत से पढ़े लिखे लोग हैं, जो प्रायः भारत के सामान्य लोगों पर टीका टिप्पणी करते ही रहते हैं कि ये अंधविश्वासी हल, ये रूढ़िवादी हैं, ये सामंतवादी हैं, ये जातिवर्णवादी हैं, ये पुराणवादी हैं। ये लोकतंत्र के योग्य नहीं हैं, ये असभ्य हैं और न जाने क्या-क्या! हमारे गौरांग प्रभु भी किसी जमाने में ऐसी ही टीका करते रहते थे। एक जमाना था, जब संसार में मनुष्य का वर्गीकरण प्रजाति के आधार पर होता था। नेतृत्वशास्त्री मानव शरीर के विभिन्न अवयवों खोपड़ी-नाक, जबड़े, लंबें-ठिगने, काले-गोरे के भेद करते हुए उनका वर्गीकरण करते थे। हिटलर ने तो कह दिया था कि छोटी खोपड़ी वाले लोग पूरे आदमी नहीं हैं और वे शासित होने के लिए ही पैदा हुए हैं। लाखों लोगों को मृत्यु के मुंह में धकेलने के पीछे यही तर्क था। भारत को उपनिवेश बनाए रखने में गौरांगप्रभु इसी तर्क का आयुध लेकर खड़े थे कि हम इनको सभ्य बना रहे हैं, लेकिन मानवशास्त्री जैसे-जैसे मनुष्य के अध्ययन की दिशा में आगे बढ़े, लोक विज्ञान की शाखाओं का विस्तार हुआ।

जेम्स फ्रेजर, वेस्टर मार्क और दूसरे दूसरे मनीषियों ने विभिन्न देशों में मनुष्य व्यवहार का प्रत्यक्ष अध्ययन किया। उन्होंने प्रत्यक्ष प्रमाण देकर जो स्थापना कीं, वे सर्वमान्य हुईं और कहा कि आखिरकार मनुष्य एक ही प्रजाति है। उनकी स्थापना थी कि मनुष्य चित्त सर्वत्र एक है। इसके आगे मनोविज्ञान बढ़ा उसने इस तथ्य की पुष्टि के साथ मन की गतियों का भी विवेचन किया। यह बात जरूर है कि परिवेश भिन्न होगा तब मन की गति भी भिन्न होगी। इन्होंने और आगे बढ़कर समष्टि मन का भी सिद्धांत दिया। सच्चाई यह कि विश्व के अन्य देशों की तरह भारत का मनुष्य भी मनुष्य ही है, जो प्राकृतिक, राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक परिवेश है, वह अवश्य भिन्न है। हम अपने समष्टिजीवन को नहीं देख रहे, विकसित देशों को देख रहे हैं जिनके पास प्राकृतिक संपदा और भूमि अधिक है और जनसंख्या बहुत कम। इसलिए यह बात बिल्कुल मिथ्या है कि वे कुछ अधिक मनुष्य हैं और भारतीय कुछ कम मनुष्य हैं, फिर भी यदि कोई ऐसा मानता है तो यह उसकी शिक्षा-दीक्षा का दोष है।

> मनुष्य को प्रकृति ने पांच अद्भुत उपहार दिए हैं, जो अन्य किसी प्राणी को नहीं मिल सके। मनुष्य सीधे तनकर खड़ा हो सकता है। जमीन पर सीधा लेट सकता है। मनुष्य के हाथों में पकड़ने, स्वतंत्रता से घुमाने की क्षमता है। मनुष्य के पास तीक्ष्ण और केन्द्रित की जाने वाली नजर है। मनुष्य के पास तर्क करने या कारण कार्य संबंध को खोजने वाला मस्तिष्क है। मनुष्य के पास वाणी, अभिव्यक्ति और चिंतन के बिंबों की योग्यता है, स्वर है। संस्कृति और विज्ञान का विकास इन उपहारों का ही प्रसाद है। मनुष्य जब सीधा लेटता है, तब आसमान उसकी नजर में होता है। अनंत आकाश! अनंत की कल्पना उसका सहज स्वभाव है।

जनता का इतिहास केवल द्वंद्व का ही नहीं समायोजन, समन्वय और सामंजस्य का भी है। समायोजन, समन्वय और सामंजस्य न होता तो भारत को राष्ट्र कैसे कहा जाता? राष्ट्र का तात्पर्य है भारत की शत-सहस्र मानव-जातियों की एकता। समान सामूहिक-स्मृतियां, समान-आनुवंशिकता, सहिष्णुता, सह-अस्तित्व। एक साथ जिंदा रहना और इतिहास के उतार-चढ़ाव में समान अनुभूतियों से गुजरना। हितों का संघर्ष बार-बार हुआ है, बार-बार होता रहेगा, किंतु समायोजन संघर्ष से बड़ा सत्य है। समस्त इतिहास गवाही दे रहा है, आदमी और आदमी का संबंध अनंतानंत भौतिक-मनोवैज्ञानिक प्रक्रियाओं का परिणाम है। भारत की धरती के कण-कण से, एक-एक पोखर-तालाब, नदी, सरोवर, पहाड़ से इस धरती के जन का जो तादात्म्य है, वह किसी कानून के भय ने पैदा नहीं किया। वह लोक जीवन की उस अनादि परंपरा का संविधान है जिसमें राजा-प्रजा एक घाट पर नहाते रहे हैं। कोई लोक को आधार बना सके, सामंजस्य-भाव को खोज सके, समष्टि चेतना को खोज सके। क्या यहां युद्ध ही होते रहे? क्या सत्ता का ही इतिहास होता है? आम आदमी के जीवन का निरंतर प्रवाह नहीं होता? क्या भलमनसाहत नहीं होती? क्या सर्वजनहित नहीं होता? क्या आप सर्वजन, समष्टिजन, सामान्यजन का इतिहास नहीं लिख सकते?

जनता के मुद्दे अलग होते हैं, सत्ता के मुद्दे अलग होते हैं। वे परस्पर विरोधी भी होते हैं। घोड़ा घास की कैसी यारी? जनता की एकता को खंडित करने के लिए सत्ता दूसरे मुद्दों को खड़ा करती है। इसके लिए मिथ्या सिद्धांतों के स्टेच्यू खड़े किए जाते हैं। ठीक उसी प्रकार जैसे अदालत में अपराधी का वकील तर्क से भ्रमित करने का प्रयास करता है। ठीक उसी प्रकार जैसे बहुत सी कंपनियां ग्राहकों को भ्रमित करती हैं और ढाई सौ रुपये में बढ़िया मोबाइल बांटती हैं या ठीक उसी प्रकार जैसे वे सिद्ध लोग हैं-कोटि-कोटि प्रणाम बाबा और कृपा आनी शुरू कर देते हैं, उसी प्रकार के मिथ्या सिद्धांत सामान्यजन के बीच भ्रमित करने का काम करते हैं। ये भ्रम बहुत समय तक बने रहते हैं। इस समय चारों ओर भ्रम के धुएं का अंधकार है, मिथ्यासिद्धांतों के स्टेच्यू खड़े किए जा चुके हैं। धुएं के किले। धुआं का धौरहर। अहंकार का आवेश होता है, मद होता है तब मनुष्य समझने लगता है कि मैं ही कर्ता और भोक्ता हूं। मैं ही ईश्वर हूं। अहं का देहेन्द्रिय तक सीमित रहने वाला यह रूप कितना मिथ्या है? क्षुद्र अहं! लेकिन अहं का एक रूप वह भी है, जब सीमा टूट जाती हैं, अहं पिघल जाता है और विराट बन जाता है। बिंदु में सिंधु समान को कासों अचरज कहे? फूटा कुंभ जल जलहि समाना। अद्वैतभाव!

आस्तिकता और नास्तिकता का सवाल आज का नहीं है, हजारों हजारों साल पुराना है। आस्तिकता और नास्तिकता दो जीवन शैलियों के नाम हैं। मैं अपने को आस्तिक कहूं या नास्तिक जो भी कहूं इससे क्या अंतर पड़ता है? असली बात आचरण-व्यवहार की है, समष्टिहित की है। यदि मेरा आचरण-व्यवहार स्वार्थमय है, यदि मन में वही मोह-छोह और क्षुद्रवासनाएं हैं तो इससे अंतर ही क्या पड़ता है कि मैं अपने को आस्तिक कहता हूं अथवा नास्तिक कहता हूं? यह प्रश्न निरर्थक है कि आप ईश्वर को मानते हैं या नहीं मानते हैं। महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि आप समष्टि के लिए जी रहे हैं या अपने स्वार्थ के लिए ही सब कुछ किया है? आपने समष्टिहित की जिम्मेदारी के पद पर आकर भी अपने स्वार्थ की साधना ही की है या समष्टिहित का साधन किया है? आपने रोटी अकेले ही खाई है या दूसरों को बांट करके खाई है? यही धर्म है और विज्ञान भी यही है।

मनुष्य को प्रकृति ने पांच अद्भुत उपहार दिए हैं, जो अन्य किसी प्राणी को नहीं मिल सके। मनुष्य सीधे तन कर खड़ा हो सकता है। जमीन पर सीधा लेट सकता है। मनुष्य के हाथों में पकड़ने, स्वतंत्रता से घुमाने की क्षमता है। मनुष्य के पास तीक्ष्ण और केन्द्रित की जाने वाली नजर है। मनुष्य के पास तर्क करने या कारण कार्य संबंध को खोजने वाला मस्तिष्क है। मनुष्य के पास वाणी, अभिव्यक्ति और चिन्तन के विंबों की योग्यता है, स्वर है। संस्कृति और विज्ञान का विकास इन उपहारों का ही प्रसाद है। मनुष्य जब सीधा लेटता है, तब आसमान उसकी नजर में होता है। अनंत आकाश! अनन्त की कल्पना उसका सहज स्वभाव है।

प्रसंगवश

चुनाव आयुक्त का इस्तीफा

चुनाव आयुक्त अरुण गोयल ने अचानक इस्तीफा दे दिया। उनका कार्यकाल 2027 तक था और बीच की अवधि में ही वे मुख्य चुनाव आयुक्त भी हो जाते। इतने बड़े आकर्षण को त्यागना आज के भौतिकता प्रधान युग में जितना विरल है, उतना ही चकित करने वाला भी।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

ऐसे में बुद्धिजीवी और कलम के योद्धा टूट पड़े इसके निहितार्थ निकालने में। अब सामने जो वजह बताई गई है कि वैयक्तिक कारणों से ऐसा किया, तो यह तो औपचारिक मात्र है। असलियत कुछ और है और वह कुछ समय बाद ही साफ हो पाएगी। प्रथम सोच यह उभर रही है कि ये तो सत्तादल भाजपा की च्वाइस थे। केंद्र के भारी उद्योग मंत्रालय के सचिव थे। अल्प समय सेवा निवृत्ति का बाकी था कि स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति ले ली। आनन-फानन में वह तो मंजूर हुआ ही, अगले ही दिन चुनाव आयुक्त भी बना दिए गए।

लंबे अंतराल से खाली पड़े पद पर इतनी जल्दी यह नियुक्ति हुई थी कि सुप्रीम कोर्ट तक ने तल्ख टिप्पणी की थी। अब जब यह निश्चित रूप से भाजपा के 'आदमी' थे तो कहीं ऐसा तो नहीं कि आसन्न लोकसभाई चुनावों में यह दल जैसी मनमानी चाह रहा हो, वैसी करने के लिए इनकी अंतरात्मा न गंवारा कर रही हो। अतः त्यागपत्र दे दिया। हालांकि इस समय मोदी-शाह की शक्तिशाली धुरी से पंगा लेने का साहस बड़ों-बड़ों में नहीं दिख रहा, तब एक नौकरशाह की क्या बिसात!

दूसरी ओर मस्तिष्क इस दिशा में भी जा रहा है कि भाजपा के लिए अब तक पर्याप्त लाभ पहुंचा चुके हों, उसका प्रतिफल देय हो, जो कहीं से टिकट या अन्य लाभ का पैकेज देकर अदा किया जाना हो। रही बात इनके द्वारा रिक्त किए गए पद की पूर्ति की तो उसमें भाजपा अपना आदमी दो चार दिन में बिठा ही देगी, नियम ही ऐसे हैं। एक तीसरी सोच यह भी है जिसकी उम्मीद कम ही है कि विपक्ष से कोई आफर हो। ये पंजाब से हैं और वहां आम आदमी पार्टी की सरकार है। भाजपा की पोजीशन पतली है। कांग्रेस व 'आप' मिलकर किसी गेम के तहत इन्हें फोड़ रहे हों। चंडीगढ़ मेयर का चुनाव दोनों मिलकर लड़े और जीत चुके हैं। खैर! यह दिमागी कसरत किंवा वाणी का विलास चंदरोज का ही है।

मायावती का अकेले चुनाव लड़ना

बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने फिर एक बार आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर घोषणा की है कि बहुजन समाज पार्टी अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेगी। 2024 के आम चुनाव में राजनीतिक लिहाज से उत्तर प्रदेश जैसे अहम राज्य में हर राजनीतिक दल अधिक से अधिक सीटें हासिल करना चाहता है। इसलिए एनडीए और इंडिया गठबंधन में छोटे-बड़े दल शामिल होकर अपना राजनीतिक कद और हैसियत बढ़ाना चाहते हैं। ऐसे में मायावती का किसी गठबंधन का हिस्सा न बनना कई प्रश्न खड़े करता है।

डॉ. आशीष वशिष्ठ
लखनऊ

मायावती तीन बार भाजपा के सहयोग से यूपी की मुख्यमंत्री भी बन चुकी हैं। बसपा ने पिछला लोस चुनाव समाजवादी पार्टी के साथ मिल कर लड़ा था।

प्रश्न यह है कि क्या अकेले चुनाव लड़कर मायावती एनडीए और इंडिया गठबंधन को चुनौती दे पाएगी? क्या मायावती को भरोसा है कि उनका कोर वोट बैंक पूरी तरह उनका साथ देगा? क्या मायावती को लगता है कि त्रिकोणीय मुकाबले में बसपा हावी रहेगी? क्या मायावती को इस बात का भरोसा है कि इंडिया गठबंधन की बजाय मुस्लिम मतदाता उनके साथ मजबूती से खड़े होंगे? क्या मायावती चुनाव नतीजों के हिसाब से रणनीति का खुलासा करेगी? क्या मायावती एकला चलो की राह पर हैं या फिर वो जिस तरह से खामोश हैं उसके पीछे कोई बड़ा प्लान है?

मायावती तीन बार भाजपा के सहयोग से यूपी की मुख्यमंत्री भी बन चुकी हैं। बसपा ने पिछला लोकसभा चुनाव समाजवादी पार्टी के साथ मिल कर लड़ा था, लेकिन सपा की सहायता से शून्य से 10 सीट पर पहुंचने के बाद ही उन्होंने तालमेल समाप्त कर दिया था। इसमें कोई दो राय नहीं है कि बसपा का वोट बैंक भी खिसक रहा है। बसपा सुप्रीमो भले ही ये कहें कि गठबंधन से उनकी पार्टी को नुकसान होता है, लेकिन सच्चाई तो ये है कि पिछले लोकसभा चुनाव में गठबंधन का सबसे ज्यादा लाभ बसपा को ही हुआ था। बसपा की स्थिति साल 2014 से बदलती चली गई। बीस सांसदों वाली बसपा को इस चुनाव में एक भी सीट हासिल नहीं हो पाई और उसका मत प्रतिशत भी गिरकर 19.77 प्रतिशत पर आ गया। एक वो समय था जब बसपा चुनाव से काफी समय पहले ही उम्मीदवार घोषित कर देती थी। सबसे पहले संभवतः बसपा ने ही चुनाव से महीनों पहले उम्मीदवार घोषित करने शुरू किए थे।

पिछले एक दशक में मायावती के कई भरोसेमंद सिपहसालार दूसरी पार्टियों में शामिल होते चले गए। बीते चुनाव में जीते10 सांसद भी नई सियासी संभावनाएं तलाश रहे हैं। इसमें अंबेडकर नगर से सांसद रितेश पांडे बीजेपी में शामिल हो चुके हैं। उन्हें बीजेपी ने टिकट भी दे दिया है। वहीं गाजीपुर सांसद अफजाल अंसारी को सपा उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। वहीं, अमरोहा से दानिश अली अब कांग्रेस के खेमे में हैं। जौनपुर से सांसद श्याम सिंह यादव भी कांग्रेस की ओर कदम बढ़ा चुके हैं। बिजनौर से सांसद मलूक नागर, लालगंज लोकसभा सीट से सांसद संगीता आजाद के भी पाला बदलने के कयास लगाए जा रहे हैं। यूपी समेत देश के अन्य राज्यों में बीएसपी का सियासी ग्राफ चुनाव दर चुनाव गिरता ही जा रहा है। पिछले वर्ष विधानसभा चुनावों में आकाश आनंद छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश और तेलंगाना में पार्टी का चुनावी अभियान संभाल रहे थे, जहां पार्टी ने पिछले चुनाव की तुलना में काफी खराब प्रदर्शन किया है। राजस्थान छोड़कर किसी भी राज्य में बसपा का खाता तक नहीं खुला और वोट फीसदी में भी गिरावट आई। बसपा अब उत्तर प्रदेश और बाहर के राज्यों में हर जगह कमजोर दिखाई दे रही है।

मध्य प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, दिल्ली समेत उत्तर भारत के राज्यों में पार्टी संगठन लचर हाल में है। पार्टी अपने कोर दलित वोटरों को भी एकजुट करने में सफल नहीं हो पाई है। सत्ता से बाहर होने के बाद मायावती से दलितों का मोहभंग लगातार होता जा रहा है। वास्तव में कांशीराम ने बसपा का जो सियासी समीकरण बनाया था, वो गड़बड़ा चुका था और दलितों के बीच चंद्रशेखर आजाद नई लीडरशिप के रूप में खुद को खड़े कर रहे हैं। इस तरह से बीएसपी सियासी चक्रव्यूह में घिरी हुई है, जहां एक तरफ बीजेपी गैर-जाटव वोटों को अपने पाले में ले चुकी है तो जाटव वोट को चंद्रशेखर अपने साथ जोड़ने में लगे हैं। दलित राजनीति का चेहरा माने जाने वाली मायावती की चमक अब पहले जैसी नहीं रही है।

चुनाव सिर पर हैं, बावजूद इसके बसपा के खेमे में कोई खास हलचल दिखाई नहीं देती। मायावती और बसपा के नेता ने अभी तक कोई चुनावी रैली भी नहीं की है। 2024 के आम चुनाव में बसपा का वोट प्रतिशत और सांसदों की संख्या नहीं बढ़ती है तो पार्टी के लिए सियासी राह मुश्किल हो जाएगी। 2014 में अकेले लड़ने का खामियाजा बसपा भुगत चुकी है। सही मायनो में बसपा के लिए चुनाव का रास्ता मुश्किलों से भरा है। उत्तर प्रदेश की सत्ता पर चार बार काबिज होने वाली मायावती का अकेले चुनाव लड़ने का निर्णय उनके लिए घातक सिद्ध हो सकता है।

सोशल फोरम

वास्तविक जनसेवक

प्रत्याशी या पार्टी? कौन वरेण्य? मोदी मंत्र ने राजनीति के इस अजमंजस को दूर कर दिया। मोदी ने भाजपा की ऐसी प्राण प्रतिष्ठा की कि विगत के दोनों सामान्य निर्वाचनों में कितने ही अनसुने, ऐरा गैरा नत्थू खैरा चुनावी वैतरणी पार कर गए। मोदी नाम केवलम्। कमोबेश यही ट्रेंड आसन्न सामान्य लोकसभा निर्वाचन में भी चलेगा।

डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

हालांकि भारत निर्वाचन आयोग अपनी ओर से कोई कसर छोड़ नहीं रहा है कि चुनावी मैदान में उतरने वाला प्रत्याशी सही मायने में जन प्रतिनिधित्व के योग्य हों, साफ स्वच्छ छवि का हो। इसलिए प्रत्याशी की ओर से इस तरह का एक विस्तृत ब्यौरा नामांकन करते वक्त अनिवार्य कर दिया गया है जिसमें उसकी संपत्ति के लेखे जोखे के साथ उसके आपराधिक अतीत का भी स्पष्ट विवरण हो। जनता को यह जानने का पूरा हक है कि जिसे वह चुनने जा रहा है वह समग्रता में कैसा हो।

मगर मोदी मैजिक के चलते भाजपा का टिकट मिल जाना जीत की गारंटी मान लिया गया है। कैंडीडेट कैसा हो कोई फर्क नहीं पड़ने वाला। चाहे वह थोपा हुआ आसमानी कैंडीडेट हो या फिर जनता के बीच कभी भी गया तक न हो। उसकी लोकगम्यता शून्य हो। यह विचारणीय है कि क्या यह एक स्वस्थ लोकतंत्र के लिए उचित है?

मैंने इस मुद्दे पर काफी सोचा विचारा है और मेरा तो निष्कर्ष यही है कि किसी भी पार्टी की लहर के बजाय एक प्रबुद्ध मतदाता को सही प्रत्याशी का चयन करना चाहिए। यदि प्रत्याशी ठीक नहीं है, आरोपित है तो केवल इसलिए कि वह अमुक पार्टी का है, आंख मूद कर मतदान नहीं करना चाहिए। आखिर विवेक नाम की भी कोई चीज होती है। अंधी भीड़ का लोकतंत्र हमें शनैः शनैः अंधकार की ओर ही ले जाएगा।

एक सही प्रत्याशी, आपका अपना प्रतिनिधि हमेशा आपके सानिध्य में रहेगा। पार्टी नहीं वास्तविक जनसेवक तो वही है। मुझे लगता है कि भाजपा ने इस बार जहां-जहां भी आसमानी प्रत्याशी उतारे हैं वहां उनकी जीत संदिग्ध रहेगी। भले ही ज्यादातर ऐसे प्रत्याशी विगत लोकसभा चुनावों में विजयी होते रहे हैं। माना कि माहौल राममय भाजपा के पक्ष में है, किंतु मतदान की तारीख आते-आते फिजा बदलेगी। सही प्रत्याशी का चयन ही जीत दिलाएगा।

-फेसबुक वॉल से

धर्म, संस्कृति और समाजशास्त्र की चिंताएं

आज का सामाजिक-राजनीतिक परिवेश इतनी परतों में विभाजित हो गया है कि धर्म और संस्कृति जैसे संवेदनशील विषयों पर कुछ लिखना या कहना किसी जोखिम से कम नहीं लगता। चाहे जितनी युक्तिसंगत सहजता से टिप्पणी की जाए, किसी भी कोने से आवाज उठ सकती है कि उसके जरिए उनकी भावना को ठेस लग गई है। इस ठेस लगने की बुनियाद की परख के लिए कोई कसौटी कभी कहीं नहीं मिलती।



विद्याभूषण
रांची

> आखिर यह संस्कृति क्या बला है! एक ही सांस्कृतिक क्षेत्र में कई अलग-अलग धर्म-संप्रदाय के नागरिक भी मिलजुल कर रह सकते हैं। ऐसे दृष्टांत पूरी दुनिया में सहज सुलभ हैं।

मध्यकाल में कबीर की साखी और उलटबांसियों को रोशनदान का रुतबा बेशक हासिल था। वक्त के मौजूदा सफर में कबीर अगर आज चलते-फिरते दिखाई पड़ते तो किसी चौराहे पर सरे राह लुटे-पिटे भी जरूर नजर आते। याद करें तो पंजाबी कवि अवतार सिंह पाश उग्रवादी हिंसा के शिकार हुए। अभिव्यक्ति की आजादी का कोरस गाते हुए राजनीतिक-सामाजिक विसंगतियों को 'तीसरी आंख' से देखने वाले व्यंग्यकार किट्टू आज की तारीख में सही-सलामत मिल जाते, यह नामुमकिन सी बात है। इसी तरह लगता है कि समाज को बेबाक अंदाज में आईना दिखाने वाले हरिशंकर परसाई इस दौर में अदालत के कटघरे में हाजिरी लगाते हुए या जेल की सलाखों के पीछे मुश्किलों से घिरे हुए होते। पिछले दिनों कवि वरवर राव की दुर्दशा के हम सब गवाह रहे हैं। सच है कि आज सत्ता और खेमों में बंटा हुआ अपना समाज, दोनों नागरिकों की असहमति को दुश्मनी का दर्जा देने में जुटे हैं। ऐसे ही मौसम में कवि मुक्तिबोध की सलाह पर अमल करना जरूरी लगता है, यानी अभिव्यक्ति के खतरे उठाने होंगे।

सबके लिए यह जरूरी नहीं कि मार्क्स की इस तजवीज से सहमत हुआ जाए कि धर्म अफीम है। पूरी दुनिया में सियासी हलचलों का जायजा लिया जाए तो मानना पड़ेगा कि धर्म श्रद्धा-भक्ति और उपासना पद्धतियों का समन्वय है, लेकिन उसके समान्तर वह एक आणविक ऊर्जा भी है, सृजन और संहार दोनों की क्षमता से लैस। कभी वह समुदायों को जोड़ता है तो कहीं समाज को विभाजित भी करता है। रावण और महिषासुर कहीं दंड के पात्र हैं तो कुछ समुदायों के बीच सम्मानीय चरित्र भी हैं। यहां धर्म और धार्मिक रीति-रिवाज यानी कर्मकांड के बीच अगर कोई विभाजक रेखा नहीं खींची जाए तो उसके मूल अर्थ का दिशांतर हो सकता है। धर्म व्यक्ति के मन की आस्था और विश्वास की धरोहर है जबकि धार्मिक विधि-विधान परंपरा का अनुगमन। यह परंपरा समय की सहयात्री है और देशकाल के परिप्रेक्ष्य में अपना आकार-प्रकार बदलती रहती है।

आखिर यह संस्कृति क्या बला है! एक ही सांस्कृतिक क्षेत्र में कई अलग-अलग धर्म-संप्रदाय के नागरिक भी मिलजुल कर रह सकते हैं। ऐसे दृष्टांत पूरी दुनिया में सहज सुलभ हैं। पिछली दो सदियों में संस्कृति के संबंध में कई नई परिभाषाएं और अवधारणाएं विकसित हुई हैं। सबसे क्रांतिकारी अभिमत यह है कि संस्कृति मनुष्य का सृजन है और मनुष्य संस्कृति निर्माता प्राणी है। अपने देश में नीतिशास्त्र की तर्ज का सांस्कृतिक विवेचन अपने किताबी एप्रोच के चलते सामयिक जीवन और समाज से जुड़ नहीं पाया। प्राचीन और मध्यकालीन इतिहास के जिन मूल्यों को दृष्टांत की तरह प्रस्तुत करते हुए श्रेष्ठ और आदर्श बताया जाता है, उनसे हमारे समाज के एक बेहद छोटे, किंतु विशेषाधिकार प्राप्त सुविधाभोगी वर्ग की अपेक्षाएं तो पूरी हो जाती हैं, लेकिन बहुसंख्यक नागरिकों के सवालों का कोई सटीक जवाब नहीं मिलता है। सच तो यह है कि संस्कृति की चिंता के नुमाइशी तेवर की कलई बार-बार खुल जाती है और उसके पीछे संसाधनों पर वर्चस्व पाने की हठधर्मिता उजागर होती है।

एकेडमिक विमर्श के परिदृश्य पर एक नजर डाल लीजिए तो फिर अलग से बहस करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। एक तरफ विचार मंचों पर अध्यात्म और निवृत्तिमार्गी भारतीय संस्कृति का अभिनंदन और दूसरी तरफ वास्तविक जीवन में घटिया उपभोक्तावादी तालमेल। सत्ता के गलियारे में चलते हुए मूल्य और आस्था का संकट करने वाली राजनीति की जयकार आज की तारीख में खुली आंख से रोज दिखने वाली चीज है। राष्ट्रीय चरित्र का यह दोहरापन मूल्य और आस्था का संकट तो खड़ा करता ही है, यह सोचने पर मजबूर भी करता है कि आज हम सब सांस कहां ले रहे हैं-परलोकवाद में, लोकवाद में या महज सुविधावाद में?

निस्संदेह अपने महान इतिहास के प्रेरक प्रसंगों को, एक राष्ट्र के रूप में हजारों वर्ष के अनुभवों को, समृद्ध और वैविध्यपूर्ण सांस्कृतिक विरासत को पुरातत्व के संग्रहालय की वस्तु मान लेना नासमझी है। उतनी ही बड़ी नासमझी इस बात में भी है कि हम अपने वर्तमान की तमाम चुनौतियों का हल अतीत के दर्पण में पाने का प्रचार करते रहें। संस्कृति का समाजशास्त्र आज यही संदेश दे रहा है।

सुप्रीम कोर्ट की तीखी टिप्पणी

जिम कार्बेट पार्क के जंगलों में पेड़ों के कटान और अतिक्रमण कर बनाई जा रही इमारतों पर उच्चतम न्यायालय की तीखी टिप्पणी आई है, जो जल, जंगल और जमीन को बचाने के लिए प्रेरित करेगी। बरेली में पेड़ों की कटान और पर्यावरण को लेकर काम करने वाले डा. प्रदीप जागर ने कुछ वर्ष पूर्व चिपको आंदोलन के नाम से ग्रुप बना कर कुछ कार्यक्रम आयोजित किए। हमने मिनी बाईपास पर बन रहे बस अड्डे पर लगे हजारों पेड़ों के कटान का खासा विरोध किया। यही नहीं शहर में अपेक्षा से काफी कम वृक्षों की संख्या पर चिंता भी दर्शायी थी।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

नगर आयुक्त, जिलाधिकारी और मंडलायुक्त तक ज्ञापन देकर उनको चिंता से अवगत भी कराया। किंतु शहर में कोई बड़ा आंदोलन खड़ा न हो सकने से वृक्षों के कटान में कोई कमी नहीं आई विकास की दुहाई देकर जगह-जगह हरे वृक्षों का कटान होते देख जी भर आता था। हाल ही में की गई सुप्रीम कोर्ट की इस टिप्पणी से खुशी मिली है। जस्टिस बीआर गवाई, जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्र और जस्टिस संदीप मेहता ने कहा कि तत्कालीन वन मंत्री और डीएफओ ने कानून की घोर अवहेलना की है। पीठ ने आगे कहा है कि ये लोग व्यावसायिक उद्देश्यों और पर्यटन को बढ़ावा देने के बहाने बड़े पैमाने पर पेड़ों की अवैध कटाई में शामिल रहे हैं। पीठ ने यह भी कहा कि वैधानिक प्रावधानों को पूरी तरह ताक पर रख देने और खुद को कानून मान लेना का दुस्साहस आश्चर्य चकित करने वाला है। पीठ ने कहा कि यह मामला राजनेता और नौकरशाहों की मिली भगत का उदाहरण है।

प्रसंगवश बरेली शहर में वृक्षों की कटान होने से वृक्षों की संख्या निरंतर कम होती जा रही है और हरियाली खत्म होती दिख रही है। क्या हमारे वन मंत्री शहर हित और जन हित में कुछ विचार करेंगे। इत्तेफाक से वन मंत्री हमारे शहर से ही है, जहां वन क्षेत्र केवल .01 प्रतिशत ही है।

एक नजर

धूमधाम से मनाया आठवां वार्षिकोत्सव

मुरादाबाद, अमृत विचार : चौरासी घंटा स्थित भगवान पशुपति नाथ महिला संकीर्तन समिति ने आठवां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का आरंभ भगवान पशुपति नाथ की प्रतिमा के स्नान एवं सजावट से किया गया। इसके बाद हवन किया गया। श्रद्धालुओं ने आहुति देकर राष्ट्र की समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। हवन के बाद भंडारा किया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। शाम को पशुपतिनाथ की प्रतिमा का शृंगार किया गया। महिला मंडल ने कीर्तन किया। इसी बीच भगवान शिव-पार्वती और काली माता की झांकी का प्रदर्शन किया गया। विशेष अतिथि नगर विधायक रितेश गुप्ता, हरिओम शर्मा, केके मिश्रा, डा. प्रदीप शर्मा, प्रिया अग्रवाल रहे। संयोजन में प्रवीण चंद्र त्रिवेदी, बिजेंद्र वत्स, प्रेम प्रजापति, अतुल सोती, पंकज पाठक, जगदंबा प्रसाद, राजेश शर्मा रहे। व्यवस्था सुधीर शर्मा, सत्यदेव शर्मा, सर्वेश चंद्र त्रिवेदी, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, अंशुल, तनुज आदि रहे। अध्यक्ष सविता शर्मा एवं महामंत्री बबीता ठाकुर ने आभार व्यक्त किया।

अध्यापक के घर चोरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की

डिलारी,अमृत विचार : गांव चंगेरी में अध्यापक के घर चोरी हो गई। अध्यापक गौरव कुमार और परिवार के अन्य सदस्य घर के बरामदे में सो रहे थे। इस दौरान छत के रास्ते से चोर घर में घुसे। नकदी समेत कीमती सामान चुरा ले गए। आंख खुलने पर सुबह को इधर-उधर सामान बिखरा देख गौरव दंग रह गए। थाना में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। सूचना के बाद पुलिस ने मौका मुआयना किया और अज्ञात के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

बिना लॉक खड़े वाहनों को लेकर लगाई फटकार

कांठ, अमृत विचार : पुलिस ने सोमवार को बैंकों में चेकिंग की। शाखाओं के आसपास घूम रहे संदिग्ध युवकों से भी पूछताछ की गई। नगर के पंजाब नेशनल बैंक, जिला सहकारी बैंक, प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, कैनरा सिंडिकेट बैंक आदि में चेकिंग अभियान चलाया गया। बैंक शाखाओं में सायरन ठीक से चल रहा है या नहीं, तथा सुरक्षा के अन्य प्रबंध देखे गए। बैंक और उसके आस-पास बेवजह खड़े लोगों से भी पूछताछ की गई। कई संदिग्धों को फटकार लगाकर चेतावनी देकर छोड़ा गया।

ससुराल वालों ने पीड़िता की मां बहन को भी पीटा, एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : विवाहिता ने दहेज की मांग को लेकर ससुरालियों पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। यही नहीं, पीड़िता ने देवर पर छेड़छाड़ और जेठ पर दुष्कर्म की कोशिश की भी बात कही है। आरोप है कि पति ने मारपीट कर उसे तीन तलाक देकर घर से भगा दिया है। संभल जिले के असमोली थाना क्षेत्र निवासी पीड़िता की शिकायत पर एसएसपी ने कुंदरकी थानाध्यक्ष को एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए हैं।

महिला ने पुलिस को बताया है कि उसका निकाह आठ साल पहले कुंदरकी थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवक से हुआ था। आरोप है कि निकाह के बाद से पति और ससुराल वाले दहेज को लेकर उसे प्रताड़ित करते थे। चचेरा जेठ-देवर उसके साथ छेड़छाड़ और दुष्कर्म करने की कोशिश करते थे। पीड़िता ने बताया, उसे ऑपरेशन से बेटे का जन्म हुआ था। पीड़िता का कहना है कि ससुराल वालों ने उस बच्चे को भी मार डाला। कई बार ससुराल वाले उसे मायके में छोड़ आए। फिर मायके वालों ने पंचायत कराकर पीड़िता को उसकी ससुराल भिजवाया। बाद में महिला का पति फिर उसे मायके छोड़ गया था। बाद में थाने में शिकायत करने पर पति महिला को साथ ले गया था। छह मार्च को आरोपी ने पीड़िता से मारपीट की। सूचना पर बहन व मां पहुंची तो पीड़िता के पति व परिजनों ने उनके साथ भी मारपीट की। पति ने तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। साथ ही डेढ़ साल की बच्ची को भी छीन लिया। कुंदरकी थाने में शिकायत करने पर पुलिस ने बच्ची वापस दिला दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब पीड़िता ने एसएसपी से गुहार लगाई है।

शादी से पहले झोलाछाप के साथ युवती फरार

मुरादाबाद, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र में झोलाछाप पर युवती को प्रेमजाल में फंसाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। इस मामले में युवती के परिवार वालों ने पुलिस से उसे बरामद करने की गुहार लगाई है।

आरोप है कि शरीफ नगर मार्ग स्थित गांव का एक झोलाछाप महानगर में रहने वाले एक घर में आता-जाता था। उसने इस परिवार की युवती को प्रेम जाल में फंसा लिया और उसे लेकर फरार हो गया है। युवती के परिजनों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपी पर उनकी बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि रविवार को घर में 10वें की फातिहा हो रहे थे और परिवार के लोग इसमें लगे थे। युवती दो तोला सोने व आधा किलो चांदी के जेवर और घर में रखे 1.50 लाख रुपये और कुछ कपडे.भी ले गई है।

देहरादून से हरिद्वार, मुरादाबाद और बरेली होते हुए लखनऊ जाएगी ट्रेन

आज लखनऊ के लिए रवाना होगी वंदे भारत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: मंगलवार को मुरादाबाद रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली पहली वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत होने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह ट्रेन देहरादून से चलकर हरिद्वार होते हुए मुरादाबाद पहुंचेगी। जहां से बरेली होते हुए लखनऊ जाएगी। ट्रेन के उद्घाटन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

मुरादाबाद मंडल को दूसरी वंदे भारत ट्रेन मिलने जा रही है। खास बात यह है कि ट्रेन मुरादाबाद से होकर जाएगी। मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसकी वर्चुअल शुरूआत करेंगे। सोमवार को रेलवे के अधिकारियों ने इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली। वंदे भारत ट्रेन जब मुरादाबाद पहुंचेगी तो कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। डीआरएम राजकुमार सिंह ने बताया कि मुरादाबाद से होकर गुजरने वाली पहली वंदे भारत ट्रेन मंगलवार सुबह देहरादून से चलेगी और हरिद्वार होते हुए मुरादाबाद पहुंचेगी। इससे पहले मुरादाबाद रेल मंडल के सभी वरिष्ठ अधिकारी उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए देहरादून पहुंचेंगे। ट्रेन वहां से सुबह चलेगी और दोपहर 12:45 बजे मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर पहुंचेगी। सभी अधिकारी ट्रेन में बैठकर मुरादाबाद आएंगे। यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम होने के बाद यात्रियों को वंदे भारत ट्रेन में बैठाया जाएगा। जिसके बाद ट्रेन लखनऊ के लिए रवाना कर दी जाएगी। बीच में ट्रेन बरेली रेलवे स्टेशन पर भी रुकेगी। उन्होंने बताया कि वंदे भारत ट्रेन सप्ताह में छह दिन संचालित की जाएगी। सिर्फ सोमवार को नहीं चलेगी।

रेलवे स्टेशन पर पटना साहिब जाने वाले तीर्थ यात्रियों का स्वागत करते लोग।

पटना साहिब तीर्थ यात्रियों का स्टेशन पर स्वागत

मुरादाबाद, अमृत विचार : सतखंड श्री हजूर साहिब जत्था कमेटी द्वारा लुधियाना से धुबरी साहिब गुरु तेग बहादुर गुरुद्वारा आसाम जाने वाले तीर्थ यात्रियों का मुरादाबाद पहुंचने पर स्टेशन पर आरएसएस कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। जिसका नेतृत्व सरदार कुलदीप सिंह दीपा ने किया। यात्रा में सिख समाज के 200 लोग शामिल थे, जिनमें पुरुष, महिलाएं, बुजुर्ग व बच्चे भी थे। आरएसएस एवं सहयोगी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने यात्रियों का स्वागत किया और जलपान हेतु गुरुजी का लंगर चलाया। इस दौरान विभाग प्रचारक वतन कुमार, विभाग संघचालक सुरेन्द्र पाल सिंह, महानगर प्रचारक रोहित कुमार मुखिया, गुरप्रीत सिंह, गुरविंदर सिंह, विश्वजीत सिंह समेत अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

हांडी विलेज व फैमिली फार्मर एग्रो को प्रथम स्थान

मोटा अनाज व्यंजन प्रतियोगिता में प्रतिभागी पुरस्कृत, आंगनबाड़ी कर्मियों, एफपीओ व छात्राओं ने लिया भाग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: मुशायरा ग्राउंड में महोत्सव मिलेट्स रेसिपी उपभोक्ता जागरूक प्रतिस्पर्धात्मक प्रतियोगिता कार्यक्रम में होटल हांडी विलेज और फैमिली फार्मर मुरादाबाद एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी ने पहला स्थान हासिल किया।

मिलेट्स मोटे अनाज के उपयोग के लिए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से कृषि विभाग की ओर से प्रतियोगिता कराई गई। जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्र, ज्वाइंट डायरेक्टर कृषि ओमेंद्र सिंह, उपनिदेशक कृषि संतोष कुमार द्विवेदी, जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी ने कार्यक्रम का फीता काटकर उद्घाटन किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले होटल व फैमिली फार्मिंग एग्रो कंपनी को विधान परिषद सदस्य गोपाल अंजान व संयुक्त निदेशक कृषि ने उपहार में धनराशि देकर पुरस्कृत किया। अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

मुशायरा ग्राउंड में मिलेट्स रेसिपी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले होटल स्वामी अमित दुबे को पुरस्कार देते एमएलसी गोपाल अंजान। ● अमृत विचार

स्टॉल पर मोटे अनाज से बने व्यंजनों का स्वाद लेते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव व अन्य। ● अमृत विचार

पुरस्कार में दी जाने वाली धनराशि

जनपद में श्री अन्न पर कार्य कर रहे फैमिली फार्मर मुरादाबाद एफपीओ को श्री अन्न पर बने व्यंजनों का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। सभी विजेताओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रथम पुरस्कार में 2500, द्वितीय में 2000 एवं तृतीय पुरस्कार में 1500 रुपये तथा सांत्वना पुरस्कार की धनराशि 1000 रुपये उनके बैंक खाते में स्थानांतरित की जाएगी।

मिलेट्स (मोटा अनाज) के प्रति लोगों को जागरूक कराने के लिए मुरादाबाद उप निदेशक कृषि संतोष कुमार द्विवेदी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर के मुशायरा ग्राउंड में व्यंजन प्रतियोगिता कराई। मिलेट्स रेसिपी प्रतियोगिता में 14 स्टॉल लगाए गए। जिसमें शहर के सात होटल ,बाल विकास पुष्टाहार विभाग की आठ विकास खंडों व शहरी क्षेत्रों की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने भाग लिया। इसके अलावा चार समूह, 5 इंटर कॉलेज की छात्राओं ने मिलेट्स से संबंधित विभिन्न प्रकार के मोटे अनाजों के बनाए व्यंजन जिसमें बाजरा, कुट्टू के आटे से मक्खन वाला पनीर व पालक पनीर, मिलेट्स लड्डू आदि बनाए। निर्णायक मंडल में संयुक्त निदेशक कृषि ओमेंद्र सिंह, सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजवंश प्रकाश श्रीवास्तव और जिला उद्यान अधिकारी गया प्रसाद रहे। प्रतियोगिता में हांडी विलेज होटल के स्वामी अमित दुबे, फैमिली फार्मर मुरादाबाद एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी के स्वामी आरेंद्र बड़गोती को एमएलसी गोपाल अंजान, संयुक्त निदेशक कृषि ने प्रथम पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इसके अलावा आठ विकासखंड व शहरी क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों अन्य समूह एफपीओ व स्कूली छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार के रूप में निर्धारित धनराशि दी गई।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली चौहान, अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रीति सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी, बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत सिंह मौजूद रहे। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्योत्सना त्रिपाठी, एसएसडी सच्चन आदि ने श्री अन्न के संबंध में जानकारी दी।

निकाह का ख्वाब दिखा युवती से करता रहा दुष्कर्म, अब धमकी दी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- एसएसपी के सामने पेश हुई पीड़िता, सुनाई आपबीती
- एसएसपी ने थानाध्यक्ष बिलारी को कार्रवाई के आदेश दिए

अमृत विचार : युवती को पहले प्रेम-प्रसंग में फंसाया फिर निकाह करने के ख्वाब दिखाए और फिर लगातार उससे दुष्कर्म किया, इसके बाद अब निकाह भी नहीं किया। युवती ने कोर्ट की शरण ली तो अब आरोपी वाद वापस लेने के लिए दबाव बना रहा है। मुकदमा वापस न लेने पर उसके आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने को धमका रहा है। इस मामले में पीड़िता सोमवार को एसएसपी के सामने पेश हुई थी।

युवती ने बताया वह बिलारी थाना क्षेत्र के गांव की निवासी है, जबकि आरोपी कुंदरकी थाना क्षेत्र का है। पीड़िता ने एसएसपी को बताया है कि आरोपी ने उसे प्रेम-प्रसंग में फंसा लिया और शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। जब उसने निकाह के लिए कहा तो आरोपी ने मना कर दिया। इसके बाद पीड़िता ने थाना में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई लेकिन, कार्रवाई नहीं हो सकी। पीड़िता का कहना है कि कार्रवाई के भय से आरोपी ने वकील से निकाहनामा लिखवाया, जबकि उसका आरोपी के साथ कोई निकाह नहीं हुआ है। इसी हैसियत से उसने पीड़िता को चार-पांच दिनों तक पत्नी की तरह रखा भी। फिर उसे महानगर में किराए के कमरे में रखा, जहां वह अकेले रहती थी। तीन महीने गुजर गए न किराया देने आया और न ही खर्च के लिए रुपये दिए।

ऐसे में वह आरोपी के घर पहुंच गई, जहां उसे मारपीट कर भगा दिया गया। उसने कुछ समय पहले न्यायालय में वाद दाखिल कर दिया था। आरोपी वाद वापस लेने न लेने पर जान से मार देने की धमकी दे रहा है। महिला ने बताया, आरोपी कुंदरकी में सिलाई का कारखाना चलता है। आरोपी ने उसे कोर्ट में दाखिल वाद वापस लेने को धमकाया। इस मामले में एसएसपी हेमराज मीना ने बिलारी थानाध्यक्ष को साक्ष्य के आधार पर एफआईआर लिखने और कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

200 मीटर दौड़ में तालिब और सिमरन प्रथम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- हिंदू कॉलेज में दो दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता की शुरुआत पुरुष और महिला वर्ग में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

अमृत विचार: हिंदू कॉलेज में हीरक जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का आरंभ सोमवार को महाविद्यालय परिसर में हुआ। 200 मीटर दौड़ में पुरुष वर्ग में तालिब तो महिला वर्ग में सिमरन ने बाजी मारी।

मुख्य अतिथि हिंदू कॉलेज प्रबंध समिति के प्रबंधक अमित कोठीवाल, विशिष्ट अतिथि दयानंद आर्य कन्या डिग्री कॉलेज की प्राचार्य प्रो. सीमा रानी, केजीके कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सुनील चौधरी, केजीके कालेज के क्रीड़ा अधिकारी प्रो. अनिल चौहान, डीएके कालेज की क्रीड़ा अधिकारी डॉ. अनीता फर्सवाण, एमएच कालेज के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. मनीष भट्ट रहे। समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि अमित कोठीवाल ने ध्वजारोहण एवं भगवान हनुमान की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया। हिंदू कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सत्यव्रत सिंह रावत ने कहा कि हिंदू कालेज अपनी स्थापना के 75वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। यह वार्षिक प्रतियोगिता हीरक जयंती वर्ष के अंतर्गत कराई जा रही है। मंगलवार को इसका समापन होगा। क्रीड़ा सचिव डॉ. पंकज सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में एथलेटिक्स के 24 इवेंट होने हैं। महाविद्यालय की खेल समिति के सदस्य डॉ. मोहम्मद साकिब, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. एसबी यादव, डॉ. विवेक कृष्ण, डॉ. राजेश तोमर, राम जियावन और रोहित सिंह ने संचालन किया। इस अवसर पर प्रो. एपी सिंह, प्रो. आनंद कुमार सिंह, प्रो. प्रियंशा सिंह, प्रो. शालिनी राय, प्रो. अनिल चौहान, प्रो. राकेश कुमार, प्रो. जेके पाठक, प्रो. मुकेश बाबू, प्रो. संजय शर्मा, डॉ. विवेक कुमार, दीपक अरोरा, अतुल माथुर, रणवीर सिंह, विजेंदर पाल सिंह, डॉ. अमित वैश्य आदि मौजूद रहे।

हिंदू कॉलेज में आयोजित क्रीडा महोत्सव में उपस्थित अतिथि। ● अमृत विचार

महंगाई भत्ते का एरियर शीघ्र दिलाने की मांग

मुरादाबाद, अमृत विचार: उत्तर प्रदेश राजकीय सिविल पेंशनर्स परिषद ने चार प्रतिशत महंगाई भत्ते और जनवरी 2020 से 30 जून 2021 तक लंबित महंगाई भत्ते का एरियर शीघ्र दिलवाने की मांग की। साथ ही अगले माह की मासिक बैठक में होली मिलन समारोह भी मनाने का निर्णय लिया। इस माह जन्मे शिव कुमार शर्मा, शकील अहमद, मालती देवी को बधाई दी गई। अध्यक्षता प्रेम प्रकाश सक्सेना ने व संचालन सचिव यश कुमार त्यागी ने किया। इस दौरान एमपी माथुर, सुनील कुमार शर्मा, केके सिंह, राकेश कुमार भटनागर, रविंद्र कुमार, विजय कुमार सक्सेना, नरेश कुमार, महीपत सिंह घनश्याम सिंह, पीएम गिल, जयानंद सुयाल आदि मौजूद रहे।

16 से होगा उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- यूपी बोर्ड: 15 दिन रहेगी मूल्यांकन की रिकॉर्डिंग, छह केंद्र बनाए गए

अमृत विचार: यूपी बोर्ड परीक्षा के मूल्यांकन कार्य की तैयारी शिक्षा विभाग ने शुरू कर दी है। 16 मार्च से उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य शुरू होना है। जिसके लिए छह मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों में सीसीटीवी सहित अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त की जा रही हैं। खास बात यह है कि इस बार मूल्यांकन केंद्रों की सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग 15 दिनों तक सुरक्षित रखी जाएगी।

10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा के बाद शिक्षा विभाग उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की तैयारी में जुट गया है। मूल्यांकन के लिए चित्रगुप्त इंटर कॉलेज, महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज, जीजी हिंदू इंटर कॉलेज, आरएन इंटर कॉलेज, हैबिट मुस्लिम इंटर कॉलेज और पारकर इंटर कॉलेज केंद्र बनाया गया है। मूल्यांकन केंद्रों की सुरक्षा के लिए कंट्रोल रूम को भी केंद्रों से जोड़ा जाएगा। यह कंट्रोल रूम 16 मार्च से शुरू होने वाले मूल्यांकन कार्य से दो दिन पहले 14 मार्च से संचालित हो जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अरुण कुमार दुबे ने बताया कि सभी मूल्यांकन केंद्रों में सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग सुरक्षा कारणों से 15 दिन तक सुरक्षित रखी जाएगी। इसके अलावा कंट्रोल रूम से भी कॉपियां जांचने वाले परीक्षकों पर नजर रखी जाएगी। 16 से 29 मार्च तक चलने वाले मूल्यांकन कार्य के लिए केंद्र प्रभारियों को निर्देश जारी किए गए हैं।

अनुपस्थित रहने पर होगी कार्रवाई

जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि मूल्यांकन के लिए ड्यूटी पर लगाए परीक्षकों को हर हाल में ड्यूटी करनी होगी। किसी भी दशा में अनुपस्थिति स्वीकार नहीं होगी। सौंपे गए दायित्व के निर्वहन में असमर्थता व्यक्त करने अथवा जानबूझकर अनुपस्थित रहने वाले परीक्षकों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

यूपी बोर्ड लगाएगा ड्यूटी : बोर्ड मूल्यांकन कार्य में लगने वाले शिक्षकों की ड्यूटी लगाएगा। इसके लिए शिक्षकों की ओर से पहले ही बोर्ड की साइट पर अपने नाम दिए गए हैं। जल्द ही बोर्ड की ओर से मूल्यांकन कार्य में लगने वाले शिक्षकों की ड्यूटी जारी कर दी जाएगी।

घायल बहू की रीढ़ में फ्रैक्चर, दिल्ली रेफर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : मेदांता हॉस्पिटल दिल्ली में 10 दिनों तक इलाज कराने के बाद बरेली लौटने के दौरान रविवार रात में हाईवे पर हुए हादसे में स्टेशनरी व्यापारी विनय अरोड़ा की मौत होने से उनके परिवार में कोहराम मचा है। इसी हादसे में मृतक की बहू भी घायल हुई है। परिवार वाले मृतक का पोस्टमार्टम कराकर एंबुलेंस से शव को दोपहर में ही बरेली लेकर चले गए थे। शाम को अंतिम संस्कार भी हो गया है।

हादसे में घायल हुई बहू नेहा की हालत गंभीर बताई जा रही है। रात में ही परिजनों ने नेहा को निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। बाद में परिजनों ने घायल महिला को बरेली ले जाकर मेडिसिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया था, जहां डॉक्टरों ने नेहा की रीढ़ की हड्डी में फ्रैक्चर होना बताया है। उन्हें बरेली के डॉक्टरों ने रेफर कर दिया तो परिवार वाले नेहा को नई दिल्ली के साकेत में स्थित मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल ले गए हैं। गौरव के दोस्त अमरप्रीत ने बताया कि नेहा की बड़ी सर्जरी होनी है, नेहा को उनका भाई और पति गौरव की बुआ का बेटा दिल्ली ले गया है। अमरप्रीत से मिली जानकारी के अनुसार, मृतक के बड़े बेटे गौरव ने अपने पिता के शव का अंतिम संस्कार किया है।

परिवार में हैं दो बेटे, बिटिया का हो चुका विवाह : अमरप्रीत ने बताया कि वह मृतक विनय अरोड़ा के बेटे गौरव के दोस्त हैं। विनय स्टेशनरी बेचने का काम करते थे। दुकान पर गौरव व सौरव बैठते हैं। बड़ी बेटी थी, जो विवाहित है। उन्होंने बताया कि विनय की पत्नी ऊषा का रो-रोकर बुरा हाल था।

हादसे में क्षतिग्रस्त कार। ● अमृत विचार

- बड़े बेटे ने पिता के शव का किया अंतिम संस्कार, दिल्ली में चल रहा पत्नी का उपचार

एयरबैग खुलने से बेटा गौरव बच गया

लाकड़ी चौकी इंचार्ज ओमकार ने बताया कि जिस कार में बुजुर्ग विनय व उनके बेटे-बहू सवार थे, उसकी गति इतनी अधिक थी कि टक्कर होने से दो पेड़ उखड़ गए हैं और कार के परखच्चे उड़ गए हैं। उन्होंने बताया कि गनीमत रही कि कार में दोनों एयरबैग खुल गए थे। इसलिए गौरव पूरी तरह से सुरक्षित बच गए।

शिविर में किसानों को कृषि वैज्ञानिकों ने दी जानकारी

मुरादाबाद,अमृत विचार: मलपुरा लक्ष्मीपुर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र पर एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के अंतर्गत तीन दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सोमवार को केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ. रविंद्र कुमार ने आम, अमरूद के बागों में एकीकृत पोषक तत्व एवं जल प्रबंधन पर जानकारी दी। केंद्र के पादप सुरक्षा के वैज्ञानिक दीपक कुमार ने लता वर्गीय फसलों के संबंध में जानकारी दी। केंद्र के पशुधन उत्पादन के वैज्ञानिक डॉ. राजेश कुमार ने प्राकृतिक एवं जैविक खेती आदि विषयों पर प्रकाश डाला। शस्य वैज्ञानिक, अविनाश चौहान ने आम, अमरूद के पुराने एवं अनुत्पादक बागों के जीर्णोद्धार के बारे में बताया। इस मौके पर जिला उद्यान अधिकारी गया प्रसाद ने शासकीय योजनाओं की किसानों को जानकारी दी। मंच का संचालन अविनाश चौहान द्वारा किया गया।

क्रिकेट मुरादाबाद को 4 विकेट से दी मात, बरेली ने रेलवे मुरादाबाद को 10 विकेट से हराया

प्रियम की शतकीय पारी के दम पर मेरठ जीता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- बरेली के लिए सोनू अधिकारी ने नाबाद 107 रन बनाए
- प्रियम गर्ग और सोनू अधिकारी मैन ऑफ द मैच चुने गए

अमृत विचार: रेलवे स्टेडियम में चल रही अवस्थी मेमोरियल प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को दो मैच खेले गए। पहले मैच में आईपीएल खिलाड़ी प्रियम गर्ग की शतकीय पारी के दम पर मेरठ ने मुरादाबाद को 4 विकेट से हरा दिया। जबकि दूसरे मैच में बरेली ने रेलवे मुरादाबाद को 10 विकेट से रौंद दिया। बरेली के लिए सोनू अधिकारी ने नाबाद 107 रन बनाए और एक विकेट भी लिया।

पहला मुकाबला एमडीसीए मेरठ और डीएसए मुरादाबाद रेड के बीच खेला गया। मेरठ ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। मुरादाबाद की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 186 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम के लिए मिर्जा दानिश आलम ने 38, अक्षु बाजवा ने 16 बॉल में 4 छक्कों की मदद से 32 और मोहसिन खान ने 22 रन बनाए। मेरठ के लिए गेंदबाजी में अंकुर चौहान ने 4, अजय चौधरी ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए मेरठ ने 16.3 ओवर में 6 विकेट खोकर आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम के लिए प्रियम गर्ग ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 37 बॉल में 9 छक्कों और 9 चौकों की मदद से 101 और समीर चौधरी ने ताबड़तोड़ 22 बॉल में 2 छक्के व 5 चौकों की मदद से 41 रन बनाए। मुरादाबाद के लिए मोहम्मद अरवाज ने 3 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच प्रियम गर्ग को चुना गया।

दूसरा मैच बीसीए बरेली और रेलवे मुरादाबाद के बीच खेला गया। टॉस जीतकर रेलवे मुरादाबाद ने पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 164 रन बनाए। टीम के लिए प्रीत सिरोही ने 43, रजत शर्मा ने 30, राकेश त्यागी और अभिषेक ने 22 रन बनाए। बरेली के लिए गेंदबाजी में हर्ष राणा, निशु पटेल और सोनू अधिकारी ने 1-1 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए बरेली ने 17.3 ओवर में बिना कोई विकेट खोए आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम के सोनू अधिकारी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 2 छक्कों और 14 चौकों की मदद से नाबाद 107 व इंजिमाम ने नाबाद 56 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच सोनू अधिकारी को चुना गया।

अंपायर की भूमिका में यूपीसीए पैनल के सतेंद्र कुमार व शमशाद अल्वी रहे। स्कोरर अफजल खान और कृष्णा यादव रहे। मैच के दौरान डीएसए सचिव विजय गुप्ता, क्रिकेट कोच बदरूद्दीन सिद्दीकी, आदित्य रस्तोगी, प्रदीप टंडन, नवेद सिद्दीकी, सतीश सिंह, मोहम्मद हसीन, नजाकत अली, जमाल अहमद आदि मौजूद रहे।

क्रिकेट प्रतियोगिता में शॉट लगाता मेरठ की टीम का खिलाड़ी। ● अमृत विचार

धर्म दर्शन

देवी कल्याणी



श्री शुकदेव जी कहते हैं, परीक्षित! कंस एक तो स्वयं बड़ा बली था और दूसरे मगध नरेश जरासंध की उसे बहुत बड़ी सहायता प्राप्त थी। तीसरे उसके साथी थे- प्रलम्बासुर, बकासुर, चाणूर, तृणावर्त, अघासुर, मुष्टिक, पूतना केशी, धेनुक आदि। इसके अतिरिक्त बाणासुर और भौमासुर आदि बहुत से दैत्य राजा उसके सहायक थे। इनको साथ लेकर वह यदुवंशियों को नष्ट करने लगा। यदुवंश के लोग भयभीत होकर कुरु, पांचाल, विदिशा, केकय, शाल्व और कौसल आदि देशों में जा बसे।

कुछ लोग ऊपर-ऊपर से उसके मन के अनुसार काम करते हुए उसकी सेवा में लगे रहे। जब कंस ने एक-एक करके देवकी के छह बालक मार डाले, तब देवकी के सातवें गर्भ में भगवान के अंशस्वरूप श्री शेष जी, जिन्हें अनंत भी कहते हैं, पधारे।

विश्वात्मा भगवान ने देखा कि मुझे ही अपना स्वामी और सर्वस्व मानने वाले यदुवंशी कंस के द्वारा बहुत ही सताए जा रहे हैं,तब उन्होंने अपनी योग माया को यह आदेश दिया, देवी, कल्याणी! तुम ब्रज में जाओ। वह प्रदेश ग्वालों और गौओं से सुशोभित है। वहां नंदबाबा के गोकुल में वसुदेव की पत्नी रोहिणी निवास करती हैं। उनकी और भी पत्नियां कंस से डरकर गुप्त स्थानों में रह रही हैं। इस समय मेरा वह अंश,जिसे शेष कहते हैं, देवकी के उदर में गर्भ रूप से स्थित है। उसे वहां से निकालकर तुम रोहिणी के पेट में रख दो। कल्याणी! अब मैं अपने समस्त ज्ञान बल आदि अंशों के साथ देवकी का पुत्र बनूंगा और तुम नंदबाबा की पत्नी यशोदा के गर्भ से जन्म लेना। तुम लोगों को मुंह मांगे वरदान देने में समर्थ हो जाओगी। मनुष्य तुम्हें अपनी समस्त अभिलाषाओं को पूर्ण करने वाली जानकर तुम्हारी पूजा करेंगे। पृथ्वी में लोग तुम्हें दुर्गा,भद्रकाली,विजया, चंडिका,कृष्णा,नारायणी, शारदा आदि बहुत से नामों से पुकारेंगे। देवकी के गर्भ से खींचे जाने के कारण शेष जी को लोग संसार में 'संकर्षण' कहेंगे, लोकरंजन करने के कारण 'राम' कहेंगे और बलवानों में श्रेष्ठ होने के कारण 'बलभद्र' भी उनका नाम होगा।

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

जब भगवान ने इस प्रकार आदेश दिया तब योगमाया ने 'जो आज्ञा' कहकर उनकी बात शिरोधार्य की। योगमाया ने देवकी का गर्भ ले जाकर रोहिणी के उदर में रख दिया। तब पुरवासी बड़े दुःख के साथ आपस में कहने लगे, हाय! बेचारी देवकी का यह गर्भ तो नष्ट ही हो गया।

भगवान भक्तों को अभय करने वाले हैं। वे सर्वत्र सब रूप में हैं। उन्हें कहीं आना जाना नहीं है, इसलिए वे वसुदेव जी के मन में अपनी समस्त कलाओं के साथ प्रकट हो गए। भगवान की ज्योति को धारण करने के कारण वसुदेव जी सूर्य के समान तेजस्वी हो गए। भगवान के उस ज्योतिर्मय अंश को वसुदेव जी के द्वारा आधान किए जाने पर देवी देवकी ने ग्रहण किया। जैसे पूर्व दिशा चंद्रदेव को धारण करती है,वैसे ही शुद्ध सत्व से सम्पन्न देवी देवकी ने विशुद्ध मन से परमात्मा एवं आत्मस्वरूप भगवान को धारण किया। भगवान सारे जगत के निवास स्थान हैं। देवकी उनका भी निवास स्थान बन गई। देवकी के गर्भ में भगवान विराजमान हो गए थे। उसके मुख पर पवित्र मुस्कान थी और उसके शरीर की कांति से बंदीगृह जगमगाने लगा था। जब कंस ने उसे देखा तब वह मन ही मन कहने लगा कि अब की बार मेरे प्राणों के ग्राहक विष्णु ने इसके गर्भ में अवश्य ही प्रवेश किया है,क्योंकि इसके पहले देवकी कभी ऐसी न थी। देवकी को मारना तो ठीक न होगा, क्योंकि वीर पुरुष स्वार्थ वश अपने पराक्रम को कलंकित नहीं करते। एक तो यह स्त्री है, दूसरे बहन और तीसरे गर्भवती है। इसको मारने से तो तत्काल ही मेरी कीर्ति, लक्ष्मी और आयु नष्ट हो जाएगी। यद्यपि कंस देवकी को मार सकता था,किंतु स्वयं ही वह इस अत्यंत क्रूरता के विचार से निवृत्त हो गया। अब भगवान के प्रति वैर का भाव मन में गांठकर वह उनके जन्म की प्रतीक्षा करने लगा। वह उठते-बैठते, खाते-पीते, सोते-जागते और चलते फिरते सर्वदा ही श्रीकृष्ण के चिंतन में लगा रहता। जहां उसकी आंख खुलती, जहां कुछ खड़का होता, वहां उसे श्रीकृष्ण दिख जाते। इस प्रकार उसे सारा जगत ही श्रीकृष्णमय दिखने लगा।

देव-दानव दोनों के आराध्य शंकर

महादेव एक ऊर्जा हैं जिसका न कोई आदि हैं और न कोई अंत हैं। ध्यान के अंतिम क्षण में जब मनुष्य को परम सुख का आनंद मिलता हैं उसी आनंद के परम सुख को ही शिव कहा जाता है। ऐसा कोई स्थान नहीं है,जहां शिव न हों। यह वह आकाश हैं, वह चेतना हैं, जहां सारा ज्ञान विद्यमान है। वे अजन्मे हैं और निर्गुण हैं। यह समाधि की वह अवस्था है जहां कुछ भी नहीं है, केवल भीतरी चेतना का खाली आकाश है। वही शिव हैं। वेद, उपनिषद, आगम, इतिहास, पुराण आदि सभी उनका बहुत महिमामंडन करते हैं।

एको ही रुद्र, द्वितीयो नास्ति, न भूतो न भविष्यति सर्वप्रथम शिव ने ही धरती पर जीवन के प्रचार-प्रसार का प्रयास किया इसलिए उन्हें 'आदिदेव' भी कहा जाता है। भगवान शिव को देवों के साथ असुर, दानव, राक्षस, पिशाच, गंधर्व, यक्ष आदि सभी पूजते हैं। वे रावण को भी वरदान देते हैं और राम को भी। उन्होंने भस्मासुर, शुक्राचार्य आदि कई असुरों को वरदान दिया था। शिव, सभी आदिवासी, वनवासी जाति, वर्ण, धर्म और समाज के सर्वोच्च देवता हैं। भारत की असुर, रक्ष और आदिवासी जाति के आराध्य देव शिव ही हैं। शैव धर्म भारत के आदिवासियों का धर्म है। असुरों के कुलगुरु शुक्राचार्य महान शिवभक्त हैं। भगवान शिव ने कई असुरों को वरदान दिया है। उनके लिए देव दैत्य सब समान हैं इसीलिए वही एक ऐसे हैं जिनकी पूजा दोनों करते हैं, जो तीनों लोकों में तिरस्कृत हैं, महादेव उन्हें अपने पास स्थान देते हैं। प्रहलाद जी के पुत्र विरोचन थे, विरोचन के पुत्र बलि तथा बलि के पुत्र बाणासुर हुए जो महान शिव भक्त थे। बाणासुर ने हजारों वर्षों तक शिव जी की आराधना कर उन्हें प्रसन्न कर लिया था एवं अपनी राजधानी शोणितपुर में रहने एवं सुरक्षा करने हेतु तैयार कर लिया था।

प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

वे कभी पक्षपात नहीं करते, इसीलिए वे असुरों को भी उतने ही प्रिय हैं जितने देवों को। शिव के व्यक्तित्व में ऐसा चुंबक है जिसके कारण समाज में संपन्न लोगों से लेकर शोषित, वंचित, भिखारी तक उन्हें अपना मानते हैं। वे देव, दानव मानव सभी के महादेव हैं। वे उत्सव प्रिय हैं,जो शोक अवसाद और अभाव में भी उत्सव मनाने की उनके पास कला है। उदास परंपरा बीमार समाज बनाती है। श्मशान में उत्सव मनाने वाले वे अकेले देवता हैं। भोले बाबा का चरित्र सबसे सहज है। भारतीय मन मस्तिष्क पर सबसे प्रभावी है। भगवान शिव का एक नाम भोले बाबा भी है अर्थात् जो सरल हो जिसमें छल-कपट न हो। अब वो इतने भोले हैं कि साधारण सी वस्तु से प्रसन्न हो जाते हैं। यहां तक मान्यता है कि मात्र जल का अर्घ्य देने से वो प्रसन्न होकर मनोकामना पूर्ण कर देते हैं। शिव वैकारिक,तैजस,तामस-इन तीन प्रकार के अहंकारों के अधिष्ठातृ देव हैं और राक्षस स्वभाव से ही राजस-तामस होते हैं। भोलेनाथ के नाम में ही भोले है। सब कुछ जानते बूझते भी उनके स्वभाव में भोलापन है। उन्हें आशुतोष कहा गया है अर्थात् अतिशीघ्र प्रसन्न होने वाला। उन्हें प्रसन्न करने के लिए किसी अनुष्ठान की आवश्यकता नहीं,वे तो सच्चे मन से केवल जल चढ़ाने पर भी प्रसन्न हो जाते हैं। दूसरी सबसे बड़ी बात ये कि महादेव भाव प्रधान हैं। उनके लिए पूजा की विधि कोई मायने नहीं रखती, केवल भक्ति भाव को ही वे देखते हैं।

वे भौतिक और अलौकिक दोनों संपदाओं के स्वामी हैं और दोनों प्रकार से इच्छित फल प्रदान करते हैं। असुर सदैव भौतिक वस्तुएं ही वरदान में मांगते थे। देवताओं की दैत्यों से प्रतिस्पर्धा चलती रहती थी। ऐसे में जब भी देवताओं पर घोर संकट आता था तो वे सभी देवाधिदेव महादेव के पास जाते थे। दैत्यों,राक्षसों सहित देवताओं ने भी शिव को कई बार चुनौती दी,लेकिन वे सभी परास्त होकर शिव के समक्ष झुक गए, इसीलिए शिव देवों के देव महादेव हैं। वे दैत्यों, दानवों और भूतों के भी प्रिय भगवान हैं। याज्ञवल्क जी कहते हैं शिव की भक्ति के बिना राम जी की भक्ति प्राप्त नहीं हुई इसीलिए रामचरित मानस में राम जन्म के पूर्व शिव कथा का प्रसंग है। लंका पर विजय प्राप्त करने के लिए भगवान राम ने समुद्र किनारे शिवलिंग बनाकर शिवजी की पूजा की थी और शिव रुद्राष्टक स्तोत्र का श्रद्धापूर्वक पाठ किया था। इससे प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें विजयश्री का आशीर्वाद दिया था। आशीर्वाद के साथ ही श्रीराम ने शिवजी से अनुरोध किया कि जनकल्याण कि लिए वे सदैव ज्योतिर्लिंग के रूप में यहां निवास करें। उनकी इस प्रार्थना को भोलबाबा ने सहर्ष स्वीकार किया।

सुर-असुर

अमंत्रम् अक्षरं नास्ति,नास्तिमूलमनौषधम्।/अयोग्यः पुरूषो नास्ति, योजकस्तत्र दुर्लभः।। अर्थात बिना मंत्रशक्ति का कोई अक्षर नहीं है/ बिना औषधीय गुणों के कोई जड़ (पौधा) नहीं, बिना गुण के (गुणहीन) कोई व्यक्ति नहीं, परंतु ऐसे व्यक्ति दुर्लभ हैं जिनमें समस्त गुणों को जोड़ने की सामर्थ्य है।

इस श्लोक में शाश्वत सत्य समाविष्ट है। यह हमारी सर्वथा अपनी स्वार्थ प्रेरित चिंतन दृष्टि का दोष है कि हम हर व्यक्ति, समाज या घटना का मूल्यांकन अपने-अपने दृष्टिकोण से ही करते हैं। यही स्थिति प्रारंभ में सर्वाधिक मेधावी और सशक्त मानव समूह के कालांतर में हतभाग्य में "असुर" शब्द के अपमान जनक अनर्थ की हुई थी। अन्यथा यह विवाद रहित मान्यता है कि ब्रह्मा के मानसपुत्रों में से एक महर्षि मरीचि के पुत्र, देवर्षि और ब्रह्मर्षि के रूप में सुख्यात महर्षि कश्यप प्रजापति का विवाह दक्ष प्रजापति की तेरह पुत्रियों के साथ हुआ था। इन सगी बहनों में अदित, दित्ति, दनु से क्रमशः देव, दैत्य तथा दानव उत्पन्न हुए। स्पष्ट है कि तीनों एक ही पिता से सगी बहनों से पैदा हुए सौतेले भाई थे। परस्पर स्वार्थ जनित मतभेद, प्रतिद्वंद्विता, ईर्ष्या, द्वेष, अहंकार और महत्वाकांक्षा ने कालांतर में उनमें भयंकर शत्रुता उत्पन्न कर दी। परिस्थिति वश दैत्य और दानव, देवताओं के विरोध में एक हो गए। उनमें परस्पर दीर्घ कालिकस शस्त्र संघर्ष शुरू हो गए। इन संघर्षों में यदा-कदा देवराज इंद्र, वरूण आदि को सफलता मिली, किंतु शीघ्र ही दैत्यों और दानवों की संयुक्त शक्ति देवताओं पर भारी पड़ी। प्रारंभिक वैदिक साहित्य में ही गुणों के आधार पर असुरों के विभाजन का संकेत मिलने लगता है। अच्छे गुणों वाले असुर आदित्य कहलाए और उनका नेतृत्व वरुणदेव ने किया।

डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

जैसा कि पहले लिखा जा चुका है, ऋग्वेद के ही प्रारंभिक सूक्तों में इन्द्र, अग्नि आदि कई देवों का विशेषण 'असुर' प्रयुक्त हुआ है। उत्तर वैदिक युग एवं परवर्ती साहित्य में पांचवी सदी के बौद्ध दर्शन शास्त्री बुद्धघोष के अनुसार देवों ने असुरों को सुमेरु पर्वत से हराकर मध्य-पश्चिम एशिया की ओर भगा दिया था।

वाल्मीकि रामायण में असुरों की उत्पत्ति के विषय में लिखा है कि, "सुरा पीने वाले सुर और न पीने वाले असुर कहलाए"- "सुराप्रतिग्रहाद् देवाःसुर इत्यादि विश्रुताः। / अप्रतिग्रहणात्तस्या दैतेयेश्चासुराःस्मृताः।।" वा.रा.,बाल.,सर्ग 45 श्लोक 38.

ऋग्वेद में प्राणवान या ऊर्जा संपन्न, रहस्यमय गुणों से युक्त देव, दैत्य और दानव तीनों को असुर कहा गया है। रामायण के अनुसार सशक्त असुरराज लवण का वध अयोध्या नरेश श्रीराम के सबसे छोटे भाई शत्रुघ्न द्वारा वर्णित है। रामायण में ही विराध और कबंध आदि का वनवासी राम के हाथों वध वर्णित है। परवर्ती त्रिदेवों, ब्रह्मा, विष्णु, महेश में देवाधिदेव महादेव शिव तो बिना किसी भेदभाव के अपने निष्ठावान भक्तों देव, दैत्य, दानव, भूत, प्रेत, निशाचर, राक्षस आदि के प्रति परम उदार बने रहे। किंतु ऋग्वेद के उपेन्द्र विष्णु ही कालांतर में देवताओं के सर्व सामर्थ्यवान संरक्षक के रूप में उभरे जिनके कारण असुरशक्ति का स्थायी दमन संभव हुआ अन्यथा महर्षि भृगु के परम प्रज्ञावान तथा समरनीति विशेषग्य 'शुक्रनीति' के प्रवक्ता शुक्राचार्य के मार्गदर्शन के कारण देव विरोधी मानव समूह के द्वारा तथाकथित निंदयनीय घोषित "असुरों" को उनके आराध्य परम कृपालु तथा देवाधिदेव महादेव के संरक्षण ने अजेय बना दिया था।

आसपास-उत्तराखंड-संभल-चन्दौसी

एक नजर

प्रयोगात्मक परीक्षा अब 15 मार्च तक होगी

बरेली, अमृत विचार : परास्नातक विषम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक और आंतरिक परीक्षा अभी कई कॉलेजों में नहीं हो सकी हैं। कई कॉलेजों में परीक्षक भी नहीं मिल सके हैं। इसकी वजह से परीक्षा नियंत्रक ने तिथि बढ़ाकर 15 मार्च कर दी है।

टूटा रिकार्ड: एक दिन में 450 मरीजों को लगी एंटी रैबीज वैक्सीन

बरेली, अमृत विचार : तीन सौ बेड अस्पताल में एआरवी केंद्र पर सोमवार को रिकार्ड 450 मरीजों को एंटी रैबीज वैक्सीन लगाई गई। ओपीडी के दौरान केंद्र पर मरीजों की कतार लगी रही। जिले में कुत्ता और बंदरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। इनके काटने से जख्मी हुए लोग एंटी रैबीज वैक्सीन लगाने के लिए सरकारी अस्पतालों में पहुंच रहे हैं। ऐसे मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। एआरवी केंद्र प्रभारी डॉ. वैभव शुक्ला के अनुसार पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन उपलब्ध है।

उत्तराखंड के वरिष्ठ भाजपा नेता और रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट सोमवार को हल्द्वानी में अमृत विचार के कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने समूह संपादक शंभू दयाल वाजपेयी से मुलाकात की और उन्हें शुभकामनाएं दीं। अजय भट्ट संसद में नैनीताल–ऊधम सिंह नगर संसदीय सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्हें हाईकमान ने दोबारा इसी सीट से प्रत्याशी घोषित किया है। ● अमृत विचार

स्मार्टफोन में खोए छात्र परीक्षा में भी इसी की भाषा में दे रहे जवाब

बरेली' अमृत विचार : स्मार्टफोन में खोए युवाओं की भाषा भी बदल गई है। वह सोशल साइट्स पर इस्तेमाल होने वाली भाषा में ही परीक्षा में उत्तर लिख रहे हैं। रुहेलखंड विश्वविद्यालय के परास्नातक के एमएससी छात्रों की कॉपियों में इस तरह की भाषा में उत्तर देखकर शिक्षक भी हैरान हैं। ऐसे में वह छात्रों को नंबर भी नहीं दे सकते हैं, क्योंकि छात्रों को हिंदी या अंग्रेजी में ही उत्तर देने का नियम है। छात्रों ने एमएससी की परीक्षा में जो उत्तर दिए हैं, उसमें जैसे रॉक और फ्रगमेंटेशन शब्द तो इंग्लिश में लिखे हैं लेकिन होता है, करते हैं, देते हैं आदि शब्दों को न तो अंग्रेजी में लिखा है और न ही हिंदी में बल्कि जिस तरह से मोबाइल में हिंदी लिखने के लिए अंग्रेजी शब्दों का इस्तेमाल करते हैं, उस भाषा में लिखा है। छात्रों ने उत्तर सही दिए हैं और डायग्राम भी सही बनाए हैं लेकिन भाषा की वजह से शिक्षक उन्हें पूरे अंक नहीं दे सकते हैं। रुहेलखंड विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी और विधि विभागाध्यक्ष डॉ. अमित सिंह के मुताबिक इस तरह की भाषा का परीक्षा में इस्तेमाल गलत है। छात्रों को हिंदी, अंग्रेजी या अन्य भाषा का इस्तेमाल करना चाहिए। इस तरह के उत्तर होने पर परीक्षक अंक नहीं देगा।

अवैध रुप से क्लीनिक का संचालन करता मिला झोलाछाप, रिपोर्ट दर्ज

चन्दौसी, अमृत विचार: स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी को छापा मारी के दौरान अवैध रुप से क्लीनिक चलता मिला। इस मामले में कोतवाली में नोडल अधिकारी की ओर से झोलाछाप के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

साथ ही झोलाछाप का क्लीनिक स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सील कर दिया है। स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. विश्वास अग्रवाल ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा है कि रविवार को उन्होंने अपनी टीम के साथ मोहल्ला कागजी में झोलाछाप मोहम्मद रफी फारुखी पुत्र इरशाद हुसैन के क्लीनिक पर छापा मारा। इस दौरान झोलाछाप एलोपैथिक चिकित्सा पद्धति से क्लानिक का संचालन करता मिला।

वह कोई भी अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सका। क्लीनिक पर पाए गए चिकित्सीय सामग्री को सील कर दिया गया है।

अब स्नातक सम सेमेस्टर परीक्षा की हो रही तैयारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- समय पर सत्र पूरा करने को 14 मार्च से भरे जाएंगे परीक्षा फार्म
- 30 जनवरी को खत्म हुई थी विषम सेमेस्टर की परीक्षा, परिणाम भी आए

अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने समय पर सत्र पूरा करने के लिए स्नातक और परास्नातक की वार्षिक परीक्षा के बाद स्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षा कराने की भी तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए परीक्षा फार्म 14 से 30 मार्च तक ऑनलाइन भरे जाएंगे। विश्वविद्यालय परीक्षा अप्रैल के अंत में या फिर मई में करा सकता है।

परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक मुख्य परीक्षा वर्ष 2024 के बीए, बीएससी, बीकॉम और बीबीए द्वितीय, चतुर्थ और षष्टम सेमेस्टर के संस्थागत और बैक परीक्षा और बीएससी गृह विज्ञान द्वितीय सेमेस्टर के संस्थागत परीक्षा फार्म 14 से 30 मार्च तक भरे जाएंगे। छात्रों को भरे हुए फार्म 31 मार्च तक जमा करने होंगे और महाविद्यालयों को 4 अप्रैल तक ऑनलाइन स्वीकृत करने होंगे। विवि ने स्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षा 15 दिसंबर से 31 जनवरी तक कराई थी। विवि ने सभी परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं और कुछ रह गए हैं, वह भी जल्द घोषित कर दिए जाएंगे।

विलंब शुल्क एक हजार

विश्वविद्यालय ने मुख्य परीक्षा के बीए एवं बीकॉम और एमए एवं एमकॉम के परीक्षा फार्म भरने की तिथि एक बार फिर बढ़ा दी है। छात्र 12 मार्च तक एक हजार रुपये विलंब शुल्क के साथ फार्म भर सकते हैं और 13 तक भरे हुए फार्म कॉलेज में जमा करने होंगे। अब तक करीब 64 हजार व्यक्तिगत परीक्षा फार्म भरे जा चुके हैं, जिसमें 35 हजार स्नातक और 29 हजार परास्नातक के हैं।

आर्मी कैंप में तैनात सिपाही ने की खुदकशी

देहरादून, अमृत विचार : रायवाला आर्मी कैंप में तैनात सिपाही ने फंदा लगाकर खुदकशी कर ली। आत्म हत्या के कारण का पता नहीं चल सका है। थाना रायवाला पुलिस को आर्मी कैंप में एक सिपाही के फंदा लगाकर खुदकशी करने की सूचना मिली। इस पर सहायक पुलिस अधीक्षक- थाना प्रभारी जितेन्द्र चौधरी (आईपीएस) मय फोर्स तत्काल घटना स्थल पर पहुंचे। वहां सिपाही बालाजी (28) एक बिल्डिंग में सीढ़ियों की रेलिंग से लटका हुआ था। उसने बैडशीट के जरिये फंदा लगाया था। घटना स्थल की वीडियोग्राफी कर अन्य जवानों की सहायता से शव को नीचे उतारा गया। मृतक सिपाही बालाजी तमिलनाडु के तिपनापल्ली कोरबापतली कृष्णागिरी का रहने वाला था।

सम्बन्ध विच्छेद

मैं अपने पुत्र राहुल व उसकी पत्नी पूजा से मेरे प्रति दुर्व्यवहार करने के कारण सम्बन्ध विच्छेद करता हूं एवं अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में किसी भी कृत्य के ये स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा कोई वास्ता नहीं होगा।

-जसराम सिंह पुत्र कुन्दन सिंह निवासी रायपुर थाना सिविल लाइन्स, रामपुर

नगर पालिका ने शुरू कराया जर्जर सड़कों का निर्माण कार्य

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

सौगात

- जल्द मिलेगी शहरवासियों को गड्ढा मुक्त सड़कों की सौगात
- आचार संहिता लागू होने पर भी नहीं रुकेगा निर्माण कार्य

सड़कों पर निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया है। आचार संहिता लागू होने पर यह निर्माण नहीं रुकेगा। शीघ्र ही नई सड़कों की सौगात शहरवासियों को मिलेगी।

-केके अग्रवाल, कार्यवाहक ईओ, नगर पालिका

अमृत विचार: नगर पालिका की ओर से शहर में आधा दर्जन से अधिक सड़कों का निर्माण कार्य शुरु करा दिया गया है। फिलहाल कार्य धीमी गति से चल रहा है। अब आचार संहिता लागू होने के बाद भी निर्माण नहीं रुकेगा। जल्द ही नागरिकों को गड्ढा मुक्त सड़कों की सौगात मिल जाएगी।

शहर में आधा दर्जन से अधिक सड़कें जर्जर हालत में हैं। इन सड़कों के निर्माण को लेकर नागरिक नगर पालिका से लगातार मांग करते चले आ रहे थे। पालिका की बोर्ड की बैठक में सड़कों का प्रस्ताव भी पास कर दिया गया था। जिसमें स्टेशन रोड, मुंसिफ रोड, रामस्वरूप रोड, आजाद रोड, गुलडेहरा रोड, सीकरी गेट, जारई गेट आदि सड़कें शामिल हैं। फिलहाल सड़कों का कार्य धीमी गति से चल रहा है। जो सड़कें बननी हैं वहां कार्य शुरू करा दिया गया है। अब अगर आचार संहिता लागू हो जाती है, तो भी निर्माण कार्य नहीं रुकेगा। इसलिए जर्जर सड़कों पर कार्य शुरु करा दिया गया है। जिसके चलते शीघ्र ही नगरवासियों की काफी पुरानी मांग पूरी हो जाएगी और शीघ्र ही गड्ढा मुक्त सड़कों की सौगात मिल जाएगी।

आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत सी विजिल एप पर करें

कार्यालय संवाददाता, संभल

- जिलाधिकारी ने लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता एवं तैयारी के संबंध में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। जिसमें चुनाव से संबंधित विभिन्न जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने कहा कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के संबंध में सी विजिल एप पर शिकायत की जा सकती है। इसके बारे में लोगों को जागरूक किया जाए।

कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में बैठक हुई। एडीएम प्रदीप वर्मा ने राजनीतिक दलों द्वारा दिए गए प्रस्ताव को लेकर कहा कि निर्वाचन आयोग ने प्रस्तावों को अनुमोदित कर दिया है। जिले में चार मतदेय केंद्र बढ़ गए हैं। जिले में अब 896 मतदेय केंद्र एवं 1648 बूथ रहेंगे। 24 जनवरी से 10 मार्च तक बूथों पर फार्म संख्या 6 एवं 7, फार्म संख्या 8 से संबंधित 9677 फॉर्म ऑनलाइन प्राप्त हुए हैं। उन्होंने विधानसभा वार फार्मों की संख्या के बारे में जानकारी दी। आदर्श आचार संहिता से संबंधित भी जानकारी दी। जिलाधिकारी ने कहा कि बूथों का अंतिम चयन किया गया है। अब बूथों का कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। उन्होंने 1648 बूथों की सूची राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराने को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

कहा कि मतदाता सूची में नाम बढ़ने एवं घटने से संबंधित कोई शिकायत है तो शिकायत को संज्ञान में लाया जाए। जिसमें संबंधित उपस्थित राजनीतिक प्रतिनिधियों ने कहा कि इस संबंध में कोई शिकायत संज्ञान में नहीं है। उन्होंने कहा कि फॉर्म 6 लोकसभा चुनाव की नामांकन की तिथि से 10 दिन तक चलेंगे। नामांकन के स्थान के विषय में भी जानकारी दी। सुविधा पोर्टल से परमिशन को लेकर भी चर्चा की गई। उन्होंने सी विजिल एप्लीकेशन के बारे में बताया।

कहा कि अब कोई भी आम नागरिक किसी दूसरे व्यक्ति द्वारा आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के संबंध में सीविजिल ऐप पर शिकायत कर सकता है। उन्होंने राजनीतिक दलों से इस ऐप के बारे में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता लगने के बाद कार्यालयों, सार्वजनिक स्थानों तथा निजी स्थानों से राजनैतिक होर्डिंग, बैनर, पोस्टर को हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक करते डीएम मनीष बंसल। ● अमृत विचार

चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शी कराने का रहेगा पूर्ण प्रयास

जिलाधिकारी ने निर्वाचन नामांकन के नियमों के बारे में भी जानकारी दी। सुविधा पोर्टल ऑनलाइन नामांकन के बारे में भी चर्चा की। क्रिटिकल एवं बल्नरेबल बूथ पर सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था रहने की बात कही। उन्होंने ईवीएम मशीन से बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की।

फोटो वायरल करने की धमकी देकर दुष्कर्म

काशीपुर, अमृत विचार: शादी समारोह में आये युवक ने नाबालिग की आपत्तिजनक फोटो खींच ली और उसको वायरल की धमकी देकर दुष्कर्म किया।

क्षेत्र निवासी एक महिला ने बताया कि उसकी 12 वर्षीय बेटी की जान पहचान शादी समारोह में बाजपुर के युवक से हुई थी।

आरोप है कि युवक ने उनकी बेटी को फोन पर बात कर बहला फुसला लिया और एक आपत्तिजनक फोटो प्राप्त कर ली, जिसके बाद 12 फरवरी को आरोपी ने वायरल करने की धमकी देकर उनकी बेटी को घर में अकेला पाकर उसके साथ दुष्कर्म कर उसकी भी वीडियो बना ली। मामले में पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

सूचना

मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण
न्यायालय (MACT), सम्भल/चन्दौसी
MACP- 140/21
श्रीमती अनीता
बनाम
श्रीमती मीनाक्षी पत्नी नीरज
निवासी प्लाट नं. 98, विकास नगर, उत्तम नगर, पश्चिमी दिल्ली- 110059
(वाहन स्वामी)

श्रीमती अनीता ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप दिनांक 21.03.2024 को समय से खुद या मार्फत वकील जो मुकदमें का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब सवालात दे सके, हाजिर हो। आपको बाजिब है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज भी पेश करें। यदि आप हाजिर नहीं होंगे तो आवेदक को सुनकर एक पक्षीय पारित किया जायेगा।

न्यायालय (MACT), सम्भल/चंदौसी

उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद

विद्युत वृत्त
आफिस काम्पलेक्स, (प्रथम तल) सेक्टर-9, वृन्दावन योजना, लखनऊ
Email: upavpelect@gmail.com

पत्र सं0– 255/M-6 ED-I/54 दिनांक: 11.03.2024

ई–निविदा सूचना

अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत मझोला योजना सं0–4 भाग–2 (विस्तार) मुरादाबाद के सेक्टर–15 में निर्माणाधीन भवनों हेतु वाह्य विद्युतीकरण का कार्य हेतु ई–निविदा दिनांक 10.04.2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तक आमंत्रित की गई है जिसकी तकनीकी बिड दिनांक 10.04.2024 को खोली जायेगी। शेष नियम व शर्तें परिषद की वेबसाइट www.upavp.com एवं एन0आई0सी0 की वेबसाईट https://etender.up.nic.in तथा अधिशासी अभियन्ता, विद्युत खण्ड–प्रथम, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, इन्दिरा नगर, लखनऊ के कार्यालय में देखी जा सकती है।

(सी0पी0 सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता (वि0/याँ0)

रामशरण दास व शिवपाल के बाद तीसरे प्रदेश अध्यक्ष हैं नरेश उत्तम पटेल, पूर्व मंत्री बलराम यादव को मिली तरजीह

पहली बार किसी सदन का सदस्य नहीं होगा सपा का प्रदेश अध्यक्ष

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी से नरेश उत्तम पटेल को विधान परिषद का टिकट न मिलने से पहली बार प्रदेश अध्यक्ष किसी सदन का सदस्य नहीं होगा, जबकि पूर्वांचल में सपा के सिरमौर रहे पूर्वमंत्री बलराम यादव को टिकट देकर खासी तरजीह दी गई। बलराम के पुत्र संग्राम यादव भी आजमगढ़ के अतरौलिया से विधायक हैं। इस प्रयोग के जरिए सपा संदेश देने की कोशिश कर रही है कि भाजपा यादव प्रत्याशी के जरिए आजमगढ़ में जड़ें न जमा सके।

समाजवादी पार्टी की पांच नवंबर 1992 को स्थापना के बाद सहारनपुर निवासी चौधरी रामशरण दास गुर्जर आजीवन 16 साल प्रदेश अध्यक्ष रहे। वे दो बार विधान सभा सदस्य और चार बार विधान परिषद सदस्य थे। बताते हैं कि मुलायम सिंह यादव को पहली बार विधानसभा पहुंचाने में उनकी अहम भूमिका थी। 1967 में मुलायम सिंह राजनीति में सक्रिय थे, लेकिन विधायक नहीं बने थे। उस समय चौधरी रामशरण दास समाजवादी नेता राममनोहर लोहिया द्वारा बनाई गई संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के प्रदेश महासचिव थे। तब मुलायम सिंह यादव इटावा के जिला सचिव हुआ करते थे। विधानसभा चुनाव के लिए सोशलिस्ट पार्टी द्वारा टिकट बांटे जा रहे थे। रामशरण दास संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के पार्लियामेंट्री बोर्ड में भी थे। मुलायम सिंह की टिकट को लेकर कुछ नेताओं को ऐतराज था। लेकिन उस समय रामशरण दास ने उनकी खुलकर वकालत की और फिर उन्हें टिकट भी दिया। मुलायम सिंह चुनाव लड़े और जीतकर पहली बार विधानसभा पहुंचे। रामशरण दास की गंभीर बीमारी की हालत में मुलायम सिंह ने पार्टी के महासचिव शिवपाल सिंह यादव को जिम्मेदारी दी।मुख्यमंत्री बने अखिलेश यादव से विवाद गहराने के बाद शिवपाल यादव हटाए गए। वे एक नवंबर 2007 से 2017 तक प्रदेश अध्यक्ष रहे। इस दौरान वे विधायक रहते मंत्री समेत कई अहम पदों पर भी थे। शिवपाल को हटाए जाने के बाद अखिलेश यादव ने नरेश उत्तम को 1 जनवरी 2017 को सपा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया, फिर दूसरी बार सितंबर 2022 में बागडोर सौंपी। नरेश उत्तम तीन बार विधायक और दो बार एमएलसी रहे। कार्यकाल बेदाग रहने के बावजूद पार्टी को जीत नहीं दिला सके। उनके प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए दो विधानसभा और एक लोकसभा चुनाव में पार्टी का प्रदर्शन खराब रहा है। इस बार एमएलसी का टिकट नहीं मिला, जिससे वे किसी सदन के सदस्य नहीं होंगे।

13 में सात प्रत्याशी पहली बार जाएंगे उच्च सदन

नामांकन करने वाले भाजपा से पूर्व मंत्री डॉ महेन्द्र कुमार सिंह को पार्टी ने तीसरी बार, पूर्व मंत्री अशोक कटारिया व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक लगातार दूसरी बार विधान परिषद सदस्य होंगे। जबकि प्रदेश उपाध्यक्ष मोहित बेनीवाल, संतोष सिंह व झांसी के निवर्तमान महापौर रामतीरथ सिंघल और प्रदेश सह मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह को पहली बार विधान परिषद जाने का मौका दिया है। अपना दल (एस) के आशीष पटेल दोबारा विधानमंडल के उच्च सदन में जाएंगे। रालोद के योगेश चौधरी और सुभासपा के पूर्वांचल के प्रदेश अध्यक्ष विच्छेलाल राजभर पहली बार विधान परिषद जाएंगे। जबकि सपा से पूर्व मंत्री किरण पाल कश्यप और गुड्डू जमाली भी पहली बार उच्च सदन जाएंगे। हालांकि जमाली की वजह से धर्मेंद्र यादव को आजमगढ़ में हार का सामना करना पड़ा था और भाजपा से दिनेश यादव निरहुआ सांसद बने।

नामांकन के दौरान संजय निषाद की नामौजूदगी रही चर्चा का विषय

प्रत्याशियों के नामांकन के दौरान निषाद पार्टी को छोड़कर भाजपा व उसके बाकी सभी सहयोगी दलों के नेता और विधायक मौजूद थे। नामांकन के अवसर पर निषाद पार्टी के अध्यक्ष व मत्स्य मंत्री डॉ संजय निषाद की अनुपस्थिति चर्चा का विषय रही। संजय निषाद ने भाजपा से विधान परिषद के एक लिए एक सीट मांगी थी जो नहीं दी गई। गौरतलब है कि पिछले माह राज्यसभा चुनाव के लिए हुए भाजपा प्रत्याशियों के नामांकन के अवसर पर संजय निषाद मौजूद थे।

सार-संक्षेप

सीएए की अधिसूचना जारी होते ही उप्र. में हाई अलर्ट

लखनऊ, अमृत विचार : नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लागू करने की अधिसूचना जारी होते ही उत्तर प्रदेश में पुलिस को हाई अलर्ट कर दिया गया है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने उप्र. के सभी सवेदनशील जिलों में अतिरिक्त पुलिस फोर्स की तैनाती करते हुए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा है कि अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। उनके निर्देश पर राजधानी लखनऊ समेत तमाम शहरों के संवेदनशील इलाकों में गश्त तेज कर दी गई है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने सोमवार को कानून व्यवस्था से जुड़े जिलों शहरों के छोटे बड़े सभी फ़ील्ड अफसरों को स्थानीय भ्रमणशील रहने के निर्देश दिया। डीजीपी ने संवेदनशील इलाकों में फुट पेट्रोलिंग, सीसी टीवी कैमरों, ड्रोन कैमरों से निगरानी के निर्देश भी जारी किया है। वहीं सोशल मीडिया में भड़काऊ, आपत्तिजनक पोस्ट पर कार्रवाई के निर्देश भी दिए हैं। राज्य के संवेदनशील मेरठ, कानपुर, मुरादाबाद, गोरखपुर, वाराणसी और राजधानी लखनऊ के पुराने शहर अमीनाबाद चौक में पुलिस की गश्ती तेज कर दी गई है।

50 गुना अधिक भव्य रूप से मनाई जाएगी रामनवमी

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : आगामी रामनवमी पर राम जन्मभूमि परिसर में बड़े आयोजन की योजना श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट तैयार कर रहा है। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद गिरी के मुताबिक इस बार की चैत्र रामनवमी विगत वर्षों की अपेक्षा 50 गुना अधिक दिव्य और भव्य रूप से मनाई जाएगी, जिसके लिए ट्रस्ट लगातार चिंतन कर रहा है। प्राण-प्रतिष्ठा के बाद से राम मंदिर में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। इसके साथ ही निर्माणाधीन राम मंदिर के लिए खुलकर दान किया जा रहा है। एक माह में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को 52 करोड रुपये का दान प्राप्त हुआ है। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देवगिरी ने बताया कि 22 जनवरी को भी छह करोड़ रुपये का दान प्राप्त हुआ था। उन्होंने बताया कि जिस तरीके से राम भक्तों का सैलाब अयोध्या में दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। इस तरह दान का क्रम भी बढ़ रहा है।

स्टॉफ नर्स पदों के लिए ऑफर लेटर जारी

लखनऊ, अमृत विचार : राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत 17000 संविदा रिक्त पदों की भर्ती अंतर्गत अलग-अलग कार्यक्रमों के तहत 7706 शार्टलिस्टेड स्टॉफ नर्स (संविदा) को ऑफर लेटर जारी कर दिए गए हैं। इसका लिंक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की आधिकारिक बेवसाईट www.upnrhm.gov.in पर उपलब्ध है। अभ्यार्थियों के लिए गाइडलाइन है कि ऑफर लेटर में वर्णित दिशा-निर्देशों के अनुसार आवंटित जनपद पर ससमय योगदान देना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही सुझाव दिया गया है कि दलालों से सावधान रहें और हर प्रकार का नोटिफिकेशन वेबसाइट पर उपलब्ध है।

सपा विधायक इरफान की 26 संपत्तियां और मिलीं

कानपुर, अमृत विचार : सीसामऊ से सपा विधायक इरफान सोलंकी की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी के बाद मुश्किलें और बढ़ती जा रही हैं। ईडी की छापेमारी के दौरान पूर्व में सीज की गईं दो कारें घर में खड़ी मिलने के बाद संपत्तियों का दोबारा सत्यापन कराने पर सपा विधायक की 26 संपत्तियां और सामने आई हैं। अब तक तीन विवेचक इस मामले की विवेचना कर रहे थे। अब अकेली जिम्मेदारी फीलखाना इंस्पेक्टर वीरेंद्र प्रताप सिंह को सौंपी गई है। मामले में पुलिस की लापरवाही कहां रही, इसकी जांच एसीपी कैंट अंजली विश्वकर्मा को दी गई है। जल्द ही वह रिपोर्ट कमिश्नरेट के उच्चाधिकारियों को सौंपेंगी। फरवरी, 2023 में इरफान और उनके भाई रिजवान सोलंकी, हिस्ट्रीशीटर शौकत अली पहलवान और हिस्ट्रीशीटर हाजी अज्जन की संपत्तियां सीज करने के आदेश दिए गए थे। इसी में लापरवाही की बात सामने आई है। पुलिस ने तीन वाहन, नौ बैंक खाते, नौ प्लॉट, एक फ्लैट, दो असलहे और दो बिल्डिंग सत्यापित की हैं।

ऊर्जा निगमों के संविदा कर्मियों के लिए जल्द बनेगी नियमावली

वार्ता के दौरान पावर कारपोरेशन प्रबंधन ने दिया आश्वासन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : ऊर्जा निगमों के संविदा कर्मचारियों के लिए जल्द ही नियमावली बनाई जाएगी। सोमवार को शक्ति भवन में विद्युत संविदा कर्मचारी महासंघ के प्रतिनिधियों के साथ वार्ता के दौरान पावर कारपोरेशन प्रबंधन ने यह आश्वासन दिया।

वार्ता में प्रबंधन की ओर से और कारपोरेशन के अध्यक्ष आशीष कुमार गोयल, प्रबंध निदेशक पंकज कुमार, निदेशक कार्मिक एवं प्रबंधन कमलेश बहादुर सिंह और संगठन की ओर से महासंघ के अध्यक्ष आरएस राय, मोहम्मद काशिफ, भोला सिंह कुशवाहा, राजेश्वर सिंह, उदय प्रताप सिंह ,दिनेश कुमार, मुदस्सिर चौहान, राजकुमार पांडे, आशीष कुमार, कपिल शर्मा और प्रभारी पुनीत राय शामिल थे। लगभग दो घंटे तक चली वार्ता में संगठन की 16 सूत्री मांगो पर चर्चा हुई। बैठक में संविदा कर्मियों का वेतन बढ़ाने के लिए राज्य सरकार से अनुमोदन लिए जाने, कार्यरत आउटसोर्स उपकेंद्र परिचालकों को न हटाए जाने, भूतपूर्व सैनिकों को रखने का आदेश स्थगित रखने, सभी जिलों के संविदा कर्मियों को इलाज के लिए ईएसआई की सुविधा दिए जाने, श्रमिक से लाइनमैन का कार्य न लिए जाने, संविदा कर्मियों की नियमावली बनाई जाने, कार्यकाल के दौरान दुर्घटना के अतिरिक्त अन्य कारणो से मृत्यु हो जाने पर मुआवजा दिए जाने व वर्ष 2015 में 155 संविदा कर्मियों पर दर्ज मुकदमें वापस लिए जाने पर सहमति बनी। महासंघ के मीडिया प्रभारी विमल चंद्र पांडे ने बताया कि मार्च 2023 की हड़ताल में कार्यरत संविदा कर्मियों व बाह्य एजेंसी द्वारा किन्हीं करणो से हटाए गए संविदा कर्मियों को काम पर वापस लिए जाने पर भी सहमति बनी।

सोमवार को शक्ति भवन में विद्युत संविदा कर्मचारी महासंघ के प्रतिनिधियों से वार्ता करते उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष आशीष कुमार गोयल व अन्य। ● अमृत विचार

कर्मचारी संगठन एस-4 की शासन से वार्ता सफल

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश के राज्य कर्मियों व शिक्षकों के संयुक्त संगठन संयुक्त संघर्ष संचालन समिति, (एस-4) की ओर से पांच सूत्रीय मांगों को लेकर सोमवार को शासन से वार्ता सफल हो गई है। सभी मांगों पर विचार विमर्श होने के बाद मंगलवार को विधानभवन का घेरने के निर्णय को स्थगति कर दिया गया है। शासन के अपर मुख्य सचिव, नियुक्ति/कार्मिक डा. देवेश चतुर्वेदी की अध्यक्षता में संगठन के पदाधिकारियों से बैठक लोकभवन में संपन्न हुई। बैठक में ओपीएस एवं भत्तों की बहाली सहित 5 मांगों पर विचार-विमर्श हुआ, जिसमें बेसिक शिक्षा, वित्त, माध्यमिक शिक्षा, सिंचाई, विकास एवं पुष्टाहार, परिवहन, राज्य कर, समाज कल्याण आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। अपर मुख्य सचिव कार्मिक ने बैठक के दौरान प्रमुख सचिव व निदेशक बाल विकास एवं पुष्टाहार, महानिदेशक बेसिक शिक्षा को फोन पर समस्याओं को हल किये जाने के निर्देश दिये गये।

● **आज होने वाली हड़ताल स्थगित**

कोर्ट में सुनवाई के दौरान गश खाकर गिरी महिला, इलाज के दौरान मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

● **एसडीएम कोर्ट में जमीन के मुकदमें की सुनवाई को गई थी फुलमती**

अमृत विचार : सरोजनीनगर तहसील के एसडीएम कोर्ट में सोमवार को एक जमीनी मुकदमें की सुनवाई के दौरान फुलमती (55) अचानक गश खाकर गिर गई। आनन-फानन उसे नजदीकी सीएचसी में पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र गिरी के मुताबिक, बिजनौर के नटकुर गांव निवासी फुलमती का घर व सात विस्वा जमीन को लेकर चचेरी सास व भाई से विवाद चल रहा है। जो कोर्ट में विचाराधीन चल रहा था। सोमवार को वह एसडीएम कोर्ट में सुनवाई को आई थी। जहां अधिवक्ताओं के बीच बहस होनी थी। सूत्रों की मानें तो, सुनवाई शुरू होने से पूर्व फुलमती विपक्षी राधेलाल को देखते ही गश आकर गिर पड़ी। मौजूद परिजनों ने उसके चेहरे पर पानी का छीटें मारे। बावजूद उसे होश नहीं आया। आनन-फानन परिजन उसे नजदीकी सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि फूलमती के पति चंदनलाल के चाचा महादेव की कोई औलाद नही थी। वह अपनी जमीन अपने परिवार के लोगो को ही देना चाहते थे। उनके बारे में बताया गया कि अपने हिस्से की डेढ बीघा जमीन बेचने के बाद संदिग्ध हालत में उनका शव फंदे से लटका मिला था। इसके कुछ दिन बाद उनकी चचेरी सास राजेश्वरी की भी मौत हो गई थी। आरोप है कि राजेश्वरी की मौत के बाद उनका भाई राधेलाल जमीन व मकान की वसीयत दिखाकर कब्जा करना चाहता था। इसको लेकर फूलमती व राधेलाल के बीच मुकदमा चल रहा था।

वर्ग पहेली-7

बाएं से दाएं

2.1. कितना 2. जो गुण

3.1. समक्ष, आमने-सामने 2. लंबाई में।

4.1. कलेजे का मांस 2. पशु-पक्षियों के कलेजे का मांस जो खाया जाता है 3. उक्त मांस का बना हुआ सालन।

5.1. आवरण हटाना 2. खोलना 3. नंगा करना, अनावृत करना 4. प्रकट करना 5. भंडा फोड़ना, गुप्त बात खोलना।

6. चाह, इच्छा।

8.1. यौन उत्पीड़न 2. स्त्री या पुरुष के साथ किया जाने वाला यौन संबंधी दुर्व्यवहार।

ऊपर से नीचे

1. मूल विषय, मूल कथ्य।

2. बच्चों या बंदरों आदि का प्रसन्न होने पर ज़ोर-ज़ोर से की-की शब्द करना, किलकारना, किलकारी मारना।

5. सुबह के समय होने वाला गायन, प्रभाती।

7.1. बहुत अधिक परिश्रम करना, आवश्यकता से अधिक परिश्रम करना 2. धनोपार्जन करना।



वर्ग पहेली -6 का हल

1 अ		2 सो	हि	नी	
3 शे	ख़ी	ते			
ष		4 जा	दू	टो	5 ना
	6 अ	नं	ग		म
	ति		7 ते	ज़ी	लि
	रे				खा
	8 क	ज	रौ	टा	ई

स्मृति ईरानी ने शूटर वर्तिका की नहीं की कोई मानहानिः हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, लखनऊ

● **स्मृति ईरानी के खिलाफ वर्तिका सिंह की याचिका खारिज**

अमृत विचार : अंतर्राष्ट्रीय शूटर वर्तिका सिंह द्वारा केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के खिलाफ मानहानि के आरोपों को लेकर दाखिल याचिका को हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने खारिज कर दिया है। न्यायालय ने कहा कि पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए, यदि वादी को कांग्रेस पार्टी अथवा पंडित नेहरू, इंदिरा गांधी व राजीव गांधी की लीगेसी वाले 'गांधी परिवार' से जुड़ा हुआ कहा गया तो ये उसकी मानहानि नहीं है और न ही यह उसकी मानहानि किए जाने की स्मृति ईरानी की मंशा को दर्शाता है।

यह आदेश न्यायमूर्ति मो. फैज आलम खान की एकल पीठ ने वर्तिका सिंह की याचिका पर पारित किया। याची ने स्मृति ईरानी पर मानहानि का आरोप लगाते हुए, सुल्तानपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट में आपराधिक वाद दायर किया था जिसे निचली अदालत ने 21 अक्टूबर 2022 को खारिज कर दिया। याची का आरोप था कि पत्रकारों ने स्मृति ईरानी से जब उनके निजी सचिव पर याची द्वारा लगाए गए आरोपों के संबंध में पूछा तो उन्होंने याची को कांग्रेस पार्टी का प्यादा और गांधी परिवार से सीधा संबंध रखने वाला बताया। न्यायालय ने पत्रकारों के साथ स्मृति ईरानी की इस पूरी बातचीत को उद्धत करते हुए कहा कि उन्होंने प्रश्नगत बयान देने से पूर्व दूसरे मामलों पर बात की और इस दौरान याची का नाम भी नहीं लिया। न्यायालय ने पाया कि याची के विरुद्ध आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। न्यायालय ने कहा कि स्मृति ईरानी के बयानों को यदि देखा जाए तो वह एक राजनीतिक दल की आलोचना कर रही थीं और याची की मानहानि करने का उनका कोई आशय नहीं था।

वरिष्ठ नागरिकों की आवासीय जरूरतों पर हुआ मंथन

लखनऊ, अमृत विचार : स्थानीय प्राग नारायण रोड स्थित निदेशालय समाज कल्याण के सभागार में सोमवार को वरिष्ठ नागरिक नीति संवाद का आयोजन किया गया। तीन सत्रों में हुई परिचर्चा में वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। खासकर वक्ताओं ने वरिष्ठ नागरिकों की आवासीय सुविधा पर मंथन किया गया। कार्यक्रम में असीम अरुण, समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र भार), डॉ. हरिओम, प्रमुख सचिव, समाज कल्याण, कुमार प्रशांत, निदेशक समाज कल्याण, कृष्णा प्रसाद, उपनिदेशक, समाज कल्याण, डॉ. अनीता भटनागर जैन, सुभाष चंद्र, डॉ. अभिषेक शुक्ला, एके सिंह, रवि भट्ट आदि विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ मौजूद रहे। इस मौके पर उप्र. वरिष्ठ नागरिक पोर्टल और प्रदेश के युवा प्रतियोगी अभ्यर्थियों के लिए अभ्युदय पोर्टल का लोकार्पण किया गया।

शिक्षकों की कार्यालयों में संबद्धता पर महानिदेशक ने लगाई रोक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● **बाबूगिरी कर रहे 3500 परिषदीय शिक्षकों की स्कूलों में होगी वापसी**

अमृत विचार : राज्य में परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों को लेकर स्कूल शिक्षा महानिदेशक ने महत्वपूर्ण आदेश दिया है। शिक्षकों के विभिन्न कार्यालयों में संबद्धता पर रोक लगा दी गई है। ऐसे करीब साढ़े तीन हजार शिक्षक जो स्कूल में पढ़ाने की बजाए कार्यालयों में बाबूगिरी कर रहे हैं, उन्हें वापस स्कूल भेजा जाएगा। इससे विद्यालयों में शिक्षकों की कमी से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही थी।

राज्य के स्कूल शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा की ओर से निर्देश दिए गए हैं कि परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों को विभिन्न कार्यालयों में किसी भी कीमत पर संबद्ध न किया जाए। आवश्यकता के आधार पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों में कार्यरत प्रवक्ताओं व सहायक अध्यापकों और निदेशालय में कार्यरत अकादमिक कर्मियों जैसे प्रवक्ताओं व अनुदेशकों से ही मदद ली जाए। अगर फील्ड वर्क के अनुभव की बहुत जरूरत हो तो भी शिक्षकों से सिर्फ ऑनलाइन वीडियो कांफ्रेंसिंग से संपर्क कर उनका सहयोग लिया जाए। उन्हें कार्यालय में संबद्ध न किया जाए। स्कूल शिक्षा महानिदेशालय ने सभी जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वह अपने-अपने जिले में ऐसे शिक्षकों को चिह्नित कर उन्हें वापस स्कूल भेजें। यह शिक्षक मास्टर ट्रेनर के रूप में, मॉड्यूल तैयार करने, पाठ्यक्रम से संबंधित कार्यों, प्रश्नपत्र तैयार करने या फिर कार्यालयों में विभिन्न योजनाओं से संबंधित कार्य कर रहे हैं। यही नहीं, खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) भी कई शिक्षकों को अपने साथ विभिन्न विभागीय कार्यों में लगाए रहते हैं।

सुडोकू -86

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		4				2		
1			8		5		3	
	9			3	4			
	2		9			6		
6		3						4
				6	1		2	
			7					6
	4		1		6			
		6				9		

सुडोकू -85 का हल

1	5	9	3	7	4	8	2	6
4	2	8	9	6	5	1	3	7
6	3	7	2	8	1	4	9	5
7	8	3	1	9	6	5	4	2
2	9	4	8	5	7	6	1	3
5	1	6	4	2	3	9	7	8
3	4	2	5	1	8	7	6	9
8	7	1	6	3	9	2	5	4
9	6	5	7	4	2	3	8	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 12 मार्च,मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष,तिथि-द्वितीया 07.13 तक तत्पश्चात तृतीया 13 मार्च 04.03 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। **ऋतु**-वसंत। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-रेवती 20.29 तक तत्पश्चात अश्विनी।

मेष — आज अपना मन शांत रखें व अच्छी संगत में रहें। चल-अचल संपत्ति के विवाद बढ़ सकते हैं। आप धर्म-कर्म में काफी व्यस्त रहने वाले हैं। आपका आत्मविश्वास काफी बढ़ा हुआ रहेगा,किंतु आप अनावश्यक बातों को लेकर क्रुद्ध हो सकते हैं।

वृष — आज व्यवसाय में बड़े अनुबंध मिलने की संभावना बन रही है। विद्यार्थियों को पढ़ाई में मन लगाना चाहिए। आय की दृष्टि से दिन बहुत ही उत्तम है। विरोधियों के ऊपर आपका प्रभाव बढ़ेगा। सेहत की समस्या दूर होगी।

मिथुन — आज शेयर मार्केट में कार्य कर रहे लोगों को लाभ मिलेगा। बच्चों के ऊपर आप नाराज हो सकते हैं। मन थोड़ा व्यथित रहेगा। प्रेमीजन से बहसबाजी हो सकती है। लेन-देन के मामलों में सावधानी रखें। कमर दर्द की शिकायत हो सकती है।

कर्क — आज परिजनों के लिए कुछ उपहार खरीद सकते हैं। जीवनसाथी से झगड़ा हो सकता है। महत्वपूर्ण मीटिंग आदि से बचें। लोगों से बहुत ज्यादा अपेक्षा न करें। अपनी इच्छानुसार कार्य होने से मन संतुष्ट रहेगा।

सिंह — आज दिन का शुरुआती भाग आपके लिए नकारात्मक रहेगा। भावनाओं में बहकर कोई निर्णय न लें। दांपत्य सुख में कमी आ सकती है। खर्चों पर नियंत्रण रखें। अपनी जीवनशैली में बदलाव न करें। शाम को आपका मन शांत हो सकता है।

कन्या — आज योग और प्राणायाम को अपनी जीवनशैली का अंग बनाएं। निजी जीवन में परेशानियों का अनुभव करेंगे। आप अपने जीवनसाथी से मन की बातें शेयर कर सकते हैं। कारोबार को लेकर आप थोड़े तनाव में हो सकते हैं।

तुला — आज सभी कार्य समय पर हो जाएंगे। शाम के समय आपको कुछ शुभ समाचार मिल सकते हैं। विद्यार्थियों को परीक्षा में उत्तम परिणाम मिलेंगे। आपका मानसिक तनाव पहले से काफी कम होगा। रोजगार के नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं।

वृश्चिक — आज मन में कुछ अभिनव प्रयोग करने की इच्छा होगी। रुके हुए बहुत से काम आसानी से हो जाएंगे। व्यापार में कुछ नया करने का विचार जन्म ले सकता है। बॉस आपके ऊपर कुछ ज्यादा निर्भर रहेंगे। किसी को धोखा न दें।

धनु — आज नए भावनात्मक रिश्तों की शुरुआत हो सकती है। आपको मित्रों से भरपूर सहयोग मिलेगा। कारोबारियों की आय में वृद्धि होगी। योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली परेशानी दूर होगी। पिता के साथ आवश्यक विषयों पर चर्चा कर सकते हैं।

मकर — आज आपको अपने आत्मसम्मान की चिंता रहेगी। रुका हुआ धन अवश्य वापस मिल सकता है। युवा अपने करियर को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। आप अपने काम का पूरी तरह से आनंद नहीं ले पाएंगे।

कुंभ — आज घर में बिना बुलाए मेहमान आ सकते हैं। जल्दबाजी में आपके काम बिगड़ सकते हैं। पेट में गैस की समस्या हो सकती है। मसालेदार व तामसिक भोजन का सेवन न करें। प्रत्येक विषय पर आपको बिना मांगे राय देने से बचना चाहिए।

मीन — आज आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें। थकान और बुखार जैसी परेशानी हो सकती है। सुबह आप किसी महत्वपूर्ण कार्य से यात्रा कर सकते हैं। कार्य-स्थल पर आप काफी सक्रिय रहने वाले हैं।

आज की फिल्में

बादशाह
सुबह : 10.43

राम बलराम
रात : 07.06

एन एक्शन हीरो
सुबह : 09.00

केजीएफ चैप्टर 2
रात : 10.24

मॉन्स्टर हंटर
सुबह : 11.02

बैटमैन बिगिन्स
रात : 08.45

प्लेयर्स
सुबह : 10.30

सीक्रेट सुपरस्टार
शाम : 04.30

खुदा गवाह
सुबह : 11.22

अजब प्रेम की गजब कहानी
रात : 07.00

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात 10.24 बजे

जोक्स ऑफ द डे

मास्टर जी क्लास में आए तो पप्पू हल्ला मचा रहा था।
मास्टर जी (पप्पू से) - गजल और भाषण में क्या अंतर होता है?
पप्पू ने कुछ देर सोचा फिर बोला- पराई स्त्री का हर शब्द गजल होता है और बीवी का हर शब्द भाषण...
पप्पू की बात सुनकर मास्टर जी दंग रह गए!

पत्नी-आपको मेरी सुंदरता ज्यादा अच्छी लगती है या मेरे संस्कार?
पति- मुझे तो तेरी ये मजाक करने की आदत बहुत अच्छी लगती है।
पति की बात सुनकर पत्नी हैरान रह गई।

मैथा बाजार भाव

रामपुर–शिवालिक 1015 फ्लैग 1115 डीएमओ 890 बोल्ड 1180, **सम्भल–चन्दौसी**–शिवालिक 1020 फ्लैग 1130 बोल्ड 1175 डीएमओ 910।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव–दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 – 106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल : 94 रुपये लोबिया सफेद : 98 रुपये।

एक नजर

वायरलेस ऑपरेटिंग लाइसेंस को सरकार ने खत्म किया

नई दिल्ली। केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कहा कि सरकार ने वायरलेस ऑपरेटिंग लाइसेंस को खत्म कर दिया है और उत्पाद परीक्षण के त्वरित और ऑनलाइन अनुमोदन के लिए एक नियामकीय 'सैंडबॉक्स' शुरू किया है। उन्होंने कहा कि वायरलेस ऑपरेटिंग लाइसेंस को कुछ महीने पहले ही समाप्त कर दिया गया था लेकिन अब इसे औपचारिक रूप दिया जा रहा है।

लोकपाल योजना के तहत शिकायतें बढ़ीं

मुंबई। रिजर्व बैंक की लोकपाल योजनाओं के तहत दर्ज शिकायतों की संख्या वित्त वर्ष 2022–23 में 68 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 7.03 लाख हो गई। सोमवार को जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक शिकायतें मोबाइल/इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग, ऋण, एटीएम/ डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, पेंशन भुगतान, धन–प्रेषण और पैरा बैंकिंग एवं अन्य से संबंधित थीं।

एसएमई खंड में कीमतों में हेराफेरी के संकेत

सेबी की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच ने निवेशकों को सावधानी बरतने की दी सलाह

मुंबई, एजेंसी

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच ने सोमवार को कहा कि पूंजी बाजार नियामक को छोटे और मध्यम उद्यम (एसएमई) खंड में कीमतों में हेराफेरी के संकेत मिल रहे हैं। उन्होंने इस खंड में हाल के दिनों में हुई तेजी को 'अतार्किक उत्साह' जैसा बताया।

बुच ने निवेशकों को सावधानी बरतने की सलाह देते हुए कहा कि हेराफेरी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) और सामान्य रूप से शेयरों की खरीद-बिक्री, दोनों में है। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम के मौके पर महिला पत्रकारों से कहा- हमें (कीमतों में हेराफेरी के) संकेत मिल रहे हैं। हमारे पास इस बारे में पता लगाने की तकनीक है। हम कुछ

'पैटर्न' देख रहे हैं। मैं कहूंगी कि यह अभी शुरुआती चरण में है और बात बहुत आगे नहीं बढ़ी है। छोटी और मझोली कंपनियों के सूचकांक में हाल के दिनों में हुई तेज वृद्धि के बारे में पूछने पर बुच ने स्वीकार किया कि बाजार में तेजी के कुछ बुलबुले हैं। उन्होंने कहा-बुलबुले को बनते रहने देना उचित नहीं होगा, क्योंकि जब यह फूटता है, तो निवेशकों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। यह अच्छी बात नहीं है। सेबी प्रमुख ने कहा कि पूंजी बाजार नियामक अभी भी इसके सभी पहलुओं को समझने और आंकड़ों का विश्लेषण करने के लिए सलाहकारों के साथ काम कर रहा है। बुच ने कहा कि अगर उसे कुछ गलत मिला, तो इस पर सार्वजनिक परामर्श जारी किया जा सकता है।

फंडों से निकासी का कोई चिंताजनक संकेत नहीं

नई दिल्ली। स्मॉल–कैप और मिड–कैप फंडों में बढ़ते निवेश पर बाजार नियामक सेबी की चिंता के बीच विशेषज्ञों ने कहा है कि इन फंडों में निकासी का कोई चिंताजनक संकेत नहीं दिख रहा है। उन्होंने कहा कि चिंताओं के बावजूद बेहतर प्रतिफल की चाहत में इन फंडों में निवेश जारी रहने का अनुमान है। सेबी ने पिछले महीने के अंत में म्यूचुअल फंड कंपनियों से कहा था कि वे उन निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए एक रूपरेखा तैयार करें, जिन्होंने स्मॉल कैप और मिड कैप फंडों में निवेश किया है। पिछली कुछ तिमाहियों में इन योजनाओं में भारी निवेश के कारण सेबी ने यह कदम उठाया। मिड कैप म्यूचुअल फंड ने कुल मिलाकर 2023 में लगभग 23,000 करोड़ रुपये जुटाए, जबकि स्मॉल कैप योजनाओं के लिए यह आंकड़ा 41,000 करोड़ रुपये से अधिक था। इससे पहले 2022 में मिड कैप फंडों ने 20,550 करोड़ रुपये और स्मॉल कैप फंडों ने 19,795 करोड़ रुपये जुटाए थे। दूसरी ओर लार्ज कैप म्यूचुअल फंडों में 2023 के दौरान लगभग 3,000 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी हुई। फिनवाइजर के संस्थापक और सीईओ जय शाह ने कहा कि चेतावनियों के बावजूद मिड कैप और स्मॉल कैप फंडों में निवेश जारी रहने का अनुमान है। फिलहाल निकासी का कोई चिंताजनक संकेत नहीं है।

फियो के नए अध्यक्ष चुने गए अश्विनी कुमार

नई दिल्ली। उद्यमी और विक्टर फोर्जिंग्स के साझेदार अश्विनी कुमार को भारतीय निर्यातकों के शीर्ष संगठन फियो का नया अध्यक्ष चुना गया है। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट आर्गनाइजेशन (फियो) ने सोमवार को एक बयान में कहा कि सर्वसम्मति से चुने गए कुमार ने ए शक्तिवेल का स्थान लिया है। कुमार ने देश के विभिन्न संगठनों में कई प्रमुख पदों पर काम किया है। कुमार फियो के चेयरमैन और फेडरेशन की प्रबंध समिति के सदस्य, एनआईटी-जालंधर की संचालन परिषद के सदस्य, हैंड टूल्स पैनल (पैन इंडिया) के संयोजक और ईईपीसी इंडिया के 'वाइस रीजनल चेयरमैन' (उत्तरी क्षेत्र) रह चुके हैं। बयान के अनुसार नए फियो प्रमुख का लक्ष्य भारत के निर्यात क्षेत्र की प्रतिस्पर्धी क्षमता को बढ़ाना है। कुमार ने ऐसे समय में कमान संभाली है जब वैश्विक व्यापार में भारी बदलाव आ रहा है।

कमजोर वैश्विक रुझानों से सेंसेक्स में 616 अंक की आई गिरावट

मुंबई, एजेंसी

- दो दिनों से बाजार जारी बढ़त थमी, निफ्टी भी 160 अंक गिरा

कमजोर वैश्विक रुझानों के बीच धातु और बैंक शेयरों में बिकवाली का जोर रहने से सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में दो दिनों से जारी बढ़त थम गई और दोनों प्रमुख सूचकांकों में बड़ी गिरावट देखने को मिली। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स मुनाफावसूली के कारण 616.75 अंक यानी 0.83 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,502.64 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 685.48 अंक तक खिसक गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक निफ्टी भी 160.90 अंक यानी 0.72 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,332.65 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में पावर ग्रिड और टाटा स्टील में दो प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई।

एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), इंडसइंड बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एनटीपीसी में भी गिरावट रही। एसबीआई का शेयर उच्चतम न्यायालय की प्रतिकूल टिप्पणी के कारण दो प्रतिशत टूट गया। एलकेपी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक रूपक डे ने कहा कि अल्पावधि में निफ्टी में कमजोरी देखी जा सकती है और यह 22,200-22,250 के दायरे में आ सकता है।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	74,750
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	67,450
गिन्नी (प्रति नग)	50,250–50,450
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	65,750
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	65,650
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	74,000
चांदी तैयार	74,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	65,400
सोना जेवरात गिन्नी	64,400
चांदी पक्की	732 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	65,400
चांदी आभूषण	73,800।

एयरलाइंस का घाटा 3–4 हजार करोड़ रुपये रहने का अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी

- वित्त वर्ष 2023-24 के लिए इक्रा ने जारी की रिपोर्ट

भारतीय एयरलाइंस का शुद्ध घाटा चालू वित्त वर्ष में कम होकर 3,000 से 4,000 करोड़ रुपये तक रहने का अनुमान है, जबकि अगले वित्त वर्ष में भी ऐसे रुझान बने रह सकते हैं। एक रिपोर्ट में सोमवार को यह जानकारी देते हुए कहा गया कि यात्रियों की संख्या में अच्छी बढ़ोतरी और किराया निर्धारण के नियमों से विमानन कंपनियों को मदद मिली।

क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इक्रा ने फरवरी की अपनी रिपोर्ट में कहा कि घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या लगभग 12.75 करोड़ होने का अनुमान है। रिपोर्ट में हालांकि यह भी कहा गया कि विमानन क्षेत्र आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ी चुनौतियों और प्रैट एंड व्हिटनी (पीएंडडब्ल्यू) कंपनी के इंजन से संबंधित समस्याओं से भी जूझ रहा है। पीएंडडब्ल्यू के इंजन में खराबी के चलते इंडिगो ने 70 से ज्यादा विमान खड़े कर दिए। रिपोर्ट में कहा गया, ऐसा अनुमान है कि भारतीय एयरलाइनों के परिचालन में शामिल कुल बेड़े का 24-26 प्रतिशत हिस्सा 31 मार्च, 2024 तक उड़ान भरना बंद कर देगा।

स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों को दिए गए 200 ड्रोन

नई दिल्ली। कोरोमंडल इंटरनेशनल ने सोमवार को कहा कि उसने स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की महिला सदस्यों को 200 ड्रोन उपलब्ध कराए हैं और उन्हें सही ढंग से संचालित करने के लिए प्रशिक्षण भी प्रदान किया है। कोरोमंडल इंटरनेशनल लिमिटेड अग्रणी कृषि-समाधान प्रदाताओं में से एक है। यह दो प्रमुख क्षेत्रों में काम करती है- पोषक तत्व एवं अन्य संबद्ध व्यवसाय तथा फसल सुरक्षा। इनमें उर्वरक, फसल सुरक्षा, जैव-उत्पाद, विशेष पोषक तत्व और जैविक कारोबार शामिल हैं।

बांग्लादेश, श्रीलंका सहित कई देश भारत के साथ रुपये में व्यापार करने के इच्छुक : गोयल

नई दिल्ली, एजेंसी

- वाणिज्य और उद्योग बोले-सभी हमसे कर रहे हैं बात

बांग्लादेश, श्रीलंका और खाड़ी क्षेत्र के देशों सहित कई विकसित और विकासशील देशों ने रुपये में व्यापार करने की इच्छा जताई है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह जानकारी देते हुए कहा कि भारत के साथ साझेदारी से कारोबार के लिए लेनदेन की लागत घटेगी।

उन्होंने भरोसा जताया कि यह कदम भारत के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की दिशा में एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है। उन्होंने एक साक्षात्कार में बताया-बांग्लादेश, श्रीलंका

पहले ही हमसे बात कर रहे हैं और वे चाहते हैं कि हम इसे तुरंत शुरू करें। खाड़ी क्षेत्र के दूसरे देश भी इस पर विचार कर रहे हैं। मुझे लगता है कि समय के साथ लोगों को इसका फायदा पता चलेगा।

गोयल ने कहा कि इस पहल में विकसित देश और सुदूर पूर्व के देश भी शामिल हो रहे हैं। सिंगापुर पहले ही कुछ हद तक इसमें शामिल है। मंत्री ने कहा कि धीरे-धीरे देशों को यह एहसास हो रहा है कि घरेलू मुद्रा में व्यापार करने के कई फायदे हैं। इसलिए कई देश अपनी स्थानीय मुद्रा और रुपये के बीच सीधा लेनदेन शुरू करना चाहेंगे। गोयल ने कहा कि धीरे-धीरे यह बात समझ में आ रही है कि सभी लेनदेन को तीसरी मुद्रा में बदलने से उसकी लागत में काफी वृद्धि होती है।

राष्ट्रीय

शीर्ष कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले पर उठाए सवाल

अश्लील सामग्री देखने को अपराध नहीं मानने के फैसले की सुप्रीम कोर्ट करेगी समीक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने मद्रास उच्च न्यायालय के उस फैसले को सोमवार को 'भयावह' करार दिया जिसमें कहा गया है कि बच्चों से जुड़ी अश्लील सामग्री (चाइल्ड पोर्नोग्राफी) को केवल डाउनलोड करना और उसे देखना यौन अपराध से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कानून के तहत अपराध नहीं है। उच्च न्यायालय के इस फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनाई करने के लिए भी उच्चतम न्यायालय राजी हो गया।

अदालत ने गत 11 जनवरी को 28 वर्षीय एक व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही भी निरस्त कर दी थी,

चाइल्ड पोर्नोग्राफी से संबंधित मामला

जिस पर अपने मोबाइल फोन पर बच्चों से जुड़ी अश्लील सामग्री डाउनलोड करने का आरोप था। अदालत ने कहा था कि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 ऐसी सामग्री को केवल देखने को अपराध नहीं बनाता है। मद्रास उच्च न्यायालय ने कहा था है कि आजकल के बच्चे अश्लील सामग्रियां देखने की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं और समाज को वैसे बच्चों को दंडित करने के बजाय शिक्षित करने को लेकर "पर्याप्त परिपक्वता" दिखानी चाहिए।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने दो याचिकाकर्ता संगठनों की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता एच एस फुल्का की उन दलीलों पर गौर किया जिसमें उच्च न्यायालय के फैसले को कानूनों के विपरीत बताया गया। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ''यह (मद्रास उच्च न्यायालय का फैसला) भयावह है।

एकल पीठ के न्यायाधीश ऐसा कैसे कह सकते हैं? नोटिस जारी करें जिसका तीन सप्ताह में जवाब दाखिल किया जाए।'' वरिष्ठ अधिवक्ता दो याचिकाकर्ता संगठनों- फरीदाबाद के 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन अलायंस' और नई दिल्ली स्थित 'बचपन बचाओ आंदोलन' की ओर से पेश हुए। ये गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) बच्चों के कल्याण के लिए काम करते हैं।

कोर्ट ने आरोपी व पुलिस अधिकारियों से मांगा जवाब

शीर्ष अदालत ने आरोपी चेन्नई निवासी एस हरीश और तमिलनाडु के दो संबंधित पुलिस अधिकारियों से भी जवाब मांगा। उच्च न्यायालय ने हरीश के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम- 2012 और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम–2000 के तहत आपराधिक मामला रद कर दिया था।

लोकसभा सदस्य राहुल कस्वां भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल

नई दिल्ली। राजस्थान के चुरू से लोकसभा सदस्य राहुल कस्वां सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से इस्तीफा देने के बाद कांग्रेस में शामिल हो गए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर उन्होंने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। खरगे ने पार्टी में उनका स्वागत किया। इस मौके पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा भी मौजूद थे। भाजपा द्वारा लोकसभा टिकट काटे जाने के बाद कस्वां ने यह कदम उठाया है। कांग्रेस में शामिल होने से पहले कस्वां ने भारतीय जनता पार्टी और संसद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "राम-राम मेरे चूरू लोकसभा परिवार.....मेरे परिवारजनो! राजनीतिक कारणों के चलते आज में अपने पद से इस्तीफा दे रहा हूं।

चुनाव समिति की बैठक में सात राज्यों पर चर्चा

लोकसभा चुनाव

- भाजपा की दूसरी सूची मंगलवार तक के लिए टली
- नेताओं से चर्चा न होने के कारण सूची को रोक दिया गया

नई दिल्ली, ब्यूरो

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवारों की दूसरी सूची फिलहाल टल गई है। केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक देर रात तक चलती रही, जिसमें सात राज्यों पर विचार विमर्श किया गया। सोमवार को दूसरी सूची जारी होने की संभावना थी लेकिन गठबंधन में शामिल दलों के नेताओं से पूरी चर्चा न होने के कारण सूची को रोक दिया गया है।

भाजपा सूत्रों के मुताबिक उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड एवं हरियाणा राज्यों की अधिकांश सीटों पर चर्चा हो चुकी है। उत्तर प्रदेश के तीन सीटों पर अभी नाम तय होना बाकी है। दोनों राज्यों की सूची पर मंगलवार को अंतिम चर्चा की जाएगी।

सोमवार को देर शाम शुरू हुई बैठक में मुख्य रूप से महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, चंडीगढ़, तमिलनाडु एवं गुजरात के उम्मीदवारों पर चर्चा की गई। बैठक में बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित सभी राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष भी थे।

दुष्यंत चौटाला मिले नड्डा से, हिसार से उतारेंगे प्रत्याशी

नई दिल्ली, ब्यूरो : लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी हरियाणा की एक सीट जननायक पार्टी को देने जा रही है। जेजेपार्टी अध्यक्ष दुष्यंत चौटाला की सोमवार को बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा से हुई मुलाकात के बाद उक्त जानकारी मिली है। लोकसभा की हरियाणा में 10 सीटें हैं। सभी सीटों पर उम्मीदवारों की चर्चा मंगलवार को होगी। नड्डा एवं दुष्यंत की मुलाकात के बाद भाजपा मुख्यालय में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में हरियाणा राज्य की चर्चा को टाल दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक हरियाणा की हिसार सीट गठबंधन के तहत जेजे पार्टी को मिलने जा रही है। इसी सूचना के आधार पर हिसार के बीजेपी सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी वीरेंद्र सिंह के पुत्र बृजेंद्र चौधरी ने बीजेपी से इस्तीफा देकर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली थी। माना जा रहा है कि यदि जेजे पार्टी यहां से अपना उम्मीदवार खड़ा करेगी तो उसका मुकाबला कांग्रेस से होगा। कांग्रेस ने बृजेंद्र चौधरी को उम्मीदवार बनाने का फैसला किया है।

एक नजर

तृणमूल कांग्रेस का 10 करोड़ से अधिक का डिमांड ड्राफ्ट जब्त

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को कहा कि उसने तृणमूल कांग्रेस के पूर्व सांसद के.डी. सिंह द्वारा प्रवर्तित एल्केमिस्ट समूह के खिलाफ धन शोधन जांच के तहत पार्टी का 10.29 करोड़ रुपये का डिमांड ड्राफ्ट जब्त किया है। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि कंपनी ने 2014 के लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान तृणमूल कांग्रेस पार्टी द्वारा ली गई विमानन सेवाओं के लिए विभिन्न विमानन/हेलीकॉप्टर कंपनियों को भुगतान करने के लिए इस पैसे का इस्तेमाल किया था।

भाजपा सांसद प्रज्ञा के खिलाफ वारंट जारी

मुंबई। मुंबई में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) अदालत ने 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले की आरोपी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर को बार–बार चेतावनी के बावजूद पेश नहीं होने पर सोमवार को जमानती वारंट जारी किया है। ठाकुर और छह अन्य के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के प्रावधानों के तहत मुकदमा दर्ज है।

क्या अरविंद केजरीवाल मानहानि मामले में मांगना चाहते हैं माफी

नई दिल्ली, एजेंसी

- उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली के मुख्यमंत्री से किया सवाल

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से पूछा कि क्या वह आपराधिक मानहानि के एक मामले में शिकायतकर्ता से माफी मांगना चाहते हैं। अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी है, जिसमें उन्हें मामले में आरोपी के तौर पर जारी समन को बरकरार रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने 26 फरवरी को शीर्ष न्यायालय को बताया था कि उन्होंने भाजपा के आईटी प्रकोष्ठ से संबद्ध 'यूट्यूबर' ध्रुव राठी द्वारा प्रसार किये गए कथित अपमानजनक वीडियो को रीट्वीट कर गलती की थी। सोमवार को सुनवाई के दौरान, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ से, शिकायतकर्ता विकास सांकृत्यायन की ओर से पेश हुए वकील ने कहा कि केजरीवाल 'एक्स' या 'इंस्टाग्राम' जैसे सार्वजनिक मंच पर माफी मांग सकते हैं। पीठ ने वकील से कहा-आप हमें बताइए कि आप क्या चाहते हैं। हम इसे दूसरे पक्ष के समक्ष रख सकते हैं। न्यायालय ने कहा कि शिकायतकर्ता माफीनामे

का प्रारूप केजरीवाल को दे सकते हैं। पीठ ने केजरीवाल की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी से कहा-इसलिए, यदि आप माफी मांगना चाहते हैं तो अपने अधिकारों और दलीलों के पूर्वाग्रह के बिना इसका प्रसार कर सकते हैं। उन्हें पड़ताल करने दें। पीठ ने कहा-अन्यथा हम इस कानूनी मुद्दे की जांच करेंगे कि क्या केवल रीट्वीट करना अपराध है या नहीं... हम आपसे सहमत हो सकते हैं, हम दूसरे पक्ष से सहमत हो सकते हैं। हम उसकी पड़ताल करेंगे। जब वकीलों में से एक ने निर्देश लेने के लिए वक्त मांगा, तब पीठ ने कहा- उन्हें माफीनामा दिखाइए। यदि वह इससे सहमत होते हैं तो ठीक है। मामले को 13 मई से शुरू होने वाले सप्ताह में सुनवाई के लिए निर्धारित किया गया है।

नकुल और वैभव समेत 40 के नामों पर लगी मुहर

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस की सीईसी ने 60 से अधिक उम्मीदवारों के नामों पर की चर्चा

कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश के लिए सोमवार को 60 से अधिक उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा की, जिनमें करीब 40 पर मुहर लगाई। सूत्रों का कहना है कि उम्मीदवारों की दूसरी सूची अगले एक-दो दिन में जारी हो सकती है जिनमें राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के पुत्र नकुल नाथ के नाम शामिल होंगे। सूत्रों ने यह भी बताया कि अशोक गहलोत के और कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट के चुनाव लड़ने की संभावना कम है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और कई अन्य नेताओं के साथ बैठक में उत्तराखंड, राजस्थान, मध्य प्रदेश, असम, गुजरात और दमन दीव के लिए 60 से अधिक उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा की गई।

तमिलनाडु में 100 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का मादक पदार्थ बरामद

पुदुकोट्टई। सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने सोमवार को पुदुकोट्टई जिले से 100 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का हशीश और गांजा बरामद किया है। तिरुचिरापल्ली सीमा शुल्क निवारक आयुक्तालय के अधिकारियों ने मिमिसल गांव में एक झींगा फार्म में स्थित एक शेड से हशीश और गांजा बरामद किया है। तिरुचिरापल्ली सीमा शुल्क (निवारक) क्षेत्र के आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर किए गए पोस्ट कहा गया कि सूचना के आधार पर ये मादक पदार्थ बरामद किए गए हैं। इसमें कहा गया कि अधिकारियों को सूचना मिली थी कि झींगा फार्म में स्थित एक शेड में भारी मात्रा में हशीश और गांजा छिपाए गए हैं।

संसद में सुरक्षा चूक : जांच के लिए पुलिस को मिल गया और समय

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को दिल्ली पुलिस को संसद सुरक्षा चूक मामले में उसकी जांच पूरा करने के लिए और समय दिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर ने पुलिस को जांच पूरी करने के लिए 45 दिन और दिए। इससे पहले अभियोजन पक्ष ने एक आवेदन दायर कर अदालत से अनुरोध किया कि कुछ रिपोर्ट अब भी प्रतीक्षित हैं और आंकड़ों की जांच में भी समय लगेगा। पुलिस ने न्यायाधीश से जांच पूरी करने के लिए तीन महीने का और समय देने का आग्रह किया। संसद पर आतंकी हमले की बरसी पर सागर शर्मा और मनोरंजन डी शून्यकाल के दौरान दर्शक दीर्घा से लोस कक्ष में कूद गए थे।

सरकार के विकास कार्यों से विपक्ष की नींद उड़ी

गुरुग्राम, एजेंसी

- प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर बोला हमला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए ढांचागत परियोजनाओं के क्रियान्वयन की गति दोगुनी करने का वादा करने के साथ ही सोमवार को विपक्षी कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर करारा हमला किया और कहा कि नकारात्मकता विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन का चरित्र बन गया है।

यहां एक लाख करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनके नेतृत्व में सरकार के विकास कार्यों से 'इंडिया' गठबंधन के

नेताओं की नींद उड़ गई है क्योंकि वे केवल उन परियोजनाओं को ढोल पीटने के आदी थे, जिनकी आधारशिला तो रखी गई लेकिन कोई पूरा नहीं हुई। बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के प्रति अपनी सरकार के रुख की गति का ब्योरा देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने चालू कैलेंडर वर्ष के तीन महीने से भी कम समय में 10 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं की आधारशिला रखी है या उनका उद्घाटन किया है। इससे पहले मोदी ने द्वारका एक्सप्रेस-वे के हरियाणा खंड का उद्घाटन किया जो 4,100 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है।

मेरा तीसरा कार्यकाल नारी शक्ति के उत्कर्ष का नया अध्याय लिखेगा: नरेंद्र मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को कहा कि उनकी संवेदनाएं और योजनाएं जमीन से जुड़े अनुभवों से निकली हैं जो नारी शक्ति के जीवन को आसान बना रही हैं और उनका तीसरा कार्यकाल नारी शक्ति के उत्कर्ष का नया अध्याय लिखेगा। प्रधानमंत्री ने राजधानी दिल्ली के पूसा स्थित राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान संस्थान में 'सशक्त नारी–विकसित भारत' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर भी निशाना साधा और कहा कि जब भी वह महिलाओं के कल्याण की बात करते हैं, विपक्षी दल उसे उन्हें गाली देने के अवसर के रूप में उपयोग करता है। इस अवसर पर उन्होंने 'नमो ड्रोन दीदियों' की ओर से कृषि क्षेत्र में ड्रोन के उपयोग का प्रदर्शन देखा और 1,000 से अधिक 'नमो ड्रोन दीदियों' को ड्रोन सौंपे। कार्यक्रम के दौरान कुछ 'ड्रोन दीदियों' से संवाद करने के बाद प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि मोदी की संवेदनाएं और मोदी की योजनाएं जमीन से जुड़े जीवन के अनुभवों से निकली हैं।

विदर्भ को सस्ते में समेट मुंबई ने 260 रन की बनाई बढ़त

रणजी फाइनल के दूसरे दिन अजिंक्य रहाणे और मुशीर खान के नाबाद अर्धशतकों से मुंबई की स्थिति मजबूत

मुंबई, एजेंसी

अजिंक्य रहाणे और मुशीर खान के नाबाद अर्धशतकों से मुंबई ने रणजी फाइनल के दूसरे दिन सोमवार को विदर्भ के खिलाफ 260 रन की बढ़त बनाकर मैच पर शिकंजा कस दिया।

रहाणे ने 104 गेंद में नाबाद 58 रन की पारी खेली तो मुशीर ने भी नाबाद 51 बनाकर तीसरे विकेट के लिए 107 रन की साझेदारी कर दूसरी पारी में मुंबई का स्कोर 2 विकेट पर 141 रन पहुंचाया। पहले दिन 224 रन बनाने के बाद मुंबई ने दूसरे दिन विदर्भ को 105 रन पर समेटकर 119 रन की बढ़त बनाई। दूसरी पारी में भी मुंबई की शुरुआत खराब रही। टीम ने दोनों बल्लेबाज पृथ्वी साव (11) और भूपेन लालवानी (18) के विकेट जल्दी गंवा दिए, जिसके बाद रहाणे और मुशीर ने पारी को संभाला। पृथ्वी को यश ठाकुर ने और भूपेन ने हर्ष दुबे ने आउट किया। मौजूदा सत्र में रहाणे ने अपना सिर्फ दूसरा अर्धशतक पूरा किया। मुंबई को विदर्भ के दिग्गज स्पिनर आदित्य सरवटे की चोट से भी फायदा मिला। इससे पहले विदर्भ की टीम सुबह 3 विकेट पर 31 रन से आगे खेलने उतरी। टीम का कोई बल्लेबाज नहीं टिक सका और टीम 105 रन पर सिमट गई। रात्रि प्रहरी आदित्य ठाकरे (19) ने एक छोर संभाले रखा। यश राठौड़ 27 रन बनाकर टीम के शीर्ष स्कोरर रहे। मुंबई की ओर से तनुष कोटियान, धवल कुलकर्णी और शम्स मुलानी ने तीन-तीन विकेट लिए। धवल ने अथर्व ताइडे (23) को विकेटकीपर हार्दिक तमोरे के हाथों कैच कराके मुंबई को पहली सफलता दिलाई। मुलानी ने ठाकरे को पगबाधा किया। बाएं हाथ के स्पिनर मुलानी ने हर्ष दुबे (1) को भूपेन के हाथों कैच कराया। यश राठौड़ इसके बाद तनुष की गेंद को विकेटों पर खेल गए। इस स्पिनर ने इसके बाद यश ठाकुर (16) और उमेश यादव (2) की पारी का भी अंत किया।

सात्विक-चिराग आल इंग्लैंड में करेंगे भारत की अगुवाई

बर्मिंघम, एजेंसी

फ्रेंच ओपन चैंपियन सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी मंगलवार से यहां शुरू हो रही आल इंग्लैंड चैंपियनशिप में खिताब के लिए भारत का 23 साल का इंतजार खत्म करने की कोशिश करेंगे।

भारत के लिए खिताब प्रकाश पादुकोण (1980) और पुलेला गोपीचंद (2001) ही जीत सके हैं जबकि साइना नेहवाल (2015) और लक्ष्य सेन (2022) उपविजेता रहे। सात्विक और चिराग पिछले साल इंडोनेशिया में सुपर 1000 खिताब जीता था। वहीं रविवार रात फ्रेंच ओपन खिताब अपने नाम किया। सात्विक और चिराग ने इस सत्र में मलेशिया सुपर 1000, इंडिया सुपर 750 के फाइनल में प्रवेश किया और पेरिस में जीत दर्ज की। पहले दौर में उनका सामना इंडोनेशिया के मोहम्मद अहसान और हेंड्रा सेतियावान से होगा। जीतने पर दूसरे दौर में उनका सामना मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूइ यिक से हो सकता है। लक्ष्य सेन का पहले दौर में मलेशिया के एंग जि योंग से और दूसरे दौर में डेन एंडर्स एंटोनसेन से मुकाबला होगा। एचएस प्रणय पहले दौर में चीनी ताइपै के सू लि यांग से खेलेंगे। किदाम्बी श्रीकांत पहले दौर में विक्टर एक्सेलसेन से खेलेंगे जबकि प्रियांशु राजावत का सामना इंडोनेशिया के चिको ओरा द्वि वार्डोयो होगा। महिला में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद पहले दौर में इंडोनेशिया की अप्रियानी राहायू और सिति फादिया सिल्वा रामाधंती से खेलेंगी।

- भारत के लिए प्रकाश पादुकोण (1980) और पुलेला गोपीचंद (2001) ने जीता है यह खिताब

सिंधू का वोन्ने से होगा मुकाबला

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू का सामना पहले दौर में जर्मनी की वोन्ने लि से होगा, जिसके बाद दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी कोरिया की अन सि यंग से टक्कर हो सकती है। सिंधू ने बाएं घुटने की चोट से उबरकर पिछले सप्ताह फ्रेंच ओपन में वापसी की थी, लेकिन क्वार्टर फाइनल में हार गई।

खेल डायरी

पिस्टल निशानेबाज रुद्रांश खंडेलवाल को पैरा विश्व कप में रजत पदक

नई दिल्ली। भारत के रुद्रांश खंडेलवाल और निहाल सिंह ने सोमवार को यहां पैरा निशानेबाजी विश्व कप के तीसरे दिन मिश्रित 50 मीटर पिस्टल (एसएच1) स्पर्धा में क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीता। रुद्रांश, निहाल और तोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता सिंहराज की तिकड़ी ने मिश्रित 50 मीटर पिस्टल (एसएच1) टीम स्पर्धा का रजत पदक भी जीता। चीन ने स्वर्ण पदक पाया। पिछले साल पेरिस पैरालंपिक का कोटा हासिल करने वाले निशानेबाज रुद्रांश ने फाइनल में 223 .2 अंक जुटाए। इटली के डेविड फ्रांसेचेटी ने 230 .0 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। निहाल ने 202 .8 अंक के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।

अमेरिका ने ब्राजील को हराकर गोल्ड कप जीता

सेन डिएगो। लिंडसे होरान के पहले हाफ के इंजरी टाइम में हेडर से दागे गोल की बदौलत अमेरिका ने ब्राजील को 1-0 से हराकर कोनकाकैफ महिला गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। टूर्नामेंट के ग्रुप चरण में मैक्सिको के खिलाफ शिकस्त झेलने वाले अमेरिका ने करीबी फाइनल में जीत दर्ज की। अमेरिका की टीम चौथी बार किसी टूर्नामेंट के फाइनल में ब्राजील से खेल रही थी। अमेरिकी टीम ने पिछले तीन खिताबी मुकाबले भी जीते थे, जिसमें 2004 और 2008 ओलंपिक भी है। इस मुकाबले के लिए सेन डिएगो के स्नैपड्रैगन स्टेडियम में 31 हजार 528 दर्शक मौजूद थे जो किसी कोनकाकैफ महिला फुटबॉल मैच में दर्शकों की रिकॉर्ड संख्या है।

मुक्केबाज निशांत ओलंपिक कोटे से एक जीत दूर

बस्तो अर्सिजियो (इटली)। विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता मुक्केबाज निशांत देव पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने से एक जीत दूर है, जिन्होंने यूनान के क्रिस्टोस काराइटिस को हराकर विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर के 71 किलोवर्ग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में फीदरवेट का कांस्य पदक जीतने वाले निशांत ने 5-0 से जीत दर्ज की। इस क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में पुरुषों के 71 किलो वर्ग के 4 कोटे दिए जाने हैं। निशांत को क्वार्टर फाइनल में जीत दर्ज करने की जरूरत है ताकि वे भारत के लिए पांचवां कोटा पा सकें। उनका सामना विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता अमेरिका के ओमारी जोंस से होगा।

16 से अभ्यास करेंगे एलएसजी के खिलाड़ी

लखनऊ। आईपीएल की तैयारियों के लिए लखनऊ सुपरजायंट्स की टीम के खिलाड़ियों का राजधानी में आना जल्द ही शुरू जो जाएगा। आईपीएल के लिए खिलाड़ी नेट्स पर 16 मार्च से इकाना स्टेडियम में अभ्यास शुरू करेंगे। इस दिन तक सभी खिलाड़ियों के लखनऊ आ जाने की संभावना है। लखनऊ में पहला मुकाबला 30 मार्च को होना है। इस मुकाबले में सुपरजायंट्स के सामने पंजाब किंग्स की चुनौती होगी। इसके बाद टीम को 10 अप्रैल को गुजरात टाइटंस का सामना करना होगा।

स्वियातेक ने नोस्कोवा से हार का लिया बदला

इंडियन वेल्स। पोलैंड की इगा स्वियातेक ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन में मिली हार का बदला चुकता करते हुए लिंडा नोस्कोवा को हराकर बीएनपी परीबस ओपन के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया। कार्लोस अल्काराज और यानिक सिनेर भी अगले दौर में पहुंच गए लेकिन आंद्रेइ रूबलेव को 32वीं वरीयता प्राप्त जिरि लेहेका ने हराया। अल्काराज ने फेलिक्स आगर एलियास्सिमे को मात दी, जबकि सिनेर ने जान लेनार्ड स्ट्रफ को हराया। अल्काराज का सामना अब हंगरी के फेबियन मारोज्सान से होगा। स्वियातेक का सामना अब कजाखस्तान की यूलिया पुतिनत्सेवा से होगा, जिसने मेडिसन कीस को मात दी। फ्रांसिस टियाफो भी स्टेफानोस सिटसिपास से हार गए। सिटसिपास का सामना अब लेहेका से होगा। वहीं कैटी वोलिनेट्स को कैरोलिन वोज्नियाकी ने हराया। अमेरिका के बेन शेल्टन ने फ्रांसिस्को सेरूंडोलो को मात दी।

बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में हो सकती है शमी की वापसी

बीसीसीआई सचिव ने कहा- शमी आईपीएल और टी-20 विश्व कप से रहेंगे बाहर

धर्मशाला, एजेंसी

टखने की सर्जरी से उबर रहे भारत के प्रमुख तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी इस साल सितंबर में बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला के दौरान वापसी कर सकते हैं। यह जानकारी भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने दी।

शमी इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से बाहर रहे। पिछले महीने हुई टखने की सर्जरी से वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 22 मार्च से शुरू हो रहे सत्र से बाहर रहेंगे। जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप में भी उनकी भागीदारी की संभावना नहीं है। शमी ने भारत के लिए अपना पिछला मैच एकदिवसीय विश्व कप में खेला था। भारत सितंबर में दो टेस्ट और तीन टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों के लिए बांग्लादेश की मेजबानी करेगा। शाह ने कहा कि शमी की सर्जरी हो गई है, वह भारत वापस आ गए हैं। बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए शमी की वापसी की संभावना है। लोकेश राहुल को इंजेक्शन की जरूरत थी, उन्होंने रिहैब (चोट से उबरने की प्रक्रिया) शुरू कर दिया है और एनसीए (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) में हैं। राहुल दाहिने क्वाड्रिसेप्स (जांघ की मांसपेशियां) में दर्द की शिकायत के बाद इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के आखिरी 4 मैच नहीं खेल पाए थे। लंदन में इलाज कराने के बाद उनके आईपीएल में लखनऊ सुपरजायंट्स के लिए खेलने की उम्मीद हैं। बीसीसीआई सचिव ने ऋषभ पंत पर की चोट से उबरने और खेल में वापसी पर भी जानकारी दी। उन्होंने कहा पंत आईपीएल में वापसी को तैयार है। पंत दिसंबर 2022 में कार दुर्घटना के बाद से खेल से दूर है। वह अच्छी बल्लेबाजी और कीपिंग कर रहा है। हम जल्द उसे फिट घोषित कर देंगे। अगर वह टी-20 विश्व कप खेल सका तो यह हमारे लिए बहुत बड़ी बात होगी। वह हमारे लिए अहम खिलाड़ी है।

मैकुलम ने स्वीकारा, बैजबॉल शैली में सुधार की जरूरत

धर्मशाला। भारत के खिलाफ अति आक्रामक रवैया काम नहीं आने के बाद इंग्लैंड के कोच ब्रेंडन मैकुलम ने स्वीकार किया कि टीम की 'बैजबॉल' शैली में कुछ बदलाव की जरूरत है। इंग्लैंड ने पांच मैचों की श्रृंखला का आगाज हैदराबाद में पहला टेस्ट जीतकर किया था, लेकिन भारत ने बाकी चारों टेस्ट जीतकर श्रृंखला 4-1 से अपने नाम की। मैकुलम ने कहा कि जिस तरह से हमारी कमजोरियां इस उजागर हुई है, हमें गहन आत्ममंथन करना होगा और शैली में कुछ बदलाव करने होंगे। भारतीय टीम ने हम पर दबाव बनाया और हम कमजोर साबित हुए। गेंद से, बल्ले से, खेल के हर विभाग में उन्होंने हमें दबाव में ला दिया। 'बैजबॉल' दौर में इंग्लैंड ने यह पहली श्रृंखला गंवाई है। बेन स्टोक्स और उनकी टीम तीन श्रृंखलाओं में जीत नहीं सकी है, जिससे बैजबॉल पर सवाल उठने लगे हैं।

स्टोक्स ने भारत को दबदबा बनाने का मौका दिया: चैपल

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर इयान चैपल ने भारत के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई टेस्ट श्रृंखला के दौरान इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स नेतृत्व की आलोचना करते हुए कहा कि उनके कुछ फैसलों से उनकी टीम श्रृंखला में 1-4 से पिछड़ गई। रांची में चौथे टेस्ट के तीसरे दिन आखिरी सत्र के दौरान विकेट लेने के लिए तेज गेंदबाज जिमी एंडरसन को गेंद थमानी चाहिए थी लेकिन स्टोक्स ने जो रूट से गेंदबाजी कराई, जिससे टीम को नुकसान हुआ। भारत ने इसका फायदा उठाया और 8 ओवरों में 40 रन बनाए। भारत ने इस मैच को 5 विकेट से जीतकर श्रृंखला में 3-1 की बढ़त बनाई थी। स्टोक्स ने रांची में कुछ और गलतियां की। आखिरी दिन खराब क्षेत्ररक्षण से भारतीय बल्लेबाजों को एक-एक रन बनाने का मौका दिया। जब स्टोक्स को कप्तानी में आक्रमक रवैया अपनाने की जरूरत थी तब उन्होंने लचर रवैया दिखाया।

विनेश ने बाधा डालने के बाद 50 किग्रा में दर्ज की जीत

पटियाला, एजेंसी

कुश्ती ट्रायल

महिलाओं के कुश्ती चयन ट्रायल के नाटकीयता से भरे दिन में पहलवान विनेश फोगट सोमवार को यहां 50 किलो वर्ग का मुकाबला जीतने के बाद राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के अधिकारियों को अपना नमूना दिए बिना चली गईं। सूत्र ने बताया कि नाडा की टीम ट्रायल विजेताओं के डोप नमूने लेने के लिए आई थी, लेकिन विनेश ने नमूना नहीं दिया। कुश्ती तदर्थ समिति के अधिकारी ने बताया कि डोपिंग जांच के लिए विनेश के नमूना देने से इनकार करने की उन्हें जानकारी नहीं है। नाडा के नियमों के अनुसार, नमूना देने से मना करने या विधिवत अधिकृत व्यक्ति द्वारा अधिसूचना के बाद बिना किसी ठोस कारण के नमूना नहीं देना डोपिंग रोधी नियमों (एडीआरवी) का उल्लंघन है। इससे पहले सुबह पेरिस ओलंपिक की दौड़ में बने रहने की कवायद में विनेश ने महिलाओं के 50 और 53 किलो वर्ग में चयन ट्रायल शुरू नहीं होने दिए और अधिकारियों से लिखित आश्वासन मांगा कि 53 किलो भार वर्ग के आखिरी ट्रायल ओलंपिक से पहले होंगे। तदर्थ समिति के उनकी मांग मानने के बाद विनेश ने 50 किग्रा में शिवानी को 11-6 से हराकर अगले महीने किर्गिस्तान के बिश्केक में होने वाले ओलंपिक क्वालीफिकेशन में जगह बनाई हालांकि 53 किग्रा में तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर अंजू से 0-10 से हार गईं। डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगाने और लंबे चले प्रदर्शन की अगुवाई करने वाली विनेश 50 किलो के ट्रायल के लिए साइ केंद्र पहुंची थी। यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग के अनुच्छेद 7 के अनुसार एक प्रतियोगी को एक दिन में एक भार वर्ग में भाग लेने की अनुमति है, लेकिन विनेश सोमवार को दो भार वर्गों के ट्रायल में शामिल हुईं। वह प्रदर्शन से पहले 53 किलो में उतरती थी लेकिन अंतिम पंघाल को कोटा मिलने से उसने अपना भारवर्ग कम किया। विनेश ने 50 और 53 किलो में भाग लेने की अनुमति मांगी जिससे अजीब स्थिति बन गई। इससे पहलवान शिकायत करने लगे। उन्होंने कहा कि हम ढाई घंटे से इंतजार कर रहे हैं। तदर्थ समिति पहले कह चुकी है कि 53 किलो के अंतिम ट्रायल में शीर्ष चार पहलवान उतरेंगे। ट्रायल के विजेता को अंतिम से मुकाबला करना होगा और उसमें विजयी रहने वाली पहलवान भारत का प्रतिनिधित्व करेगी।

डब्ल्यूटीसी तालिका में ऑस्ट्रेलिया जीत के साथ दूसरे स्थान पर

दुबई, एजेंसी। न्यूजीलैंड को टेस्ट श्रृंखला में 2-0 से हराकर ऑस्ट्रेलिया विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। ऑस्ट्रेलिया को इस जीत से 12 अंक मिले हैं। अब 12 मैचों के बाद उसके प्रतिशत अंक 59.09 से 62.50 हो गए हैं। न्यूजीलैंड के 60 प्रतिशत अंक से गिरकर 50 हो गए हैं और वह तालिका में तीसरे स्थान पर है लेकिन उसने 6 मैच ही खेले हैं। भारत 68.51 प्रतिशत अंक के साथ शीर्ष पर है जिसने नौ में से छह मैच जीते हैं। आस्ट्रेलिया ने क्राइस्टचर्च में दूसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड को तीन विकेट से हराया। गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने पहला टेस्ट वेलिंगटन में 172 रन से जीता था।

मूनी-शबनम के शानदार प्रदर्शन से गुजरात ने यूपी को 8 रन से हराया

नई दिल्ली, एजेंसी

कप्तान बेथ मूनी के नाबाद अर्धशतक के बाद शबनम की गेंदबाजी से गुजरात ने सोमवार को यूपी को 8 रन से हरा दिया।

गुजरात के 153 रन का पीछा करते हुए यूपी ने 35 रन पर 5 विकेट गंवा दिए थे। दीप्ति शर्मा (88*) ने पूनम खेमनार (36*) के साथ छठे विकेट के लिए 109 रन की साझेदारी की लेकिन यूपी की टीम 5 विकेट पर 144 रन ही बना सकी। गुजरात की तेज गेंदबाज शबनम ने 3 विकेट लिए। मूनी ने (74*) लॉरा वोलवार्ट (43) के साथ पहले विकेट के लिए 60 रन जोड़कर गुजरात को 8 विकेट पर 152 रन तक पहुंचाया। यूपी ने चौथे ओवर में 16 रन तक 4 विकेट गंवा दिए। शबनम ने एलिसा हीली (4) को मन्नत और चामरी अटापट्टू (0) को एशलेग गार्डनर के हाथों कैच कराया। कैथरीन ब्राइस ने किरण नवगिरे (0) को मन्नत के हाथों जबकि एशलेग ने हैरिस (1) को भारती के हाथों कैच कराया। शबनम ने श्वेता (8) को बोल्ड कर यूपी को पांचवां झटका दिया।

संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

गुजरात जायंट्स : 152/8, लॉरा वुलफार्ट 43 (30 गेंद), बेथ मूनी 74* (52 गेंद), एश्ली गार्डनर 15 (10 गेंद)। **विकेट :** दीप्ति 2, सोफी 3।

यूपी वॉरियर्स : 144/5, दीप्ति शर्मा 88* (60 गेंद), पूनम खेमनार 36* (36 गेंद)। **विकेट :** शबनम एम डी 3, कैथरीन ब्राइस 1।

होली पर रंगों के साथ धूम मचाएंगी माही

मुंबई, एजेंसी। रितेश पांडे और माही श्रीवास्तव का भोजपुरी होली गीत 'तेल लगा ला नवरतन के' रिलीज हो गया है। रितेश पांडे और शिल्पी राज का गाया होली गीत वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स से रिलीज हुआ है। इस गाने के वीडियो में माही श्रीवास्तव हैं। इस गाने में देवर बने रितेश पांडे भाभी बनी माही श्रीवास्तव से होली की मस्ती और हुड़दंग मचाते हुए नजर आ रहे हैं। निर्माता रत्नाकर ने कहा कि दोनों कलाकारों ने इसमें अपना 100 दिया है। गाना बहुत ही सुंदर बनाकर तैयार हुआ है। यही कारण है कि गाना यूट्यूब पर बार बार देखा व सुना जा रहा है। मैं उम्मीद करता हूँ कि दर्शक इसे लाखों की तादाद में देखेंगे और इस ए सुपरहिट बनाएंगे। रितेश पांडे ने कहा कि यह गाना होली के रंगों और देवर भाभी की मस्ती को दर्शाता है। इसमें भाभी और देवर के बीच की बॉन्डिंग को दिखाया गया है। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी, डीओपी गौरव राय, राजन, एडिटर आलोक गुप्ता हैं। मिक्स एवं मास्टर अंकित अहीर, डीआई रोहित सिंह ने किया है। प्रोडक्शन पंकज सोनी का है। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के पास है।

अरविंद अकेला कल्लू का होली गीत हुआ रिलीज

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी अभिनेता-गायक अरविंद अकेला कल्लू का नया गाना यार+भतार=देवर रिलीज हो गया है। गाना यार+भतार=देवर को लेकर कल्लू ने कहा कि होली का त्योहार रंगों के साथ-साथ देवर और भाभी के बीच अतरंगी संवाद वाला भी होता है। यह सदियों से चली आ रही परंपरा है जो हमारी लोक संस्कृति में बसती है। उसी को केंद्र में रखकर यह गाना बनाया गया है जो दर्शकों को भी पसंद आ रहा है। गाने को हमने नएपन के साथ रिलीज किया है और इसमें एक अलग अंदाज के साथ स्वैग देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि उम्मीद करता हूं कि मेरा यह गाना सबको पसंद आएगा और आगे भी मैं होली के एक से बढ़कर एक गाने लेकर आता रहूंगा और अपने श्रोताओं की होली को यादगार बना दूंगा।

जल्द आएगी विद्या की फिल्म दो और दो प्यार

मुंबई, एजेंसी। विद्या बालन और प्रतीक गांधी स्टारर 'दो और दो प्यार' 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज डेट 19 अप्रैल की घोषणा करते हुए एक आकर्षक नए पोस्टर को लांन्च किया। इस फिल्म में विद्या बालन, प्रतीक गांधी, इलियाना डिक्रूज और सेंथिल राममूर्ति की अहम भूमिका है। यह फिल्म कंटेम्प्ररी रोमांस प्यार, हंसी और मॉडर्न रिलेशनशिप की कहानी को दर्शाएगी। एलिप्सिस एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन, अप्लॉज़ एंटरटेनमेंट द्वारा प्रस्तुत, फिल्म को शीर्ष गुहा ठाकुरता ने निर्देशित किया है, जो इस फिल्म के साथ अपने फीचर करियर की शुरुआत कर रही हैं।

शाहरूख बने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता

22वें जी सिने अवार्ड में बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का खिताब मिला। रानी मुखर्जी और आलिया भट्ट सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री क्रिटिक्स से नवाजी गई। कियारा आडवाणी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री ज्यूरी का पुरस्कार मिला। बेस्ट वीएफएक्स- जवान के लिए रेड चिलीज एंटरटेनमेंट, बेस्ट एक्शन- स्पाइरो रजाटोस, एनल अरासु, क्रेग मैक्रे और जवान के लिए टीम, बेस्ट बैकग्राउंड म्यूजिक- जवान के लिए अनिरुद्ध, बेस्ट डायलॉग- जवान के लिए सुमित अरोड़ा, बेस्ट प्ले बैक सिंगर मेल- अरिजीत सिंह (पठान से झूमे जो पठान), बेस्ट प्ले बैक सिंगर फीमेल- शिल्पा राव (बेशरम रंग फिल्म पठान) बेस्ट लिरिक्स- कुमार (चलिया- पठान) के लिए चुने गए।

द लॉस्ट गर्ल: खोई हुई बच्ची के भावनाओं की कहानी

1984 के दंगों पर आधारित एक और फिल्म दर्शकों के दरवाजे पर खड़ी है। हालांकि इस बार फिल्म का नाता सियासी नहीं बल्कि सामाजिक है। ये फिल्म एक छोटी बच्ची के नजरिए से परदे पर उतारी गई है। वो बच्ची दंगों के दौरान खो जाती है और फिर उसकी जिंदगी के साथ-साथ चल पड़ती है फिल्म की रील। फिल्म का नाम है द लॉस्ट गर्ल। हाल ही में फिल्म के दो गाने पैनोरमा स्टूडियोज इंटरनेशनल ने रिलीज किए। रब तू ही बता और लिल्लो की साइकल। दोनों ही गीत सोशल मीडिया पर पसंद किए जा रहे हैं। इस फिल्म को जमीन पर उतारने में दो बेहद प्रतिभाशाली फिल्मकारों की भूमिका है जो लंबे समय से हिंदी फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े हैं। द लॉस्ट गर्ल के लेखक और निर्देशक हैं आदित्य रानोलिया और निर्देशन में उनका साथ निभाया है प्रभात ठाकुर ने। प्रभात आर्ट डायरेक्टर के तौर पर लंबी पारी खेल चुके हैं। उनके खाते में मकबूल, हेराफेरी, आंखें और रांझणा जैसी फिल्में हैं। आदित्य का नाम बॉलीवुड के कामयाब सेट डिजाइनर्स में से एक है। इस फिल्म में कई परिचित चेहरों के साथ-साथ कुछ नई प्रतिभाओं का काम देखने को मिलेगा। परदे पर मुख्य भूमिका में प्राची बंसल, भूपेश सिंह, पूनम डांगड़ा, अरोनिका रानोलिया हैं तो परदे के पीछे नए-पुराने फनकारों की टीम है। युवा फिल्मकार प्रगीत शंकर को निर्देशन में सहायक के तौर पर हाथ आजमाने का मौका मिला है। फिल्म का संपादन अरविंद शुक्ला ने और म्यूजिक डायरेक्टर विवेक अस्थाना हैं। विवेक की बनाई धुनों पर अपूर्व आशीष, नेहा राजपाल और वीणा जोशी ने बेहद भावुकता भरे गीत गाए हैं। अगले महीने 5 अप्रैल को पैनोरमा स्टूडियोज इंटरनेशनल के बैनर तले ये फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। आदित्य रानोलिया और प्रभात ठाकुर को इस फिल्म से काफी उम्मीदें हैं।

● **शारदा शुक्ला** (वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ)

फिल्म ऐ वतन मेरे वतन में स्वतंत्रता सेनानी बने इमरान

मुंबई। अभिनेता इमरान हाशमी फिल्म ऐ वतन मेरे वतन में स्वतंत्रता सेनानी राम मनोहर लोहिया के किरदार में नजर आएंगे। करण जौहर के धर्माटिक एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के बैनर तले बनी फिल्म ऐ वतन मेरे वतन में सारा अली खान भी मुख्य भूमिका है। इसकी कहानी उस हीरो की है, जिसके रेडियो से ब्रिटिश राज को हिलाकर रख दिया था। इस फिल्म में इमरान हाशमी गेस्ट अपीयरेंस में हैं, जो स्वतंत्रता सेनानी राम मनोहर लोहिया का किरदार निभा रहे हैं। प्राइम वीडियो ने पोस्टर शेयर किया है, जिसमें राम मनोहर लोहिया के रूप में इमरान हाशमी हैं। इमरान ने कहा, मैंने पहले कभी स्वतंत्रता सेनानी की भूमिका नहीं निभाई है, और राम मनोहर लोहिया के रूप में खुद को ढालने का मौका मिलना सम्मान की बात थी। मैंने कन्नन और दरब के साथ मिलकर काम किया और उनके व्यापक रिसर्च को समझने की कोशिश की।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

यमन में अलकायदा के नेता खालिद अल बतरफी की मौत

सना, एजेंसी

● अमेरिका ने 50 लाख डॉलर का इनाम किया था घोषित

यमन की अल-कायदा शाखा के प्रमुख खालिद अल बतरफी की मौत हो गई है। आतंकवादी समूह ने रविवार देर रात यह जानकारी दी। अमेरिका सरकार ने अरब प्रायद्वीप में अल-कायदा (एक्यूएपी) समूह का नेतृत्व करने वाले खालिद अल-बतरफी पर 50 लाख डॉलर का इनाम घोषित किया था।

एक्यूएपी को उसके संस्थापक ओसामा बिन लादेन की हत्या के बाद भी सक्रिय चरमपंथी समूह की सबसे खतरनाक शाखा माना जाता रहा है। अल-कायदा ने एक वीडियो जारी किया है जिसमें अल-बतरफी को अल-कायदा के काले और सफेद झंडे में लिपटा हुआ दिखाया गया है। वीडियो में बतरफी की मौत के कारण के बारे में कोई विवरण नहीं दिया गया और उसके चेहरे पर चोट का कोई स्पष्ट निशान नजर नहीं आया। ऐसा माना जाता है कि अल-बतरफी की उम्र करीब 40 वर्ष थी। एसआईटीई इंटेलिजेंस ग्रुप' के अनुसार, आतंकवादियों ने वीडियो जारी कर बतरफी की मौत की जानकारी दी। संगठन ने यह घोषणा रमजान की पूर्व संध्या पर की। यमन में सोमवार से मुसलमानों का पवित्र माह शुरू होने वाला है। उसने घोषणा की कि अब साद बिन अतेफ अल-अवलाकी उसका नेता होगा। अमेरिका ने अवलाकी पर 60 लाख डॉलर का इनाम रखा है।

सीएए... नए कानून में क्या हैं प्रावधान

नागरिकता संशोधन विधेयक से अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई अवैध प्रवासियों को नागरिकता के लिए पात्र बनाने के लिए नागरिकता अधिनियम, 1955 में संशोधन किया गया है। नागरिकता संशोधन विधेयक 9 दिसंबर 2019 को लोकसभा में प्रस्तावित किया गया था। 9 दिसंबर 2019 को ही विधेयक सदन से पारित हो गया। 11 दिसंबर 2019 को यह विधेयक रास से पारित हुआ था। आईए जाने इसके बारे में...

प्रावधान में शामिल हैं ये शर्तें

नागरिकता अधिनियम में देशीयकरण द्वारा नागरिकता का प्रावधान किया गया है। आवेदक को पिछले 12 महीनों के दौरान और पिछले 14 वर्षों में से आखिरी साल 11 महीने भारत में रहना चाहिए। कानून में छह धर्मों (हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई) और तीन देशों (अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान) से संबंधित व्यक्तियों के लिए 11 वर्ष की जगह छह वर्ष तक का समय है। कानून में यह भी प्रावधान है कि यदि किसी नियम का उल्लंघन किया जाता है तो ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया (ओसीआई) कार्डधारकों का पंजीकरण रद किया जा सकता है।

किसे मिल सकेगी नागरिकता

सीएए लागू होने के बाद नागरिकता देने का अधिकार पूरी तरह से केंद्र सरकार के पास होगा। पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, ईसाई और पारसी धर्म से जुड़े शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता दे दी जाएगी। बता दें कि जो लोग 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत में आकर बस गए थे, उन्हें ही नागरिकता मिलेगी। इस कानून के तहत उन लोगों को अवैध प्रवासी माना गया है, जो भारत में वैध यात्रा दस्तावेज (पासपोर्ट और वीजा) के बगैर घुस आए हैं या फिर वैध दस्तावेज के साथ तो भारत में आए हैं, लेकिन तय अवधि से ज्यादा समय तक यहां रुक गए हों।

कैसे करें आवेदन

नागरिकता पाने की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन ही रखी गई है। जिसे लेकर एक ऑनलाइन पोर्टल भी तैयार किया जा चुका है। नागरिकता पाने के लिए आवेदकों को अपना वह साल बताना होगा जब उन्होंने बिना किसी दस्तावेज के भारत में प्रवेश किया था। आवेदक से किसी तरह का कोई दस्तावेज नहीं मांगा जाएगा। नागरिकता से जुड़े जितने भी मामले लंबित उन सबको ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिया जाएगा। पात्र विस्थापितों को सिर्फ ऑनलाइन पोर्टल पर जाकर अपना आवेदन करना होगा। जिसके बाद गृह मंत्रालय आवेदन की जांच करेगा और आवेदक को नागरिकता जारी कर दी जाएगी।

कानून की इन मुख्य बातों पर दें ध्यान

- नागरिकता अधिनियम, 1955 यह बताता है कि कौन भारतीय नागरिकता प्राप्त कर सकता है और किस आधार पर। कोई व्यक्ति भारतीय नागरिक बन सकता है यदि उसका जन्म भारत में हुआ हो या उसके माता-पिता भारतीय हों या कुछ समय से देश में रह रहे हों, आदि। हालांकि, अवैध प्रवासियों को भारतीय नागरिकता प्राप्त करने से प्रतिबंधित किया गया है। अवैध प्रवासी वह विदेशी होता है जो पासपोर्ट और वीजा जैसे वैध यात्रा दस्तावेजों के बिना देश में प्रवेश करता है, या वैध दस्तावेजों के साथ प्रवेश करता है, लेकिन अनुमत समय अवधि से अधिक समय तक रहता है।
- विदेशी अधिनियम, 1946 और पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम, 1920 के तहत अवैध प्रवासियों को कैद या निर्वासित किया जा सकता है। 1946 और 1920 अधिनियम केंद्र सरकार को भारत के भीतर विदेशियों के प्रवेश, निकास और निवास को विनियमित करने का अधिकार देते हैं। 2015 और 2016 में, केंद्र सरकार ने अवैध प्रवासियों के कुछ समूहों को 1946 और 1920 अधिनियमों के प्रावधानों से छूट देते हुए दो अधिसूचनाएं जारी की थीं। ये समूह अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई हैं, जो 31 दिसंबर 2014 को या उससे पहले भारत आए थे। इसका मतलब यह है कि अवैध प्रवासियों के इन समूहों को निर्वासित नहीं किया जाएगा।

एक नजर

चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने घाटी पहुंचे मुख्य निर्वाचन आयुक्त

श्रीनगर। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने के लिए तीन दिवसीय यात्रा पर सोमवार को जम्मू-कश्मीर पहुंचे। आम चुनाव अप्रैल-मई में होने की संभावना है। अधिकारियों ने कहा कि कुमार और निर्वाचन आयोग के नौ अन्य अधिकारियों की टीम का सोमवार को कोई औपचारिक कार्यक्रम निर्धारित नहीं है। उन्होंने बताया कि समीक्षा प्रक्रिया के तहत टीम मंगलवार को नागरिक प्रशासन और पुलिस अधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक करेगी।

अमेरिका के आर्कंसा में गोलीबारी तीन लोगों की मौत, कई घायल

जोन्सबोरो (अमेरिका)। अमेरिका के आर्कंसा राज्य में एक निजी पार्टी के दौरान गोलीबारी हुई। घटना में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। जोन्सबोरो पुलिस ने फेसबुक पर एक पोस्ट में बताया कि जोन्सबोरो में घटनास्थल पर कई पीड़ित घायल अवस्था में मिले, जिन्हें गोलियां लगी थीं। पुलिस के अनुसार, हमलावर के परिचित एक पुरुष और एक महिला की मौत हो गई। घटना में हमलावर की भी मौत हुई है। घायल एक अन्य व्यक्ति को भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने कहा मामले की जांच की जा रही है।

ऑस्ट्रेलिया से न्यूजीलैंड जा रहे विमान में लगे झटके, 50 घायल

सिडनी। सिडनी से न्यूजीलैंड जा रहे चिली के एक विमान में सोमवार को अचानक तेज हलचल होने के कारण लगभग 50 यात्री घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि यह सब इतना अचानक हुआ कि किसी को भी संभलने का समय नहीं मिला। मीडिया के मुताबिक, लताम एयरलाइंस ने एक बयान में कहा कि उड़ान के दौरान एक तकनीकी खराबी हुई, जिसके कारण जोरदार हलचल हुई। हालांकि, इसके बारे में ज्यादा विस्तार से नहीं बताया गया कि आखिर हुआ क्या था। जब उड़ान ऑकलैंड में उतरी, तो पैरामेडिक्स और 10 से अधिक आपातकालीन वाहनों ने यात्रियों की मदद की और उन्हें बाहर निकाला।

बेहिसाबी नकदी रखने के आरोप में सात लोगों को किया गिरफ्तार

आइजोल। मिजोरम के लॉन्गतलाई जिले में बेहिसाबी नकदी रखने के आरोप में म्यांमार के तीन नागरिकों समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। असम राइफल्स ने कहा- खुफिया सूचना के आधार पर आरडीएस बंगतलांग जंक्शन के पास एक पिकअप ट्रक में सवार सात लोगों को पकड़ा है। गिरफ्तार लोगों के पास से कुल 2.86 लाख रुपये की भारतीय मुद्रा तथा 4.7 करोड़ म्यांमार क्यात जब्त किया है। नकदी लाने-ले जाने में इस्तेमाल किए गए पिकअप ट्रक को भी जब्त किया गया है। असम राइफल्स ने बताया है कि मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

मोदी के अरुणाचल दौरे से बौखलाया चीन, जंगनान भारत का हिस्सा नहीं

चीन ने कहा-सीमा विवाद अभी हल नहीं हुआ है, भारत को विकास का अधिकार नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में पूर्वोत्तर राज्य अरुणाचल प्रदेश का दौरा किया था। इस दौरान पीएम मोदी ने हजारों करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इनमें सबसे खास सामरिक रूप से महत्वपूर्ण, बहुप्रतीक्षित और दुनिया के सबसे ऊंचाई (13000 फीट) पर बनी सबसे लंबी सुरंग (सेला पास) थी। उनके इस दौरे के बाद चीन बौखला गया है।

चीन ने उनके इस दौरे को लेकर भारत के समक्ष विरोध दर्ज कराया है। चीन ने अरुणाचल प्रदेश पर अपने अधिकार का दावा करते हुए कहा कि भारत के इस कदम से सीमा विवाद और जटिल ही होंगे। भारत को चीन के जंगनान क्षेत्र को मनमाने ढंग से विकसित करने का कोई अधिकार नहीं है। हालांकि भारत ने हमेशा उसके इन दावों को खारिज किया है। सोमवार को एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शनिवार को हुई अरुणाचल प्रदेश की यात्रा पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि जंगनान (अरुणाचल प्रदेश) क्षेत्र चीनी क्षेत्र है। चीन ने भारत द्वारा अवैध रूप से स्थापित तथाकथित अरुणाचल प्रदेश को कभी मान्यता नहीं दी और वह इसका दृढ़ता से विरोध करता है। उन्होंने कहा कि चीन-भारत सीमा प्रश्न अभी तक हल नहीं हुआ है। भारत को चीन के जंगनान क्षेत्र को मनमाने ढंग से विकसित करने का कोई अधिकार नहीं है।

प्रधानमंत्री मोदी ने किया था शनिवार को दौरा

पीएम मोदी ने बीते शनिवार को अरुणाचल प्रदेश का दौरा कर हजारों करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया था। इनमें सबसे खास सामरिक रूप से महत्वपूर्ण, बहुप्रतीक्षित और दुनिया के सबसे ऊंचाई पर बनी सबसे लंबी सुरंग (सेला पास) थी। इस सुरंग का रणनीतिक रुप से काफी महत्व है। यह रणनीतिक रूप से स्थित तवांग को हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करेगी और सीमावर्ती क्षेत्र में सैनिकों की बेहतर आवाजाही सुनिश्चित करेगी। असम के तेजपुर को अरुणाचल प्रदेश के पश्चिम कामेंग जिले से जोड़ने वाली सड़क पर बनी 825 करोड़ की सुरंग को इतनी ऊंचाई पर दुनिया की सबसे लंबी द्वि-लेन सड़क सुरंग माना जा रहा है।

अरुणाचल पर अपना दावा करता है ड्रैगन

भारत-चीन के बीच जिन क्षेत्रों को लेकर विवाद है, उनमें अरुणाचल प्रदेश भी है। चीन का दावा है कि भारत जिस इलाके को अरुणाचल प्रदेश बताता है वो दक्षिण तिब्बत है। और इस पर उसका अधिकार है। बीजिंग ने इस क्षेत्र का नाम भी जांगनान रखा है। 1962 में यहां हमला कर उसने अरुणाचल के एक हिस्से पर कब्जा जमा लिया था। साल 2021 में उसने अरुणाचल की सीमा से लगे 15 स्थानों के नाम बदल दिए थे।

अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग

चीन पहले भी इस तरह के दावे करता रहा है। हालांकि भारत ने अरुणाचल प्रदेश पर चीन के क्षेत्रीय दावों को बार-बार खारिज किया है। भारत हमेशा से कहता रहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है। भारत ने चीन द्वारा इस इलाके का नामकरण करने के ड्रैगन के कदम को भी खारिज कर दिया था। भारत ने इस तरह के कदमों से वास्तविकता में कोई बदलाव नहीं आया है।

गाजा में युद्धविराम की फिर कोशिश करेगा अमेरिका: बाइडन

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने रविवार को रमजान से पहले दुनियाभर के मुस्लिम समुदाय को बधाई दी। उन्होंने अपने संदेश में इस्राइल-हमास संघर्ष का जिक्र करते हुए कहा कि अमेरिका इजराइल के बंधकों की रिहाई से जुड़े समझौते के तहत गाजा में कम से कम छह हफ्ते के तत्काल युद्धविराम के लिए काम करना लगातार जारी रखेगा।

बाइडन ने कहा, हम स्थायी और दूरगामी स्थिरता, सुरक्षा और शांतिपूर्ण भविष्य की दिशा में काम करना जारी रखेंगे। हम इजराइल-फिलिस्तीन के बीच दो राष्ट्र समाधान पर भी सहमति की कोशिशें जारी रखेंगे, ताकि फलस्तीन और इस्राइल के लोगों को समान स्वतंत्रता, सम्मान, सुरक्षा और समृद्धि मिले। स्थायी शांति का यही इकलौता रास्ता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका जमीन, हवाई मार्ग और समुद्र के माध्यम से गाजा में ज्यादा से ज्यादा मानवीय सहायता मुहैया कराने की अंतरराष्ट्रीय कोशिशों का नेतृत्व करना जारी रखेगा। उन्होंने कहा, यह पवित्र महीना चिंतन और एक नई शुरुआत का समय है।

राष्ट्रपति की बेटी आसिफा बनेंगी पाकिस्तान की प्रथम महिला

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान की प्रथम महिला का पद राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की बेटी को दिया जाएगा। देश के नवनियुक्त राष्ट्रपति आसिफ जरदारी ने अपनी बेटी आसिफा भुट्टो जरदारी को देश की प्रथम महिला के रूप में औपचारिक मान्यता देने की फैसला किया है। आमतौर पर देश की प्रथम महिला राष्ट्रपति की पत्नी होती है।

देखा जाए तो यह पहली बार होगा कि किसी पाकिस्तानी राष्ट्रपति ने प्रथम महिला के पद के लिए अपनी बेटी की घोषणा की है। इस ऐतिहासिक कदम ने आसिफा भुट्टो को प्रथम महिला के प्रतिष्ठित पद पर पहुंचा दिया है, जो देश के राजनीतिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय है। मीडिया के अनुसार, आधिकारिक घोषणा के बाद, आसिफा भुट्टो जरदारी को प्रथम महिला के अनुरूप प्रोटोकॉल और विशेषाधिकार दिए जाएंगे। यह निर्णय विशेष रूप से उल्लेखनीय है क्योंकि आसिफा भुट्टो प्रथम महिला का पद संभालने वाली किसी राष्ट्रपति की पहली बेटी बनने जा रही हैं।

गार्सेटी ने एक हजार वीजा आवेदकों का किया साक्षात्कार

नई दिल्ली। भारत में अमेरिकी दूतावास ने एक हजार पर्यटक वीजा आवेदकों के साक्षात्कार के लिए शनिवार यानी की नौ मार्च को अपने दरवाजे खोले। फिंगरप्रिंट के सत्यापन प्रक्रिया में सहायता करने के लिए राजदूत एरिक गार्सेटी ने दूतावास टीम की कमान संभाली। यह 2024 में आयोजित 'सुपर सैटरडे' वीजा प्रसंस्करण कार्यक्रम का हिस्सा है। मुंबई वाणिज्य दूतावास ने भी नौ मार्च को अपने दरवाजे खोल दिए थे।

बर्फ का पहाड़ बना बाधा...

मनाली : अटल टनल यातायात के लिए बंद है, लेकिन आपात स्थिति के लिए सड़क से बर्फ हटाने का कार्य जारी है। भारी हिमपात होने से जनजीवन अस्त व्यस्त है। पहाड़ी हिस्सों में जगह जगह हिमस्खलन हो रहा है। अटल टनल के उत्तरी पोर्टल के पास हुए हिमस्खलन से मनाली केलंग राष्ट्रीय राजमार्ग से बर्फ हटाते सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के कर्मी और कार्यकर्ता। ● एजेंसी

अमेरिका में चार भारतवंशी महिलाओं को किया सम्मानित

न्यूयार्क। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर चार प्रमुख भारतीय और भारतीय-अमेरिकी महिलाओं को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनकी उपलब्धियों और समाज में योगदान के लिए दिया गया है।

न्यूयार्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास और फेडरेशन आफ इंडियन एसोसिएशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में महारानी राधिकाराजे गायकवाड़, नीना सिंह, डां. इंदू ल्यू और मेघा देसाई को सम्मान दिया है। गायकवाड़ अपने परोपकारी कार्यों के माध्यम से शिक्षा और सामुदायिक सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध हैं। नीना सिंह न्यूजर्सी में पहली भारतीय और सिख महिला मेयर हैं। ल्यू क्लीनिकल ने स्वास्थ्य सेवा में असाधारण नेतृत्व का प्रदर्शन किया।

नदारद कर्मचारियों ने अपने स्थान पर दूसरों को काम पर रखा, कार्रवाई

आईजोल, एजेंसी

● लालडुहोमा सरकार ने तीन हजार सरकारी कर्मचारियों पर की कार्रवाई

मिजोरम के सरकारी विभाग में लगभग तीन हजार से ज्यादा कर्मचारियों ने अपने स्थान पर दूसरे लोगों को काम पर रखा है, जो विभिन्न विभागों में काम करते हैं। खासकर ग्रामीण इलाकों में, उनके स्थान पर अवैध रूप से कर्मचारी काम कर रहे हैं। विभिन्न विभागों द्वारा सरकार को सौंपी गई रिपोर्ट में इन अनियमितताओं का खुलासा हुआ है।

पिछले साल दिसंबर में सत्ता संभालने के तुरंत बाद, मुख्यमंत्री लालदूहोमा के नेतृत्व वाली जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) सरकार ने प्रॉक्सी कर्मचारियों के बारे में जानकारी मांगी और उन्हें जनवरी तक रिपोर्ट करने को कहा। अधिकारियों ने कहा कि विसंगतियों के बारे में अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्कूल शिक्षा विभाग में सबसे अधिक 1,115 स्थानापन्न कर्मचारी हैं, इसके बाद स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग में 624 और बिजली विभाग में 253 प्रॉक्सी हैं।

मीडिया के मुताबिक, जिन लोगों ने स्थानापन्न कर्मचारियों को काम पर रखा था, उनमें से 2,070 सरकारी कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें स्वास्थ्य कारणों से ऐसा करना पड़ा, जबकि 703 ने घरेलू समस्याओं का हवाला दिया।

हरियाणा के रेवाड़ी में वाहनों की टक्कर से 6 की मौत, कई घायल

रेवाड़ी। हरियाणा के रेवाड़ी में देर रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। हादसे में छह लोगों की मौत हुई है, जबकि अन्य छह लोग घायल हुए हैं। हादसे का शिकार हुए सभी लोग खाटू श्याम के दर्शन करके लौट रहे थे। सभी मृतक उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में दिल्ली सीमा के पास स्थित एक सोसायटी के निवासी थे।

जो खाटू श्याम से लौट रहे थे। हादसे में ड्राइवर विजय, शिखा, पूनम, नीलम और रंजना कपूर की जान चली गई। परिवार जब अस्पताल में पहुंचा तो इस दौरान शवों को देखकर चीख पुकार मच गई जैसे-तैसे साथ में आए लोगों ने एक दूसरे को संभाला। रेवाड़ी के पास एसयूवी ने पीछे से टक्कर मार दी। शादी से लौट रहे एसयूवी में सवार भी घायल हुए हैं।

विज्ञान एक दशक पहले से ही वैज्ञानिक दूरबीनों के निर्माण की जुगत में लगे हैं, अब एनएसएफ की आर्थिक मदद पर निर्भर

सबसे बड़ी दूरबीनों का निर्माण अधर में लटका, भारत की 10% हिस्सेदारी

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : निर्माणाधीन दुनिया की सबसे बड़ी दो दूरबीनों (टीएमटी व जीएमटी) का भविष्य फंड के अभाव में अधर में लटका हुआ है। राष्ट्रीय विज्ञान फाउंडेशन (एनएसएफ) ने अपेक्षित आर्थिक मदद देने से इंकार कर देने के चलते महत्वाकांक्षी परियोजना का सपना फिलहाल अधूरा है।

टीएमटी परियोजना में भारत की दस फीसदी की हिस्सेदारी है। करीब एक दशक पहले से खगोलशास्त्री दोनों प्रमुख दूरबीनों के निर्माण के जुगत में लगे हुए हैं। जिसमें एक का नाम विशाल मैगलन टेलीस्कोप (जीएमटी) है, जबकि दूसरे का नाम तीस मीटर टेलीस्कोप (टीएमटी) है। टीएमटी उत्तरी गोलार्ध में अध्ययन करेगी और जीएमटी दक्षिणी गोलार्ध की कमान संभालेगी। टीएमटी में भारत की भागीदारी है। इन दोनों दूरबीनों का निर्माण राष्ट्रीय विज्ञान फाउंडेशन की आर्थिक मदद पर निर्भर है। एनएसएफ 1.6 बिलियन डॉलर बजट देने को तैयार है। मगर खर्चा इससे कहीं अधिक होना है। यह दोनों शक्तिशाली दूरबीनें हैं, जो आधुनिक खगोल विज्ञान को आगे बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होंगी। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह दूरबीनें खोज की दिशा में आने वाली पीढ़ियों के लिए वरदान होंगी। मगर जितना बजट दिया जा रहा है, उससे एक दूरबीन ही बन सकती है। जिससे वैज्ञानिकों का दोनों गोलार्द्धों में खोज की दिशा का समावेश संभव नही है। दोनों दूरबीनों का निर्माण कार्य चल रहा है और किसी भी एक दूरबीन का कार्य बीच में छोड़ा नही जा सकता है। जिस कारण अमेरिकी खगोल विज्ञान समुदाय बेहद चिंतित है विशालकाय मैगलन टेलीस्कोप (जीएमटी) का निर्माण कार्य चिली के रेगिस्तान में चल रहा है, इसकी लागत लगभग 2.54 बिलियन डॉलर होने का अनुमान है। थर्टी मीटर टेलीस्कोप (टीएमटी) हवाई में मौना के नामक एक पर्वत में लगाए जाने की योजना बनाई गई है, लेकिन स्थानीय लोग इस दूरबीन को लगाए जाने का विरोध कर रहे हैं।

13 दूरबीनें पहले से ही क्षेत्र में मौजूद हैं और कुछ स्थानीय लोगों का कहना है कि सुविधाएं प्राकृतिक पर्यावरण को प्रभावित कर रही हैं। फ़िलहाल, दोनों टेलीस्कोप का निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है।

टीएमटी व जीएमटी दूरबीन का डिजाइन।

तेजी से चल रहा टीएमटी उपकरणों का निर्माण

टीएमटी में 492 दर्पण खंडों में से 100 का कार्य समाप्त हो चुका है। इस दूरबीन का व्यास 30 मीटर है। जीएमटी 8.4 मीटर व्यास की होगी। यह दोनों ऑप्टिकल दूरबीनें हैं। पृथ्वी की सतह पर इतनी बड़ी दूरबीन अभी तक स्थापित नही की जा सकी हैं। टीएमटी निर्माण में भारत की हिस्सेदारी का कार्य कोविड से पहले ही डिजाइन किया जा चुका है। टीएमटी हबल स्पेस टेलीस्कोप की तुलना में 12 गुना अधिक क्षमतावान होगी। बता दें, 13 दूरबीनें पहले से ही क्षेत्र में मौजूद हैं और कुछ स्थानीय लोगों का कहना है कि सुविधाएं प्राकृतिक पर्यावरण को प्रभावित कर रही हैं। फिलाहल, दोनों टेलीस्कोप का निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है।

कावेरी का पानी कर्नाटक का है, तमिलनाडु का नहीं

● जल संकट के बीच कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री ने कावेरी नदी का पानी छोड़ने पर लगाई रोक

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक की राजधानी बंगलूरू जल संकट के दौर से गुजर रही है। देश की आईटी राजधानी कहे जाने वाले शहर में लोग पानी की बूंद-बूंद को भी तरस रहे हैं।

कृष्णराज सागर के बीच उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने कावेरी नदी का पानी तमिलनाडु के लिए छोड़ने से साफ इनकार कर दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि, अभी किसी भी कीमत पर कावेरी नदी का पानी तमिलनाडु को देने का सवाल ही नहीं उठता है। कृष्णराज सागर (केआरएस) बांध से तमिलनाडु के लिए कावेरी का पानी छोड़े जाने के आरोपों को लेकर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन और आलोचना के बीच, शिवकुमार ने स्पष्ट किया कि कावेरी का पानी बेंगलुरु के लिए है, न कि पड़ोसी राज्य के लिए। जल संसाधन विभाग का भी कार्यभार संभाल रहे शिवकुमार ने कहा, अब किसी भी कीमत पर तमिलनाडु के लिए कावेरी नदी का पानी छोड़ने का सवाल ही नहीं है, हमने नहीं छोड़ा है...तमिलनाडु में कितना पानी जाता है, इसका हिसाब है। अगर आज पानी छोड़ा जाए तो वहां तक पहुंचने में चार दिन लगेंगे।

हमने कई कठोर कदम उठाए हैं: शिवकुमार

कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने कहा कि 16,000 बोरवेल में से 7,000 बोरवेल ने काम करना बंद कर दिया है। हम लोगों को पानी उपलब्ध कराने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं। बीडब्ल्यूएसएसबी, बीबीएमपी और नोडल अधिकारी इस पूरे मामले को देख रहे हैं। एक बोर्ड होगा, यह देखने के लिए कि वैध जल प्रदाता टैंकर और अवैध प्रदाता कौन हैं, जो अधिक शुल्क ले रहे हैं। पानी के संकट पर बोलते हुए डीके शिवकुमार ने कहा कि हम झुग्गियों में मुफ्त पानी उपलब्ध करा रहे हैं। भाजपा इसमें राजनीति कर रही है और हमें भाजपा के आरोपों की कोई चिंता नहीं है। भाजपा जानबूझकर राजनीति कर रही है। यह राजनीति है, जो भाजपा खेल रही है। हम तमिलनाडु को कोई पानी नहीं दे रहे हैं और हमने जारी नहीं किया है।